# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 11 जून, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-115 ■ पृष्ठ -14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### SKMCH के सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग में लगी आग

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एसकेएमसीएच अस्पताल स्थित सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग में उस समय अफरातफरी मच गई जब भवन के खिड़की हिस्से में अचानक आग लग गई. घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग के पिछले हिस्से में पहले फ्लोर पर स्थित नर्स ड्यूटी रूम की खिड़की में लगे एडजस्टिंग फैन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई. देखते ही देखते खिड़की के आसपास धुआं और आग की लपटें उठने लगीं।

### रोहतास में प्रशिक्षु सिपाही की मौत

**रोहतास।** रोहतास से दर्दनाक मामला सामने आया है. डेहरी के पुलिस लाइन में कल (मंगलवार) ट्रेनिंग के दौरान दौड़ लगाने के क्रम में हीट वेव की चपेटे में आने से बीमार हुए प्रशिक्षु सिपाही श्रीराम कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई.पटना एम्स में इलाज के दौरान श्रीराम कुमार ने अंतिम सांस ली. मृतक प्रशिक्षु सिपाही समस्तीपुर जिला के पटोरी थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव का रहने वाला था।

### फैसल खान के दो गार्ड को कोर्ट से राहत नहीं

**पटना।** रौशन आनंद ने डिस्ट्रिक्ट जज के यहां जमानत याचिका लगाई है। कल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास ने बेल को खारिज कर दिया था। 2 जून को खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के बाद पुलिस ने 3 जून को रौशन आनंद को गिरफ्तार किया था। रौशन आनंद की रिहाई की मांग को लेकर छात्र 3 बार पटना में प्रदर्शन भी कर चुके हैं। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि 'बिना किसी जांच कमिटी के आप किसी को जेल में डाल देते हैं।

### बिहार में 13 तक भारी बारिश की चेतावनी

**पटना।** मौसम विभाग ने 13 जून तक बिहार में बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर लोगों के फोन पर वॉर्निंग मैसेज भी भेजा गया है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से 13 तारीख तक उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।साथ ही, 11 और 12 जून, 2026 को तेज हवाओं (50-60 किमी/घंटा) के साथ आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की भी आशंका है।

### दरभंगा : कोशी नदी में नाव पलटी, 1 की मौत, 3 लापता

**दरभंगा।** दरभंगा के जमालपुर में बुधवार सुबह करीब 7 बजे कोसी नदी में एक नाव पलट गई। नाव में सवार 4 लोग लापता हैं, जिसमें एक महिला का शव घटनास्थल से 5 किमी दूर बरामद किया गया है। मृतक महिला की पहचान कंचन देवी के रूप में की गई है। वहीं, 7 लोग तैरकर किनारे पहुंचे और अपनी जान बचाई। घटना बनरी ढलान के पास की है।

# बिहार के 94 लाख लोगों के खाते में भेजा गया 1100 करोड़

## गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों की सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : सम्राट



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित डीबीटी कार्यक्रम के तहत राज्य के 94 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में 1100 रुपए प्रति माह की दर से लगभग 1100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद तबकों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना हमारी सरकार का दायित्व है। हमने पिछली सरकार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को 400 रुपए से बढ़ाकर सीधे 1100 रुपये प्रति माह किया था। हम 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों, सभी विधवाओं एवं निःशक्तजनों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ देते हैं। सभी लाभुकों को यह राशि हर माह निश्चित समय पर प्राप्त हो, इसके लिए पीएम मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के सुअवसर पर इन योजनाओं के 94 लाख से अधिक लाभुकों को 1100 रुपये प्रति माह की दर से आज हम लगभग 1100 करोड़ रुपये की राशि उनके खाते में भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे हर महीने की 10 तारीख को हमारी सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों के खाते में यह राशि अंतरित करती रहेगी। इसके आलावे विभिन्न प्रकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सरकार सभी जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहने के लिए कृतसंकल्पित है।

सीएम ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग जिन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, वे लाभ प्राप्त करने के लिए शीघ्र आवेदन करें। साथ ही आधार कार्ड लिंक नहीं होने के कारण पेंशन से वंचित लोग भी जल्द अपना आधार लिंक कराकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करें।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, स्थानिक आयुक्त मनोज कुमार उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास, सभी जिलों के डीएम एवं लाभार्थीगण जुड़े हुये थे।

# टेंडर घोटाला : विजिलेंस ने रिशु श्री के तीन मददगार को दबोचा

## तारिणी दास, मुमुक्षु चौधरी और उमेश कुमार सिंह गिरफ्तार

### आईएएस संजीव हंस की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी



**पटना।** बिहार में हुए टेंडर घोटाला में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने कार्रवाई करते हुए 3 बड़ी गिरफ्तारी की है। इन सब पर भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई हुई है। इसमें भवन निर्माण विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर तारिणी दास, वित्त विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी और नगर विकास विभाग के तहत बुडको के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर उमेश कुमार सिंह शामिल हैं। इन तीनों के पास से भ्रष्टाचार के जरिए काली कमाई के कुल 11.53 करोड़ रुपए मिले थे। बुधवार को एसवीयू के एडीजी पंकज कुमार दराद ने इसकी पुष्टि की है।

**हंस पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी :** एसवीयू सूत्रों के अनुसार आईएएस संजीव हंस पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। एक टीम ऊर्जा स्टेडियम के पास स्थित सरकारी आवास पर गई थी। फिर इनकी तलाश में टीम पुरानी सचिवालय में राजस्व पर्षद के ऑफिस भी गई। संजीव हंस दोनों ही जगह पर जांच एजेंसी को नहीं मिले। हालांकि, मंगलवार को वो ऑफिस गए थे। संभावना जताई जा रही है कि गिरफ्तारी के डर से वो फरार हो गए हैं।

**मामले में अब तक 5 लोगों की गिरफ्तारी :** रिशुश्री से जुड़े टेंडर घोटाला मामले में अब तक एसवीयू ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी रिशु श्री की थी। दूसरी गिरफ्तारी इसके सहयोगी संतोष की हुई थी। आज तीन और बड़ी गिरफ्तारी की है। एडीजी ने स्पष्ट कर दिया है कि टेंडर घोटाला की जांच चल रही है। जिन लोगों के खिलाफ सबूत मिलेंगे, उन पर कानूनी शिकंजा कसेगा। भ्रष्टाचार के खेल में शामिल लोगों की गिरफ्तारी होगी।

**कौन है रिशु श्री :** एसवीयू ने 27 मई को राजधानी में रिशु श्री के ठिकाने पर छापेमारी की थी। 28 मई को रिशु श्री को गिरफ्तार कर विशेष निगरानी कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेज दिया गया। छापेमारी के दौरान रिशु श्री के घर से करोड़ों रुपए के जेवरात और लाखों रुपए कैश मिले थे।

### तारिणी और मुमुक्षु पर लगे थे भ्रष्टाचार के आरोप

इन सभी पर सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसा था। भ्रष्टाचार कर टेंडर मैनेज के खेल की जांच की थी। तब कई इंजीनियर्स और अफसरों के नाम सामने आए थे। इसी प्रकरण में मिले लीड के आधार पर ईडी की टीम ने 2025 में भवन निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर तारिणी दास के ठिकानों पर छापेमारी कर 8.53 करोड़ रुपया कैश बरामद किया था। इसी तरह वित्त विभाग के संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी के ठिकाने पर छापेमारी कर 2 करोड़ रुपया कैश बरामद किया था। बाद में इन दोनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस एसवीयू ने दर्ज किया और इसकी पड़ताल अब भी जारी है। इसी तरह बुडको के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर उमेश कुमार सिंह के ठिकानों पर कार्रवाई की थी। इनके पास से एक करोड़ रुपया कैश बरामद हुआ था। बता दें पूर्व चीफ इंजीनियर तारिणी दास और वित्त विभाग के संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी पर सरकारी नौकरी में रहते हुए भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगे थे। इसी वजह से प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दोनों के खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज हुई थी।

# अररिया में भीषण सड़क हादसा चार की मौत, कई लोग घायल



**अररिया (एनएसबी)।** अररिया-पुर्णिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को नगर थाना अंतर्गत कुसियार गांव पार्क के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। मिली जानकारी अनुसार एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराई और फिर दूसरी लेन में पहुंचकर सामने से आ रही मारुति ब्रेजा से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान पुर्णिया जिले के अमौर प्रखंड अंतर्गत सकमा बिशनपुर निवासी मयानंद झा (60), शांति देवी (60) और गौतम कुमार ठाकुर उर्फ रंतू (49) बताया जा रहा है कि तीनों आपस में मां-बेटे और चाचा के रिश्ते में थे। इस घटना में साइकिल सवार कोनेन अख्तर, पिता जाहिद ( गैयारी, अररिया ) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो पर सवार छह लोग मधेपुरा जिले के रामनगर में एक रिश्तेदार के क्रियाकर्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में चालक, वाहन से नियंत्रण खो बैठा। दुर्घटना में स्कॉर्पियो और ब्रेजा दोनों वाहनों में सवार कुल 10 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल अररिया पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। घायलों में जवाहर झा (60), लक्ष्मी ठाकुर (43) और मधु लता देवी (55) समेत कई लोग शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना एवं यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है।

# गयाजी में विजिलेंस ने चौकीदार को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा

## अरकके इशारे पर घूस मांगने का आरोप



**गयाजी (एनएसबी)।** गयाजी में विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है. जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में निगरानी विभाग की टीम ने एक चौकीदार को 9 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तारे कर लिया. गिरफ्तार चौकीदार की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई है।

मामले के तार थाने के एक सहायक पुलिस अवर निरीक्षक (अरक) से भी जुड़े बताए जा रहे हैं. वहीं निगरानी विभाग के डीएसपी समीर चंद्र झा ने बताया कि बेलागंज थाना कांड संख्या 689/23, जो एक जमीन विवाद से संबंधित है, में परिवादी रविंद्र यादव पनारी गांव निवासी से पैसे की डिमांड की जा रही थी. पुत्र का नाम केस से हटाने के एवज में कुल 12 हजार रुपये रिश्वत मांगी गई थी.परिवादी का आरोप है कि 3 हजार रुपये पहले ही लिए जा चुके थे, जबकि शेष 9 हजार रुपये की मांग की जा रही थी. जिसके बाद शिकायत निगरानी विभाग को की गई. जिसके बाद निगरानी विभाग ने पूरी प्रक्रिया को कंप्लीट करने के बाद एक्शन लिया. इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. परिवादी की शिकायत पर निगरानी विभाग ने गोपनीय सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

# TMC के बागी सांसदों की शत्रुघ्न व यूसुफ पठान का भी नाम



**कोलकाता (एजेंसी) :** ममता बनर्जी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. विधायकों के बाद अब बड़ी संख्या में सांसद भी बागी हो गए हैं. ऐसे ही 19 सांसदों की लिस्ट सामने आई है, जिनमें अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है।

बताया जा रहा है कि इन सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को हस्ताक्षर कर-के एक पत्र सौंपा है. हालांकि इस संबंध में पार्टी की ओर से आधिकारिक पुष्टि या विस्तृत प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आई है.इस सूची के सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में चचाओं का दौर तेज हो गया है. कारण, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के कुल 28 सांसद हैं. ऐसे में यदि बागी खेमे के 19 सासंदों के दावे सही साबित होते हैं, तो यह टीएमसी के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जाएगा. फिलहाल सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि पार्टी नेतृत्व इस घटनाक्रम पर क्या रुख अपनाता है और सूची में शामिल बताए जा रहे सांसद सार्वजनिक रूप से क्या प्रतिक्रिया देते हैं. सूत्रों के मुताबिक बागी सांसदों ने फिलहाल ळटउ से इस्तीफा न देने या औपचारिक रूप से इखढ में शामिल न होने का फैसला किया है. इसके बजाय, वे ठउ्अ को समर्थन देने वाले एक अलग गुट के तौर पर काम करने की योजना बना रहे हैं. जानकारों का कहना है कि यह कदम दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने से बचने के लिए उठाया गया है. बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को काकोली घोष के नेतृत्व में एक अलग संसदीय गुट बनाने के बारे में पहले ही सूचित कर दिया है।

### 'काबा-मदीना' वाली सायोनी घोष भी हुई बागी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगने की बात सामने आ रही है. दीदी की बेहद खास और लोकप्रिय सांसद सायोनी घोष का नाम भी बागियों की लिस्ट में बताया जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक जादवपुर से सांसद और पार्टी की चर्चित युवा नेता सायोनी ने वरिष्ठ सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व वाले असंतुष्ट गुट को अपना समर्थन दे दिया है. इतना ही नहीं, उन्होंने कथित तौर पर बागी गुट के समर्थन से जुड़े दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर किए हैं. अगर यह जानकारी सही साबित होती है तो यह ममता बनर्जी के लिए हाल के दिनों का सबसे बड़ा राजनीतिक झटका माना जाएगा।

### सुष्मिता देव ने छोड़ी TMC, राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा



ममता बनर्जी को एक और तगड़ा झटका लगा है. TMC की एक और राज्यसभा सांसद ने ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया है. जी हां, टीएमसी की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इससे पहले सुखेंदु शेखर रॉय ने राज्यसभा से इस्तीफा दिया था. इस तरह से एक सप्ताह में ममता बनर्जी को दूसरा झटका लगा है. गौरतलब है कि बंगाल में मिली हार के बाद लगातार ममता बनर्जी की टीएमसी पर पकड़ कमजोर होती जा रही है।



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने 78वां जन्मदिन पूरे परिवार के साथ मनाया। बुधवार को रात 12:00 बजे के बाद सोशल मीडिया पर केक काटते हुए तस्वीर साझा करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लिखा- 'हैप्पी बर्थडे पापा!'

# जब 'नेशन फर्स्ट' की भावना से काम होता है तो कोई निर्णय कठिन नहीं होता : प्रधानमंत्री

## पीएम मोदी ने 4399 दिन प्रधानमंत्री रहकर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर भारत मंडपम में आयोजित NDA बैठक में उनका सम्मान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 12 साल में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ। इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति, न नीयत और न ही निर्णय। नाकामी कांग्रेस की थी लेकिन कलंक हिंदू आबादी पर लगाया गया। उन्होंने कहा कि दल से बड़ा देश है और जब नेशन फर्स्ट की भावना से काम होता है, तो कोई भी निर्णय कठिन नहीं होता। ऐसे फैसले, जिन्हें पहले असंभव समझा गया और जो देश के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य थे, हमने बहुत ही सधे हुए तरीके से उन फैसलों को भी लिया। पहले की सरकारें अनुच्छेद 370 की बात करने से डरती थीं, हमने अनुच्छेद 370 हटाकर पूरे देश में संविधान को समान रूप से लागू किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम मध्यम वर्ग के सामने आने वाली चुनौतियों और बेहतर भविष्य की उनकी आकांक्षाओं को समझते हैं। उनकी सहायता के लिए, 12 लाख रुपए प्रति वर्ष तक की आय अब कर मुक्त है। आज देश एक सरल और पारदर्शी कर प्रणाली से लाभान्वित हो रहा है। बेहतर बुनियादी ढांचे ने दैनिक जीवन को आसान बना दिया है, और पिछले 12 वर्षों में मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र किसी भी राजनीतिक दल से बड़ा है, और जब हम 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से काम करते हैं, तो कोई भी निर्णय कठिन नहीं होता।

### पाकिस्तान ने फिर अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइक

# 13 लोगों की मौत 11 बच्चे शामिल

**अफगानिस्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से सटे इलाकों में हवाई हमले कर दिए. इन हमलों में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं, जो पाकिस्तान का घिनौना चेहरा बेनकाब करने वाला है। अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखकर जानकारी दी है कि पाकिस्तानी सेना ने कल रात एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पकतिका प्रांतों में आम नागरिकों के घरों पर बमबारी की.इन हमलों में 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई. खोस्त प्रांत के एक अधिकारी ने बताया कि स्पेरा जिले में एक घर पर हुए हमले में 9 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए. पक्तिका प्रांत में एक अलग हमले में 3 लोगों की मौत हुई. अफगानिस्तान के इन आरोपों पर पाकिस्तान की सेना ने अभी तक इन हमलों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## खबरें : एक नजर में

### रिशु श्री टेंडर घोटाले के मामले में अधिकारियों को बचाने की कवायद चल रही है : एजाज अहमद

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि रिशु श्री टेंडर घोटाले के मामले पर छोटी मछलियों को पकड़ा जा रहा है। इस मामले में बड़े पदाधिकारियों को बचाने की कवायद चल रही है। आखिर क्या कारण है कि रिशु श्री टेंडर घोटाला मामले में एक दर्जन से ज्यादा रसूखदार अधिकारियों के नाम हैं, लेकिन ना ही उसकी जांच की जा रही है और ना ही उन लोगों की गिरफ्तारी हो रही है। न ही सरकार उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई कर रही है। सरकार सिर्फ छोटी मछलियों को गिरफ्तार कर खाना पूर्ति कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि रिशु श्री ने कई हजार करोड़ का टेंडर घोटाला किया है। वह इतना बड़ा माफिया था कि अधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग भी वह अपने मन मुताबिक करवाता था। यह सब कुछ सामने आ गया है, तो फिर बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई करने का काम सरकार क्यों नहीं कर रही है। एजाज अहमद ने आगे कहा कि, जब तक बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई राज्य सरकार नहीं करेगी, ये सिर्फ खानापूरी कर मामले की लीपा पोती करने में लगी हुई है, ताकि मामले को दूसरे दिशा में भटकाया जा सके और भ्रष्टाचारी पदाधिकारी को बचाया जाए।


एजाज अहमद।

### प्रधानमंत्री के कार्यकाल का 12 वर्ष पुरा होने पर एससी-एसटी मंत्री ने मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 12 वर्ष पुरा होने पर मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की है। बुधवार की सुबह मंत्री पटना के बेली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। साथ ही प्रधानमंत्री को उनके ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब तक सबसे अधिक समय तक देश की सेवा करने वाले पहले प्रधान सेवक बन गए हैं। मंत्री ने भगवान से प्रधानमंत्री के बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस दौरान उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को सरकार की बड़ी सफलता बताया।

## सीयूएसबी के भूगोल विभाग द्वारा 'एक जिला एक फसल' विषय पर कार्यशाला आयोजित, किसानों की आय दोगुनी करने पर जोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के भूगोल विभाग द्वारा आईसीएसएसआर प्रायोजित लघु शोध परियोजना के निष्कर्षों को साझा करने हेतु एक जिला एक फसल : गया जिले में सतत आजीविका के लिए किसानों की आय दोगुनी करना विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में किसानों, नीति-निर्माताओं, कृषि अधिकारियों, शोधकर्ताओं तथा शिक्षाविदों ने भाग लिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. के एन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालयों को केवल कक्षाओं और प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर समाज की समस्याओं के समाधान में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

मुख्य अतिथि के रूप में केवीआईसी पूर्वी क्षेत्र, झारखंड के पूर्व सदस्य मनोज कुमार सिंह ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) पहल तथा कौशल विकास एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

गया के जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदानों एवं सहायता कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा जिले में मशरूम उत्पादन के विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की।

जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में परियोजना निदेशक डा. मनजीत सिंह ने उद्घाटन सत्र में परिचयात्मक वक्तव्य दिया तथा अध्ययन के लिए गया जिले के चयन के कारणों को स्पष्ट किया। समापन सत्र में शोध के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए डा. मनजीत सिंह ने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों के बीच मशरूम उत्पादन सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है तथा टेकारी, बोधगया, मानपुर और खिजरसराय इसके प्रमुख क्लस्टर के रूप में उभरकर सामने आए हैं। शोध सहायक सुश्री मौमिता कुंडू ने अध्ययन के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली को प्रस्तुत किया।

# किशोर न्याय और विधिक सहायता को सुदृढ़ बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बच्चों, किशोरों, विचाराधीन बंदियों तथा अन्य वंचित समुदायों के लिए न्याय तक पहुँच को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सामाजिक संगठन पैरवी द्वारा एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना में राज्यस्तरीय हितधारक संवाद का आयोजन किया गया। बाधाओं को तोड़ते हुए, भविष्य का निर्माण , किशोर न्याय एवं विधिक सहायता को सुदृढ़ बनाना विषयक इस संवाद में न्यायपालिका, विधिक सेवा संस्थानों, किशोर न्याय तंत्र, पुलिस प्रशासन, बाल संरक्षण संस्थाओं, नागरिक समाज संगठनों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पैरवी के दीनबंधु वत्स ने कहा कि न्याय तक पहुँच केवल कानूनी अधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय व्यवस्था, विधिक सहायता सेवाओं तथा सामुदायिक भागीदारी को मजबूत किए बिना बच्चों और कमजोर समुदायों के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।



कार्यक्रम में अतिथि एवं आयोजक।

प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि किशोर न्याय व्यवस्था की सफलता का आकलन इस बात से होना चाहिए कि वह बच्चों को कितनी जल्दी न्याय, संरक्षण और पुनर्वास उपलब्ध करा पाती है। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय बोर्डो में लंबित मामलों को कम करना, गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करना तथा बच्चों के पुनर्वास के लिए समुदाय आधारित तंत्र को मजबूत करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों के सर्वोत्तम हित के सिद्धांत को केंद्र में रखकर कार्य करने का आह्वान किया।

### हितधारक संवाद में न्याय तक पहुँच, पुनर्वास और संस्थागत समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

मुख्य अतिथि अविनाश कुमार, संयुक्त सचिव, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि विधिक सहायता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना सभी संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने विधिक सहायता सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सिंह ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और बाल-अनुकूल न्याय प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लॉ फाउंडेशन के प्रवीण कुमार सहित अधिवक्ता शशि शर्मा, नवाजुल हक, संतोष कुमार, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य डा. संगीता कुमारी, अधिवक्ता राज किशोर पंडित, वरिष्ठ पत्रकार विजय अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे।

संवाद के दौरान किशोर न्याय बोर्डो में मामलों की लंबितता, गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता की उपलब्धता, विचाराधीन बंदियों की स्थिति, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापन, बाल संरक्षण तंत्र की चुनौतियाँ तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि बच्चों और वंचित समुदायों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु संस्थागत सहयोग, क्षमता निर्माण, विधिक जागरूकता तथा समुदाय आधारित पहल को और मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने किशोर न्याय एवं विधिक सहायता प्रणाली को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में शामिल उद्देश्य भारती के तुषारकांत उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# 30 जुलाई से 28 अगस्त तक होगा श्रावणी मेला का आयोजन

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बुधवार को पर्यटन विभाग कार्यालय में विभाग के वरीय पदाधिकारियों तथा वीडियो कन्फ्रेंसिंग से जुड़े भागलपुर, मुंगेर व बांका के जिला पदाधिकारियों के साथ श्रावणी मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पर्यटन सचिव ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त के मध्य आयोजित किया जाना है।

पर्यटन विभाग के द्वारा श्रावणी मेला में कांवरियों के लिए टेंट सिटी, शौचालय, स्नानघर, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं, कांवर स्टैंड, सूचनाएं और मनोरंजन आदि की व्यवस्था की जानी है। इस बार श्रावणी मेला पथ को पूरी तरह शिवमय बनाने हेतु सभी पदाधिकारीगण कार्ययोजना बनाकर कार्य को शीघ्र अंतिम रूप दें। बाबा अजगैबीनाथ मंदिर, सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा तक मेला पथ में जगह-जगह भव्य गेट, विशेष लाइटिंग, साज-सज्जा और शिवमंत्रों के जाप की ध्वनि की अनुगूंज हो, इसे ध्यान में रखते हुए अजगैबीनाथ, सुल्तानगंज सहित सभी टेंट सिटी में वहां की व्यवस्था के अनुरूप लाइट एंड साउंड शो, फाउंटेन शो, लेजर शो, ड्रोन शो आदि के माध्यम से श्रावणी मेला की महिमा का बखान किया जाए।


बैठक करते पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह व अन्य।

श्रावणी मेला में सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा के मध्य कांवरियों श्रद्धालुओं के आवासन के लिए बाबा अजगैबीनाथ, सुल्तानगंज में पूर्व के 200 की जगह पर 500 बेड, बांका जिलान्तर्गत अबरखा में 600 बेड, पहली बार धौरी में 200 बेड और गोड़ियारी में 250 बेड, मुंगेर के खैरा में 200 बेड, धोबई में 200 बेड के साथ पहली बार असरगंज में 300 बेड, तारापुर में 200 और संग्रामपुर में 200 के बेडयुक्त टेंट सिटी का निर्माण कराने के निदेश सचिव लोकेश कुमार सिंह ने दिए। सभी टेंट सिटी में कांवर स्टैंड, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा की पूरी व्यवस्था के साथ इस बार सभी टेंट सिटी में जीविका दीदी की रसोई की व्यवस्था की जाएगी।

### बाबा अजगैबीनाथ धाम से बिहार सीमा दुम्मा तक शिवमय होगा श्रावणी मेला पथ

### भागलपुर, मुंगेर व बांका के जिला पदाधिकारियों को सचिव ने दिए आवश्यक दिशानिर्देश

सभी टेंट सिटी में पूरे मेला अवधि में टेंट सिटी में सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सचिव ने निदेश दिया कि श्रावणी मेला के शुभारंभ और समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकार की प्रस्तुति होगी, वहीं आवासन हेतु बनाए गए सभी टेंट सिटी में प्रत्येक सोमवार को राज्यस्तरीय कलाकार और बाकी दिनों में जिलास्तरीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। कलाकारों के चयन के लिए उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति के गठन के निदेश दिए। भागलपुर में सोनपुर मेला की भांति 25 स्वीस कटेज का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन जमीन देगा।

बैठक में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, पर्यटन निदेशक सह विशेष सचिव उदयन मिश्रा, जीविका के सीइओ हिमांशु शर्मा, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक चंदन चौहान सहित सभी संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## खबरें खास-खास

# नन्हे कलाकारों का हुनर देख दर्शकों ने कहा-वाह उस्ताद

### आर्ट फिस्टा समर कैंप के समापन के अवसर पर बाल कलाकारों ने बिखेरा जलवा



मंच संचालन सुविख्यात उद्घोषक सह गायक गोविंद वल्लभ ने किया।



अतिथि के साथ बाल कलाकार व अन्य।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आर्ट फिस्टा समर कैंप के समापन के अवसर पर दीघा आशियाना रोड के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित वाह उस्ताद स्कूल ऑफ परफर्मिंग आर्ट के द्वारा प्रस्तुतियों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया गया। इस सत्र का उद्घाटन श्री अरविंद महिला कॉलेज की सहायक प्रोफेसर डा. रजनी प्रभा एवं महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डा. स्नेहा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. रजनी प्रभा ने कहा कि संगीत आत्मिक आनंद का माध्यम है। संगीत के स्वर लय ताल से जुड़ने पर हमें मानसिक रूप से स्थिरता की अनुभूति होती है। वही विशिष्ट अतिथि डा. स्नेहा शर्मा ने कहा कि आज की पीढी में असीम प्रतिभाएं हैं। बच्चे नई नई गतिविधियों के माध्यम से कला एवं संगीत के क्षेत्र में सक्रियता दिखा रहें हैं। पढ़ाई के साथ साथ आज बच्चों को संगीत, नृत्य,पेंटिंग में से किसी एक हुनर से जोड़ना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर अमायरा, दिविशा,निशान ने स्वरों से खूब वाहवाही लूटी। वही आन्या ने कीबोर्ड पर वंदे मातरम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही अरना कश्यप, आदि श्री, आन्या श्रीवास्तव, गंगा दुबे, ममता सिंह,, सुभर्थी कोले ने नयनाभिराम नृत्य प्रस्तुत किया। स्वयं प्रकाश ने स्वतंत्र तबला वादन व कुमारी अनिशा ने कथक नृत्य से समां बाँधा। श्रेया पांडे ने गजल व उनकी गुरु संगीत विदुषी बिमला देवी ने शास्त्रीय गायन से तालियां बटोरी। आयुष्मान सिंह व पार्थ सारथी ने ललित कला के शिक्षक विकास कुमार के निर्देशन में पेटिंग प्रदर्शनी लगाया। मंच संचालन सुविख्यात उद्घोषक सह गायक गोविंद वल्लभ व धन्यवाद ज्ञापन संस्था की निदेशक निशा कुमारी ने किया।

### गृह रक्षा वाहिनी सेवा अधिनायक लिपिक पद हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में कई दबोचे गए

**पटना / एनएसबी।** गृह रक्षा वाहिनी सेवा अधिनायक लिपिक पद हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में विभिन्न केंद्रों पर मोबाइल और ब्लू टूथ के साथ और एक स्कालर दबोचा गया। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में आम अभ्यर्थी से अधिनायक लिपिक की कुल 64 रिक्तियों के लिए विज्ञापन संख्या-01/2026 -01 जनवरी को निर्गत किया गया था। नियुक्ति प्रक्रिया के क्रम में बुधवार को लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी। इस परीक्षा के लिए राज्य के 21 जिलों में 325 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एक पाली में आयोजित की गयी। परीक्षा का समय पूर्वाहन 10 बजे से मध्या 12 बजे तक का था। स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर जैमर का अधिष्ठापन कराया गया। सीसीटीभी सर्विलांस कराया गया। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 46 प्रतिशत रही। परीक्षा केन्द्र से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ। परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, कदाचाररहित एवं स्वच्छता के साथ सम्पन्न हुई। किरण कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी के मुताबिक परीक्षा के दौरान पटना के परीक्षा केन्द्र मिलर प्लस टू विद्यालय पर एक अभ्यर्थी ब्लू दुथ डिवाईस के साथ पकड़े गये। परीक्षा केन्द्र देवचन्द महाविद्यालय, हाजीपुर पर एक अभ्यर्थी मोबाईल के साथ पकड़े गये। नवादा के एक परीक्षा केन्द्र गर्ल्स मिडिल स्कूल, नवादा पर एक अभ्यर्थी मोबाईल के साथपकड़े गये। सासाराम के परीक्षा केन्द्र शेरशाह कालेज पर एक अभ्यर्थी एक स्कालर के साथ पकड़े गये।

### टीबी मुक्त बिहार के लिए जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता जरूरी : राज्यपाल

### सुदृढ़ जांच एवं उपचार व्यवस्था से टीबी मुक्त बिहार की ओर बढ़ रहा राज्य : निशांत

**पटना / एनएसबी ।** अधिवेशन भवन में बुधवार को राज्य स्तरीय टीबी मुक्त बिहार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने किया। राज्यपाल के आगमन पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पौधापात्र भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर टीबी उन्मूलन के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव, कुमार रवि, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, मनोज कुमार, सचिव, पंचायती राज विभाग, अमित कुमार पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, कुमार गौरव, अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, डा. अनुपमा सिंह, अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव कौशलेंद्र कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग और राज्य स्वास्थ्य समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य क्षेत्र का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और सामूहिक जिम्मेदारी से जुड़ा अभियान है। उन्होंने समय पर जांच, उपचार और पोषण सहायता के महत्व पर बल देते हुए टीबी मुक्त बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी वर्गो से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीबी-मुक्त बिहार केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। भारत में टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक लक्ष्य से पहले आगे बढ़ने का साहसिक संकल्प लिया है इसमें बिहार राज्य की अहम भूमिका अदा कर रहा है। टीबी उन्मूलन के मार्ग में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, नर्स, चिकित्सक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मी इस अभियान के वास्तविक नायक हैं, जिनकी प्रतिबद्धता से हजारों जिंदगियां बचाई जा रही हैं, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग बधाई का पात्र है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अनुरूप बिहार सरकार टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। जांच एवं उपचार सुविधाओं का लगातार विस्तार किया गया है, जिससे अधिक से अधिक मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। राज्य के 499 स्वास्थ्य संस्थानों में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध है ।

# डॉ. संजीव चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्णिम काल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विशेष पूजा-अर्चना कराया

दैनिक नवसंदेश

**पटना ।** दीघा विधान सभा के खाजपुरा, बेली रोड, पीलर नं.-28, के पौराणिक शिव मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्णिम काल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से दीघा विधायक-सह- मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा डॉ. संजीव चौरसिया एवं बिहार भाजपा प्रदेष के महामंत्री सरोज रंजन पटेल, प्रीति शेखर व अन्य भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं भाजपा के कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। सभी ने विशेष पूजा में हवन किया एवं भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। डॉ. चौरसिया ने इस अवसर पर कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्णिम काल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर यह विषेष पूजा-अर्चना की गई है। इन 12 वर्षो की अवधि में सबका साथ सब का विकास के तहत बिहार एवं पूरे भारत में न्याय के साथ विकास की लहर बही है।


दीघा विधायक-सह- मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, बिहार विधान सभा डॉ. संजीव चौरसिया के साथ हवन करते भाजपा कार्यकर्ता।

## मोदी सरकार के 12 साल में महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और कर्ज से जनता हुई बदहाल : अरुण यादव

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने शासन के 12 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है, लेकिन देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, आर्थिक असमानता और बढ़ते कर्ज के बोझ से हुआ बदहाल है। मोदी सरकार से आज देश की जनता जवाब चाहती है कि अच्छे दिनों का वादा करने वाली मोदी सरकार के 12 वर्षो बाद भी बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट क्यों कायम है। हर वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। 12 वर्षो में 24 करोड़ नौकरी होनी चाहिए थी, देश के युवाओं को क्यों नहीं मिला। किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुआ। प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15-15 लाख रुपया क्यों नहीं आया। मोदी सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, विशेष आर्थिक सहायता, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण आज बिहार हर मामले में पिछड़े राज्यों के श्रेणी में खड़ा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि साल 2014 में देश पर कुल सार्वजनिक कर्ज लगभग 55 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 200 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। देश के हर नागरिक पर कर्ज का बोझ कई गुना बढ़ गया है। केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चो पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है।


अरुण कुमार यादव।

# क्या बिहार दिवालिया होने के कगार पर है : तेजस्वी

**पटना/ एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार का वित्तीय संकट इतना गंभीर हो चुका है कि कल बिहार कैबिनेट ने मई, जून और जुलाई की सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से करोड़ रुपए निकालने की स्वीकृति प्रदान की है। आकस्मिकता निधि का उपयोग सरकार द्वारा किसी भी अप्रत्याशित संकट, प्राकृतिक आपदा या वित्तीय विपत्ति के समय जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है। जिस प्रदेश में अब पेंशन देने के लिए आकस्मिकता निधि का उपयोग होने लगे तो समझ जाइए कि हालात कितने खराब और खतरनाक हो चुके है। महीनों से हम निरंतर कह रहे है और सर्वविदित भी है कि महीनों से बिहार में कर्मचारियों के वेतन और पेंशन संबंधित भुगतान नहीं हो रहा है क्योंकि खजाना खाली है। एक वर्ष से अधिक समय बीतने पर भी ठेकेदारों का भुगतान नहीं हुआ है।




नए प्रजेक्ट तो दूर,स्वीकृत कार्य योजनाओं का अभी तक कार्यारंभ नहीं हुआ है । बिना सोचे समझे की गयी घोषणाओं का तो जिक्र ही छोड़ दीजिए। बिजली में भारी कटौती की जा रही है। छात्रवृति का पैसा नहीं दिया जा रहा। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना ठप्प है। फंड की कमी के कारण कल कैबिनेट में पूर्व से चली आ रही बिहार राज्य फसल सहायता योजना को भी बंद कर दिया गया है।

# हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार में पुनर्वास और पारामेडिकल विज्ञान में प्रशिक्षण आरम्भ करने वाले, निजी क्षेत्र के सबसे पुराने संस्थान इंडियन इंस्टिच्युट आफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से प्राप्त, छात्र-छात्राओं को बैचलर आफ मेडिकल लैब टेक्नोलौजी तथा रेडियो इमेजिंग टेक्नोलौजी में स्नातक की उपाधि दी गयी।

विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने के बाद संबोधित करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पूरी तरह मेडिकल और रेडियो-इमेजिंग जाँच पर आधारित है। इसलिए उपाधि प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित व्यक्तियों की भूमिका बहुत महवपूर्ण है। आप सबसे आशा की जाती है कि जाँच में किसी भी तरह की लापरवाही न हो, क्योंकि आपके एक गलत रिपोर्ट पर चिकित्सा गलत दिशा में जा सकती है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए डा अनिल सुलभ ने आशा व्यक्त की कि सभी उपाधि-धारी टेक्नोलौजिस्ट निष्ठापूर्वक स्वास्थ्य-सेवाओं में अपना मूल्यवान योगदान देंगे और संस्थान का यश बढ़ाएँगे।


पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्थान के छात्र-छात्राओं को दी गयी उपाधि।

अतिथियों का स्वागत संस्थान के प्रबंध निदेशक डा आकाश कुमार ने तथा मंच का संचालन रेडियो-इमेजिंग विभाग के अध्यक्ष डा संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मेडिकल लैब के विभागाध्यक्ष प्रो संजीत कुमार, स्पीच थेरापी विभाग की अध्यक्ष डा नेहा कुमारी, अफ्थालमोलौजी विभाग के अध्यक्ष प्रो नीतीश भारद्वाज, फिजियोथेरापी विभाग की अध्यक्ष डा अभिलाषा कुमारी, डा नवनीत कुमार, प्रो चंद्रा आभा, प्रो चंदा कुमारी, डा आदित्य ओझा तथा संस्थान के प्रशासी अधिकारी सूबेदार संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में संस्थान के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त ने पार्षदों के साथ किया वार्ड 22 ए, 22 बी, 22 सी एवं 23 का निरीक्षण

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** आगामी मानसून के दौरान संभावित जल जमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पटना नगर निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा माननीय वार्ड पार्षदों के साथ बुधवार को पाटलिपुत्र अंचल के वार्ड संख्या 22ए, 22बी, 22सी एवं 23 के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न इलाकों में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर मानसून के समय उत्पन्न होने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वार्ड संख्या 22ए के शिवाजी नगर में बगीचा के समीप स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र की सड़क कच्ची होने के कारण वर्षा के दौरान जल जमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। इस पर कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र प्रमंडल को ह्यूम पाइप लगाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी को क्षेत्र की सफाई कराने तथा बिखरे हुए निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) अपशिष्ट का समतलीकरण कराने का निर्देश दिया गया, ताकि मानसून के दौरान जल जमाव की स्थिति न बने।

पिंक महल मैरेज हल के पास भी वर्षा के समय जल जमाव के कारण आवागमन प्रभावित होने की शिकायत सामने आई। अधिकारियों को सड़क के दोनों ओर स्थित चौंबरों को आपस में जोड़ते हुए सड़क का समतलीकरण कराने का निर्देश दिया गया।

गंगा विहार कलोनी में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई चौंबर खुले पड़े हैं तथा उनकी नियमित सफाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मानसून के समय क्षेत्र में भारी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा कलोनी के एक खुले मैदान में भी बारिश के दौरान पानी भर जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम अध्याय : संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह



**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा पूर्वी जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने तथा देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड पीछे छोड़ने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पप्पू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। मोदी सरकार ने करोड़ों गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई, हर घर तक शौचालय पहुंचाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया, करोड़ों महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया तथा जनधन योजना के माध्यम से गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा। आयुष्मान भारत योजना के जरिए करोड़ों परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया।

### एसडीओ कार्यालय का घेराव, माले ने सौंपा 4 सूत्री मांग

**बेनीपुर (एनएसबी)।** भाकपा (माले) लिबरेशन के नेतृत्व में बुधवार को बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय पर ग्रामीण गरीबों और किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा तथा अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय का घेराव कर 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन के बाद एसडीओ को सौंपे गए मांग पत्र में मुख्य रूप से चार मांगें रखी गईं। जिसमें अलीनगर प्रखंड के नरमा नावानगर, श्यामपुर वार्ड-15 समेत बेनीपुर के विभिन्न गांवों में वर्षों से बसे भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा दिया जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ अरुण कुमार, रविन्द्र राम और श्रीकांत अलबेला ने किया। प्रतिनिधि मंडल में दिलीप कुमार यादव, राजेन्द्र दास, अशोक राम, राम विलास दास, बुच्चिया देवी, भुटनी देवी समेत कई लोग शामिल थे।

### जनता के भरोसे ने मोदी को बनाया सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाला प्रधानमंत्री : डॉ.धर्मशीला गुप्ता



**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 10 जून 2026 को उन्होंने लगातार 4,399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं।राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में लगातार तीन बार जनता का जनादेश प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार जनता का समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बहुदलीय राजनीति, मजबूत क्षेत्रीय दलों और कड़ी चुनावी प्रतिस्पर्धा के बीच लगातार जनविश्वास बनाए रखना उल्लेखनीय है। यह उपलब्धि भारतीय मतदाताओं के विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाती है। सांसद ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति की आशा व्यक्त की।

### मंदिर परिसर से छात्र गायब, पुजा के लिए दादा पोता गये थे साथ

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिंहवाड़ा स्थित बाबा बटेश्वर नाथ धाम मंदिर परिसर के चबूतरे पर अपने पंद्रह वर्षीय पोता को मंदिर परिसर स्थित चबूतरे पर बैठाकर बाबा महादेव पूजा में लग गए। जब मंदिर से निकले तो उनका पोता गायब था। मंदिर परिसर से हुई इस घटना की जानकारी होने के बाद लोगों ने उसकी खोज करना शुरू कर दिया। बताया गया है की वह उजले टी शर्ट और ब्लू हाफ पैंट पहने हुआ है। पूरे दिन खोजबीन के बावजूद जब पोते का पता नहीं चला तो सिंहवाड़ा थाना को इस घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। लापता किशोर सिंहवाड़ा स्थित चौधरी केदारनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय में नौवीं कक्षा का छात्र है। इस संबंध में छात्र की मां कटाशा निवासी गुड़िया देवी ने सिंहवाड़ा थाना में शिकायत कर अपने पुत्र गौरव कुमार के खोजबीन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।गुड़िया देवी ने बताया है कि उसका पुत्र गौरव नौ जून की सुबह अपने दादा राजकुमार साह के साथ सिंहवाड़ा स्थित बटेश्वर बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करने गया था। दादा उसे मंदिर परिसर के चबूतरे पर बैठाकर स्वयं पूजा करने के लिए मंदिर में गये। कुछ देर बाद जब वे पूजा कर बाहर निकले तो गौरव वहां मौजूद नहीं था। मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने बताया कि वह सामान्य स्वभाव का समझदार लड़का है। कभी बिना बताए घर से नहीं गया था।मां ने आवेदन में आशंका जताई है कि पुत्र के अचानक लापता होने के पीछे कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष हुए पूर्ण : जीवेश कुमार

**विधायक ने किया हवन पूजन सुंदरकांड-पाठ एवं महाआरती का आयोजन**



**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के 12 वर्ष" पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायकझजाले एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार जीवेश कुमार ने पटना स्थित अपने आवास पर पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन, सुंदरकांड-पाठ एवं महाआरती कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, शतायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही राष्ट्र की समृद्धि, जनकल्याण, सुशासन तथा भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प की सफलता के लिए सामूहिक प्रार्थना एवं मंगलकामना की गई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत करोड़ों शौचालयों का निर्माण हुआ तथा हर घर जल जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया।

### बाल श्रम निषेध दिवस पर प्रमंडलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**दरभंगा (एनएसबी)।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार के निदेशानुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस* के अवसर पर 12 जून 2026 को दशरथ मांझी श्रम नियोजन एवं अध्ययन संस्थान, पटना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों के चयन के लिए 09 जून 2026 को दरभंगा प्रमंडल स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय वर्तमान संदर्भ में बाल श्रम का मुद्दा था। विभागीय निदेशानुसार सर्वप्रथम दरभंगा प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके उपरांत प्रत्येक जिले से दो-दो उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया।उप श्रमायुक्त राकेश रंजन ने बताया कि प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में 06 प्रतिभागियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

# दरभंगा में जिप अध्यक्ष की कुर्सी पर रेणु देवी की निर्विरोध ताजपोशी

**रेणु को सत्ता पर बैठने में 29 पार्षदों की एकजुटता ने बदला समीकरण, सीता देवी खेमे का कोई सदस्य नहीं पहुंचा सदन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला परिषद की राजनीति में कई दिनों से चल रहे सियासी घटनाक्रम का बुधवार को निर्णायक अंत हो गया। अविश्वास प्रस्ताव के जरिए तत्कालीन अध्यक्ष सीता देवी की विदाई के बाद आयोजित चुनाव में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य रेणु देवी निर्विरोध जिला परिषद अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दी गईं। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में सीता देवी खेमे का एक भी जिला परिषद सदस्य सदन में उपस्थित नहीं हुआ।

47 सदस्यीय जिला परिषद के अध्यक्ष पद के लिए जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्धारित समय के अनुसार दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से 12 बजकर 45 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चली। इस दौरान रेणु देवी ने एकमात्र उम्मीदवार के रूप में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कौशल कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके प्रस्तावक हायाघाट की जिला परिषद सदस्य काजल देवी तथा समर्थक जिला परिषद सदस्य डॉ. नन्दकिशोर झा बेचन बने। नामांकन पत्रों की जांच के बाद निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कई बार अन्य सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने और नामांकन दाखिल करने का अवसर दिया गया, लेकिन निर्धारित समय सीमा तक कोई दूसरा उम्मीदवार सामने नहीं आया। इसके बाद रेणु देवी को निर्विरोध जिला परिषद अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया।



अपने समर्थकों के साथ जिला परिषद अध्यक्ष रेणु देवी।

जिला परिषद की इस सत्ता परिवर्तन की पटकथा बीते दिनों अध्यक्ष सीता देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से शुरू हुई थी। अविश्वास प्रस्ताव सफल होने के बाद अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था, जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए 10 जून की तिथि निर्धारित की थी।

राजनीतिक हलकों में पूरे घटनाक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य डॉ. नन्दकिशोर झा ह्यबेचनह्ण की सक्रिय भूमिका चर्चा का विषय रही। अविश्वास प्रस्ताव लाने से लेकर समर्थक पार्षदों को एकजुट रखने और अध्यक्ष पद के चुनाव तक उन्होंने महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभाई। चुनाव के दिन भी रेणु देवी के समर्थन में 29 पार्षदों की मौजूदगी ने उनके पक्ष की मजबूती को स्पष्ट कर दिया। रेणु देवी के समर्थन में उपस्थित पार्षदों में डॉ. नन्दकिशोर झा ह्यबेचनह्ण, दिनेश राम, रिंकी कुमारी, काजल देवी, डॉ. सुभान, हरिमोहन यादव, सागर नवदिया, अवधेश यादव, ललित पासवान, अमीत ठाकुर, धीरज झा, धीरेन्द्र मिश्र, अजय यादव, मुशर्रफ फातिमा, नादरा हुसैन, आशा देवी, दिलीप यादव, ओमप्रकाश ठाकुर, समता कुमारी, सीमा कुमारी, अमरनाथ शर्मा, बीभा देवी, सुलेखा देवी, सुजाता कुमारी पान, कुलसुम बैगम, पूनम मनीष शर्मा, नवीन दुबे, छेदी साह तथा स्वयं रेणु देवी शामिल थीं।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रेक्षक की मौजूदगी में अंबेडकर सभागार एवं समाहरणालय परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। रेणु देवी के निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही जिला परिषद में सत्ता का नया समीकरण स्थापित हो गया है और स्थानीय राजनीति में एक नए दौर की शुरूआत मानी जा रही है।

# जिप अध्यक्ष की सत्ता परिवर्तन के सूत्रधार बने भाजपा नेता डॉ. नन्दकिशोर झा बेचन

**अविश्वास प्रस्ताव से अध्यक्ष चुनाव तक संभाली रणनीति की कमान, विरोधी को किया परास्त**

फोटो 3

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा जिला परिषद अध्यक्ष पद पर रेणु देवी के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद भाजपा नेता डॉ. नन्दकिशोर झा बेचन की राजनीतिक रणनीति चर्चा के केंद्र में है। समर्थकों और राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जिला परिषद में सत्ता परिवर्तन के पूरे घटनाक्रम में उन्होंने एक कुशल रणनीतिकार और समन्वयक की भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप विपक्षी खेमा अपनी ताकत बनाए रखने के साथ-साथ जीत हासिल करने में सफल रहा।



नंदकिशोर झा को माला पहनाकर स्वागत करते जिप अध्यक्ष रेणु देवी व उनके पति शिवनारायण यादव।

पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी से लेकर उसके सफल पारित होने और उसके बाद अध्यक्ष पद के चुनाव तक डॉ. झा लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने विभिन्न जिला परिषद सदस्यों से लगातार संपर्क बनाए रखा तथा उन्हें एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अविश्वास प्रस्ताव के समय 26 पार्षदों को एक मंच पर लाने और बाद में चुनाव तक संगठित बनाए रखने में उनकी भूमिका निर्णायक रही।बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर सभागार में हुए अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान भी वे पूरी तरह सक्रिय दिखे। प्रस्तावक और समर्थक तय करने से लेकर सदन के भीतर की रणनीति तक कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन उन्होंने किया।

रेणु देवी के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद जब वे सभागार से बाहर निकलीं तो उन्होंने अपने पति एवं सामाजिक कार्यकर्ता शिवनारायण यादव के साथ मिलकर डॉ. नन्दकिशोर झा बेचन को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद समर्थकों ने उन्हें जीत का प्रमुख रणनीतिकार बताते हुए बधाई दी।बताते चलें कि डॉ. नन्दकिशोर झा बेचन वर्ष 2015 से 2017 तक भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे भाजपा युवा मोर्चा के जनप्रतिनिधि प्रकोष्ठ में प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अलीनगर विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के चुनाव अभियान में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई थीं। वे प्रस्तावक, चुनाव अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता रहे।

## जनसमस्याओं के समाधान हेतु चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल चौथे दिन समाप्त



**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा सदर प्रखंड मुख्य मार्ग स्थित वर्षों से लंबित एवं उपेक्षित जनसमस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में विगत चार दिनों से जारी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रशासनिक पहल के उपरांत समाप्त हो गई। भूख हड़ताल के चौथे दिन अनुमंडल प्रशासन की सक्रिय पहल पर एसडीओ, बीडीओ, डीएसपी एवं डीसीएलआर की उपस्थिति में आंदोलनकारियों से सकारात्मक वार्ता संपन्न हुई। वार्ता के दौरान प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों के शीघ्र निष्पादन का लिखित आश्वासन प्रदान किया गया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े सभी बिंदुओं पर अति शीघ्र आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।प्रशासन के लिखित आश्वासन एवं सकारात्मक पहल के पश्चात राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव, संतोष हंसराज एवं बासुदेव राम को जूस पिलाकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त कराई गई।

# 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन विश्वास का बनाया नया इतिहासः डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**सांसद ने कहा देश में एक नए स्वर्णिम अध्याय की हुई शुरूआत**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर (फाइल फोटो)।

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सर्वाधिक समय तक लगातार चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4,399 दिनों तक देशवासियों की सेवा लोकतंत्र की उस शक्ति का प्रमाण है जिसमें साधारण एवं गरीब परिवार से निकलकर आया एक व्यक्ति अपने अथक परिश्रम, मजबूत संकल्प और जनसेवा के बल पर देश का सर्वोच्च जनादेश प्राप्त करता है जो न केवल कार्यकताओं के लिए प्रेरणाश्रोत है बल्कि आने वाले समय में लोकतंत्र का स्वर्णिम कालखंड भी साबित होगा।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रधानमंत्री पद पर देश में सबसे लंबे समय तक बने रहने के रिकॉर्ड के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा है कि बिना किसी ह्यराजनीतिक विरासत, वंशवाद या विशेषाधिकारह्ण के राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचने की पीएम मोदी की यह यात्रा करोड़ों युवाओं, गरीबों, वंचितों, पिछड़ों और श्रमजीवी परिवारों के सपनों को 'नया विश्वास' देती है तथा

ईश्वर से प्रार्थना है कि पीएम मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर ऊर्जा प्रदान करें, ताकि इनके कुशल नेतृत्व में देश 'अमृतकाल' की इस यात्रा को और सफल बनाते हुए 'विकसित, आत्मनिर्भर, समृद्ध और गौरवशाली' देश के रूप में भारत नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहे।

सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी के द्वारा बनाए गए इस नए रिकॉर्ड को विपक्षी दलों के लिए आईना बताते हुए कहा कि मोदी जी पीएम पद के साथ साथ 9013 दिनों से सत्ता के शिखर पर रहने वाले देश के एकमात्र राजनेता बने जिन्हें ग्लोबल ब्रांड पर विश्व के 32 देशों के शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा देश के अंदर 5 सौ साल बाद राममंदिर का निर्माण, मां जानकी मंदिर निर्माण की पहल, जम्मू कश्मीर में धारा 370 , देश में वन नेशन वन टैक्स, तीन तलाक के साथ साथ वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को स्थापित कर 12 वर्षों में 146 करोड़ देशवासियों का मस्तक ऊंचा किया है।

# गीता सीता रेणु ललिता युग के रूप में दर्ज रहेगा जिला परिषद का 10 साल का सफर

**इन चार चेहरों के इर्द-गिर्द घूमती रही दरभंगा जिला परिषद की एक दशक की राजनीति ● 2016 से 2026 तक कभी बहनों की जंग, कभी एक वोट से सत्ता का फैसला, कभी अविश्वास प्रस्ताव तो कभी हुआ निर्विरोध जीत ● बदलते समीकरणों के बीच चार महिलाओं ने लिखी जिला परिषद की राजनीतिक इबारत**

संजय कुमार



गीता देवी



सीता देवी



रेणु देवी



ललिता झा

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला परिषद की पिछले दस वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर नजर डालें तो यह पूरी कहानी चार नामों के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती है- गीता देवी, सीता देवी, रेणु देवी और ललिता झा। सत्ता परिवर्तन, अविश्वास प्रस्ताव, राजनीतिक गठजोड़ और टूटते-बनते समीकरणों के बीच इन चार महिलाओं ने जिला परिषद की राजनीति को एक दशक तक दिशा दी। वर्ष 2016 में बहादुरपुर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य चुनी गईं गीता देवी ने अपनी बड़ी बहन सीता देवी को चुनावी मुकाबले में पराजित कर पहली बार सदन में प्रवेश किया। उसी चुनाव में बहेड़ी क्षेत्र से रेणु देवी भी जिला परिषद सदस्य निर्वाचित होकर सदन पहुंचीं। अध्यक्ष पद के चुनाव में गीता देवी और रेणु देवी आमने-सामने हुईं, जिसमें गीता देवी विजयी रहीं और पहली बार कोई दलित महिला जिला परिषद अध्यक्ष बनीं।

इसी कार्यकाल में ललिता झा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। गीता देवी और ललिता झा की जोड़ी को उस समय जिला परिषद की सबसे प्रभावशाली और सफल जोड़ियों में गिना जाता था। दोनों ने पांच वर्षों तक मिलकर जिला परिषद का संचालन किया। वहीं रेणु देवी पूरे कार्यकाल के दौरान प्रमुख विपक्षी चेहरे के रूप में सक्रिय रहीं।

वहीं वर्ष 2018 में गीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया, लेकिन वह इस राजनीतिक चुनौती को पार करते हुए अपना कार्यकाल पूरा करने में सफल रहीं। वर्ष 2022 में जिला परिषद की राजनीति ने नया मोड़ लिया। इस बार बहादुरपुर क्षेत्र में छोटी बहन गीता देवी और बड़ी बहन सीता देवी फिर आमने-सामने थीं। कड़े मुकाबले में सीता देवी ने गीता देवी को पराजित कर सदन में प्रवेश किया। इसके बाद अध्यक्ष पद के चुनाव में सीता देवी और रेणु देवी के बीच सीधी टक्कर हुई। बेहद रोमांचक मुकाबले में रेणु देवी ने मात्र एक वोट से सीता देवी को हराकर पहली बार जिला परिषद अध्यक्ष की कुर्सी हासिल की। दिलचस्प बात यह रही कि जिस तरह वर्ष 2016 में गीता देवी के सामने रेणु देवी मुख्य प्रतिद्वंद्वी थीं, उसी तरह वर्ष 2022 में भी रेणु देवी ने सत्ता की राह में सीता देवी को रोक दिया। इस कार्यकाल में भी ललिता झा ने अपनी राजनीतिक पकड़ बनाए रखी और लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। इस तरह ललिता झा दो अलग-अलग अध्यक्षों,पहले गीता देवी और बाद में रेणु देवी के साथ उपाध्यक्ष पद पर बनी रहीं, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय राजनीतिक उपलब्धि मानी जाती है। लेकिन राजनीति में समीकरण स्थायी नहीं होते। वर्ष 2024 में सीता देवी के नेतृत्व में अध्यक्ष रेणु देवी और उपाध्यक्ष ललिता झा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। लंबी कानूनी और राजनीतिक प्रक्रिया के बाद अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ और दोनों को अपने पद गंवाने पड़े।इसके बाद पहली बार सीता देवी जिला परिषद अध्यक्ष बनीं, जबकि उपाध्यक्ष पद पर अरुणा कुमारी निर्वाचित हुईं। 7 साल बाद पहली बार ललीता झा सिर्फ एक सदस्य के रूप में काम करना स्वीकार की। ऐसा लगा कि जिला परिषद की सत्ता का नया अध्याय शुरू हो गया है, लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम यहीं नहीं थमा।

रेणु देवी ने हार नहीं मानी। उन्होंने धीरे-धीरे अपने पक्ष में माहौल तैयार किया और दो वर्ष पूरे होने का इंतजार किया। वर्ष 2026 में सीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 26 पार्षद उनके विरोध में खड़े हुए। इसके बाद 10 जून 2026 को हुए अध्यक्ष पद के चुनाव में सीता देवी खेमे का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरा और रेणु देवी 29 पार्षदों के समर्थन से निर्विरोध जिला परिषद अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दी गईं।

दरभंगा जिला परिषद की यह दस वर्षों की कहानी केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं है, बल्कि रिश्तों, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, संघर्षों और बदलते समीकरणों की भी कहानी है। इसमें एक ओर दो सगी बहनों, गीता और सीता की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है, तो दूसरी ओर रेणु देवी का लगातार सत्ता के केंद्र में बने रहने का संघर्ष। वहीं ललिता झा ऐसी नेत्री रहीं, जिन्होंने दो अलग-अलग अध्यक्षों के साथ उपाध्यक्ष पद संभालते हुए जिला परिषद की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई।

कहना गलत नहीं होगा कि वर्ष 2016 से 2026 तक का दौर दरभंगा जिला परिषद के इतिहास में "गीता-सीता-रेणु-ललिता युग" के रूप में दर्ज रहेगा। जहां सत्ता बदलती रही, चेहरे बदलते रहे, लेकिन राजनीति का केंद्र इन्हीं चार नामों के इर्द-गिर्द घूमता रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्याकुंज का शिवम कुमार वायु सेना में चयनित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** स्थानीय शहर के विद्याकुंज शिक्षण संस्थान के छात्र शिवम कुमार ने भारतीय वायु सेना में चयनित होकर संस्थान एवं क्षेत्र के नाम को रौशन किया है। शिवम विज्ञान संकाय के एचएम -21 बैच सत्र 21 -23 के छात्र रहे हैं। संस्थान के निदेशक विद्यासागर यादव ने छात्र की उपलब्धि को कठिन श्रम, मेहनत, लगन का परिणाम बताते हुए संस्थान की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और सफलता की सराहना की। उन्होंने चयनित छात्र और उनके अभिभावक को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिवम की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करेगी। विश्वास है कि ये युवा देश सेवा का दायित्व पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर शिक्षक आदित्य राज सहित विद्यालय के सभी कर्मी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित छात्र शिवम कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, संस्थान के मार्गदर्शन एवं गुरुजनों को दिया। शिवम जगदीशपुर के निवासी है, उनके पिता रामानंद सिंह और माता बिंदु देवी बेटे की इस उपलब्धि से काफी खुश है।



### डीह शेरपुर महिला दुग्ध समिति में समारोह पूर्वक हुआ बोनस वितरण, 232 दुग्ध उत्पादक महिलाओं में बंटे 9.31 लाख रूपए

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र पंचायत शेरपुर पंचायत स्थित डीह शेरपुर महिला दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति लिमिटेड में बुधवार को बोनस वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक का लंबित बोनस कुल ₹9,31,992.29 राशि का वितरण 232 किसान महिला दुग्ध उत्पादकों के बीच साड़ी, केन व सुधा मिन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मिथिला दुग्ध संघ समस्तीपुर के अध्यक्ष उमेश राय ने किया। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन से जुड़ी महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से गांवों का समग्र विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि मिथिला दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक रविन्द्र कुमार झा ने महिलाओं को आधुनिक डेयरी प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर मिथिला दुग्ध संघ के उप प्रबंधक भगवत दयाल यादव, पूर्व अध्यक्ष श्याम शंकर प्रसाद ठाकुर, वरीय प्रापण सहायक अमरेंद्र प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष राजकुमारी देवी ने की जबकि सचिव टुन्नी देवी ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन अधिवक्ता संघ, दलसिंहसराय के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में गांव की प्रमुख महिलाओं एवं गणमान्य लोगों में नीलम देवी, पुष्पा देवी, हीरा देवी, अनुपम देवी, ऋचा कुमारी, सज्जन चौधरी, संजय सिंह, अरुण झा, राकेश कुमार पप्पू, अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक महिलाएं व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान लाभुक महिलाओं में खुशी का माहौल देखा गया तथा समिति के कार्यों की सराहना की गई।



### भाजपा सरकार के 12 साल अद्भुत व बेमिसाल : डॉ तरुण, मोदी सरकार के 12वें बर्ष पूरे होने पर पूजा-अर्चना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बारह साल पूरा होने पर भाजपा समस्तीपुर द्वारा शहर के बहादुरपुर स्थित शिव दुर्गा मंदिर में पुजा अर्चना का आयोजन किया गया। एमएलसी डॉ तरूण कुमार के नेतृत्व में उपस्थित नेता एवं कार्यकताओं ने पूरी आस्था और श्रद्धा से पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा समस्तीपुर नगर अध्यक्ष सुजय पासवान एवं संचालन भाजपा नेता राकेश कुमार राज ने किया। इस अवसर पर विधान पार्षद डॉ तरूण ने कहा कि, देश के लोगों के आशीर्वाद और विश्वास के बल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बाहर साल बेमिसाल रहे हैं। भारत के दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती आर्थिक शक्ति है। वहीं जल्द ही भारत दुनिया में तीसरी आर्थिक महाशक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व बनने जा रहा। उन्होंने सरकार के उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि, बारह साल में पच्चीस करोड़ लोगों का गरीबी दूर हुआ है, वहीं सामरिक शक्ति के रूप में दुनिया में भारत का परचम लहराने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस अवसर पर जिला के महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि, वैश्विक महामारी कोरोना संकट, रूस-युक्रेन एवं इरान -अमेरिका इजरायल युद्ध के वैश्विक संकट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश ही नहीं दुनिया में यह सिद्ध किया है कि भारत आज का भारत है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भारत को वैभवशाली राष्ट्र बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ और दीघार्यु रहने की कामना किया।



### डायन बताकर महिला को ग्रील में बांधकर बेरहमी से पीटा

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के चंदौली वार्ड संख्या 12 में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक महिला को डायन बताकर न केवल सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया, बल्कि उसे ग्रील में बांधकर बेरहमी से पिटाई भी की गई। पीड़िता गीता देवी ने उजियारपुर थाना में लिखित आवेदन देकर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पीड़िता के अनुसार 7 जून 2026 की सुबह गांव के कुछ लोग उनके घर पहुंचे और उन पर डायन होने तथा बच्चों पर बुरी नजर डालने का आरोप लगाने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें रस्सी से बांध दिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। तस्वीरों में महिला के हाथों पर बंधन के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि, ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह उसे आरोपितों के चंगुल से मुक्त कराया गया। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि डायन प्रथा जैसी कुप्रथा के खिलाफ सख्त कानून होने के बावजूद पीड़िता को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनके अवकाश पर रहने के कारण एसआई पिंकी प्रसाद ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो चुका है और प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे भर्ती परीक्षा : भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन सतर्क, चलाया निगरानी अभियान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रेलवे भर्ती परीक्षा के मद्देनजर मंडल प्रशासन एलर्ट मोड में है। इसी क्रम में स्थानीय जंक्शन पर सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को लेकर विशेष निगरानी अभियान चलाया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी अविनाश करोसिया के नेतृत्व में स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा भीड़ नियंत्रण के लिए व्यापक व्यवस्था की गई। अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक पी.के. चौधरी, उप निरीक्षक विवेक कुमार, स्टेशन प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएस समस्तीपुर ब्रजेश कुमार, डीसीआई समस्तीपुर सुशील कुमार बरियार, डिप्टी एसएस अशोक कुमार सहित अन्य रेलकर्मी एवं सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के आने की संभावना को देखते हुए स्टेशन परिसर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हालांकि वर्तमान में स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ सामान्य बनी हुई है और यात्रियों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। रेल प्रशासन द्वारा भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए प्लेटफॉर्मों एवं स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने यात्रियों एवं परीक्षार्थियों से रेल प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करने की अपील की है। इस बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन किया जा रहा है। रेल अधिकारियों के अनुसार एक विशेष ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या-2 से निर्धारित समय पर रवाना हुई, जबकि एक अन्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन मधुबनी से होकर समस्तीपुर पहुंची और आगे के लिए प्रस्थान कर गई।

रेल प्रशासन ने कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान स्टेशन पर सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# डीडीसी ने किया यूनियन आरसेटी का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान यूनियन आरसेटी, कल्याणपुर का निरीक्षण उप विकास आयुक्त सुर्य प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने वर्तमान में संचालित महिला सिलाई कटाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात कर प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार है। उन्होंने महिलाओं को अपने कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करने तथा अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक प्रशिक्षित युवक एवं महिला को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकें।



निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

डीडीसी ने प्रशिक्षणार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार, उद्यमिता विकास एवं ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग संस्थानों एवं सरकारी विभागों के समन्वित प्रयास से प्रशिक्षित युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता एवं अन्य सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर सफल उद्यमी बनने का आह्वान किया। इसके उपरांत उन्होंने संस्थान में संचालित बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन आधारित उद्यम, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश भी दिया। मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक उप महाप्रबंधक रंजीत सिंह, क्षेत्र प्रमुख प्रेम रंजन कुमार, उप क्षेत्र प्रमुख सुबोध कुमार मिश्रा, एलडीएम प्रसिद्ध झा ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बैंक स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान यूनियन आरसेटी के निदेशक पी के सिंह ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को निःशुल्क एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। मौके पर संस्थान के संकाय सदस्य बिट्टू भारती, कार्यालय सहायक शुभम सिन्हा, रूपमती कुमारी, डोमेन स्किल ट्रेनर रूबी गुप्ता, राजीव कुमार सिंह सहित प्रशिक्षकगण एवं सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## द उम्मीद सोशल समर इंटर्नशिप के तहत छात्रों को मिला स्वास्थ्य संस्थानों का प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** युवाओं को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'द उम्मीद सोशल समर इंटर्नशिप 2026' के दसवें दिन जूलॉजी, रसायन विज्ञान (स्वास्थ्य डोमेन) एवं हेल्थ साइंस से जुड़े छात्र-छात्राओं को रिवाइव फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन सेंटर का भ्रमण किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यप्रणाली एवं अस्पताल प्रशासन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान डॉ. आकृति ने विद्यार्थियों को अस्पताल प्रशासन, मरीज प्रबंधन, अभिलेख संधारण, स्वास्थ्य संस्थानों की प्रशासनिक व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी स्वास्थ्य संस्थान के सफल संचालन में चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ प्रभावी प्रशासन एवं समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने केंद्र में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य एवं पुनर्वास सेवाओं का अवलोकन किया तथा विशेषज्ञों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों एवं व्यावसायिक जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। संस्था 'द उम्मीद' के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को केवल सैद्धांतिक शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक कार्यस्थलों पर सीखने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है। इसी क्रम में सोशल समर इंटर्नशिप के तहत विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनके अध्ययन क्षेत्र से संबंधित संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।




छात्रों को प्रशिक्षण देती चिकित्सक।

## 4.08 लाख पेंशनधारियों को 47.15 करोड़ की राशि स्थानांतरित

### जिलाधिकारी ने लाभुकों को दी बधाई

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत माह मई 2026 की पेंशन राशि का भुगतान बुधवार को डीबीटी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा राज्यस्तरीय लाइव कार्यक्रम के जरिए सभी छह प्रकार की पेंशन योजनाओं के लाभुकों के खाते में 1100 रुपये प्रति लाभुक की दर से राशि हस्तांतरित की गई। जिला स्तर पर इसका सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।



कार्यक्रम में शामिल डीएम व अन्य।

इस क्रम में जिले के कुल 4,08,414 पेंशनधारियों के खातों में कुल 47,15,58,900 रुपये की राशि अंतरण की गई। इसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 77,829 लाभुक, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2,02,364 लाभुक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 24,636 लाभुक, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 37,891 लाभुक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 2,971 लाभुक तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 62,723 लाभुक शामिल हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, समस्तीपुर ने सभी लाभुकों को बधाई दी और जिन पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणिकरण लंबित है, उनसे जल्द से जल्द अपना जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराने की अपील की।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय प्रशाखा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला नजारत उप समाहर्ता तथा सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की प्रधानमंत्री के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, यशस्वी एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए राष्ट्र के निरंतर विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना विकास तथा जनहितकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की तथा देश की समृद्धि और विकास की कामना की। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दक्षिणी अमित कुमार जयसवाल, मंडल अध्यक्ष उत्तरी अभिनाश भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार गिरि, नरेश महतो, बिपिन कुमार गिरि, प्रवीण कुमार गिरि, श्यामसुंदर गुप्ता, राकेश राय, बच्चा सिंह, गोलू कुमार,हिमांशु शेखर सहित पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की मंगलकामना की।



पूजन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स दिलाएगा शहर को जाम से निजात : महापौर

### विधायक व केंद्रीय राज्य मंत्री ने रेल मंत्री को लिखा पत्र, कहा स्वरोजगार के नए अवसर होंगे सृजित



जाम का मंजर।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मानव जीवन का मूल मंत्र प्रयासरत रहना है और इसी सोच के साथ नगर निगम समस्तीपुर शहर की मूल समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। नगर क्षेत्र बुढ़ी गंडक, रेलवे लाइन एवं जमुआरी के आसपास सीमित भू-भाग में फैला होने तथा जनसंख्या वृद्धि के कारण शहर में लगातार जाम की समस्या बनी रहती है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस क्रम में महापौर अनिता राम, स्थानीय विधायक अश्वमेध देवी एवं भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने संयुक्त रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर काली पीठ से राम बाबू चौक होते हुए स्टेशन रोड तक शहर के दक्षिणी हिस्से में स्थित दुकानदारों को रेलवे की खाली पड़ी भूमि पर प्रस्तावित मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री से मुलाकात कर इस प्रस्ताव के विभिन्न लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दुकानदारों के शिफ्ट होने से एक तरफ जहां रेलवे के राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी तरफ नए स्व रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे शहर को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। महापौर श्रीमती राम ने इस पहल को लेकर विधायक अश्वमेध देवी एवं राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। नगर निगम ने इस योजना को सफल बनाने के लिए आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है।

## मऊ बाजार फायरिंग कांड में कसा पुलिस का शिकंजा, ससुराल में छिपे चार आरोपी गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ बाजार में दुकान खाली कराने को लेकर हुए विवाद के दौरान हुई फायरिंग मामले में विद्यापतिनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस चर्चित कांड में चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी गई है। जानकारी के अनुसार, गत दिनों मऊ बाजार में एक मिठाई दुकान को खाली कराने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष की ओर से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। फायरिंग का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हुआ था। घटना के बाद पुलिस ने दिलीप साह के आवेदन पर 14 नामजद अभियुक्तों व आधा दर्जन अज्ञात आरोपितों पर मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अंगारघाट थाना क्षेत्र के चैता गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गोविंद कुमार सोनी के ससुराल से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मऊ बाजार निवासी दशरथ साह के पुत्र गोविंद कुमार सोनी, लालबाबू साह के पुत्र मिथिलेश सोनी उर्फ मिथुन, सुरेश साह के पुत्र गोपाल सोनी तथा शंकर साह के पुत्र चन्द्रकिशोर सोनी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी घटना के बाद फरार चल रहे थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग ठिकानों पर छिपे हुए थे। लगातार तकनीकी एवं मानवीय सूचना संकलन के बाद पुलिस को उनकी मौजूदगी की जानकारी मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष सूरज कुमार, अनुसंधानकर्ता एसआई सलीम रजा, अमृता कुमारी तथा अंगारघाट थाना के पुलिस बल शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य अभियुक्तों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर आगे की भी कार्रवाई की जाएगी। उधर चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद मऊ बाजार क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है।



पुलिस पदाधिकारी के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### उपेक्षित वाटरवेज बांध की बदहाली बनी चिंता का विषय

**बिथान (एनएसबी।** दर्जिया-फुहिया होते हुए करांची, सखवा से केलहुआ घाट तक जाने वाला वाटरवेज बांध क्षेत्र के लोगों के लिए केवल एक सड़क नहीं, बल्कि विकास की संभावनाओं से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। कभी यह मार्ग बिथान प्रखंड के प्रमुख संपर्क पथों में शुमार था, लेकिन वर्षों की उपेक्षा ने इसे बदहाली की तस्वीर में बदल दिया है। जर्जर ईंट सोलिंग, टूटी सड़क और जगह-जगह बने गहरे गड्ढों ने इस मार्ग पर सफर को मुश्किल और जोखिम भरा बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस सड़क का समुचित निर्माण और सुदृढ़ीकरण कर दिया जाए तो यह मार्ग बिथान प्रखंड को केलहुआ घाट के माध्यम से दरभंगा, मधुबनी, सुपौल सहित उत्तर बिहार के कई जिलों से बेहतर तरीके से जोड़ सकता है। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। ग्रामीणों के अनुसार कई वर्ष पहले इस बांध पर ईंट सोलिंग का कार्य कराया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकांश हिस्सों की सोलिंग पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे बाइक, साइकिल और छोटे वाहनों का चलना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### खजौली के नए थानाध्यक्ष पद पर सपन कुमार ने किया योगदान



**खजौली (एनएसबी)।** थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में मंगलवार शाम को सपन कुमार ने योगदान एवं पदभार ग्रहण किया। नए थानाध्यक्ष के थाना पहुंचते ही थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। पदभार संभालने के बाद नए थानाध्यक्ष ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना तथा आमजन को त्वरित न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखना और आमजन के साथ बेहतर समन्वय को भी वे प्राथमिकता देंगे। ज्ञात हो कि सोमवार को खजौली थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा निलबिंत कर दिया गया था। उसके बाद नए थानाध्यक्ष का पदस्थापन हुआ।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित प्रमंडलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता



**मधुबनी (एनएसबी)।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में दरभंगा में आयोजित प्रमंडलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में मधुबनी जिले की छात्रा रौशनी कुमारी, पीएम श्री प्लस टू हाई स्कूल, सोनई (हरलाखी) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में उपस्थित 10 सदस्यीय जूरी ने रौशनी के प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण एवं तार्किक कौशल की विशेष सराहना की। इस उपलब्धि में श्रम अधीक्षक, मधुबनी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, हरलाखी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पंडौल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विजय कुमार के मार्गदर्शन एवं सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, मधुबनी जिले के पंडौल प्रखंड के प्रतिभागी हेमंत कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त किया।जिला प्रशासन ने दोनों प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा कहा है कि ऐसी सफलताएं जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेंगी।

### मधुबनी के 13 पूर्व एनसीसी कैडेटों ने अग्निवीर बनकर जिले का बढ़ाया मान

**जयनगर (एनएसबी)।** एनसीसी में कैडेटों को एकता और अनुशासन में रहते हुए एक अच्छा नागरिक बनने के लिए तैयार किया जाता है और देशभक्ति की भावना जागृत की जाती है। इसी कड़ी में, अबतक प्राप्त जानकारी के अनुसार, एलएनजे कॉलेज, झंझारपुर के पूर्व एनसीसी कैडेट सुभाष कुमार, सुमन कुमार यादव, रमणजी साहु, प्रवीण कुमार यादव, अभिषेक कुमार, ऋषिकेश कुमार, सन्नी सिंह, आर.के. कॉलेज, मधुबनी के पूर्व एनसीसी कैडेट हिमांशु कुमार, सूर्यप्रताप सिंह, अंकित कुमार एवं आनन्द कुमार तथा डी.बी. कॉलेज, जयनगर के पूर्व कैडेट अविनाश कुमार एवं लक्ष्मण कुमार ने अग्निवीर की परीक्षा में बाजी मारकर समाज का नाम रोशन किया है। इनमें सुभाष कुमार,सुमन कुमार यादव, हिमांशु कुमार को आर्टिलरी प्रशिक्षण केन्द्र हैदराबाद, रमणजी साहु एवं सन्नी सिंह को 1 एसटीसी, जबलपुर, प्रवीण कुमार यादव एवं सूर्यप्रताप सिंह को आर्टिलरी प्रशिक्षण केन्द्र, नासिक, ऋषिकेश कुमार को 2 एसटीसी गोआ, अविनाश कुमार को 1 ईएमई सिकंदराबाद, लक्ष्मण कुमार एवं अंकित कुमार को मद्रास इंजीनियर ग्रुप, बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश प्राप्त हुआ है । एनसीसी के इन सभी कैडेटों को शुभकामनायें देते हुए कोर ऑफ आर्टिलरी के योद्धा और 34 बिहार बटालियन एनसीसी के प्रशासी पदाधिकारी ले. कर्नल प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि मेहनत करनेवाले बच्चे अपना रास्ता खुद बनाते हैं और हम एनसीसी में उन्हें सही दिशानिर्देश देने की कोशिश करते हैं। जितने ज्यादा कॉलेज और स्कूल हमसे जुड़ेंगे उतना हमें मौका मिलेगा उन्हें अच्छा बनाने का । एनसीसी के फर्स्ट अफसर मो. शमशीर ने अग्निवीर में सफल कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपकी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और एनसीसी से प्राप्त प्रशिक्षण का परिणाम है। सदैव ईमानदारी, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें । इन सभी चयनित अग्निवीरों के घर में खुशी का माहौल व्याप्त है और लोग बधाई देने आ रहे हैं।

### बेनीपट्टी मुख्यालय की नाला निर्माण को मिली स्वीकृति,

**सड़क पर जल-जमाव की समस्या का होगा समाधान**



**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र के निवासी घनश्याम ठाकुर की पहल बेनीपट्टी मुख्यालय में नाला निर्माण करने को लेकर की गई पहल केंद्र सरकार के विभागीय मंत्री ने आखिरकार स्वीकृति दे दी है! ज्ञात हो कि बेनीपट्टी नगर पंचायत एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही जर्जर सड़क और जल-जमाव की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) घनश्याम ठाकुर के अनुरोध पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेनीपट्टी बाजार में नाला निर्माण के लिए प्राक्कलन स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी है। साथ ही बेनीपट्टी-उच्चैठ बाईपास निर्माण कार्य के प्रगति पर होने की भी पुष्टि की गई है।एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने 26 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर धनौजा गांव से सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान होते हुए बेनीपट्टी बाजार और धकजरी तक की सड़क की जर्जर स्थिति तथा बाजार क्षेत्र में जल-जमाव की गंभीर समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने कहा था कि सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा भेजे गए आधिकारिक पत्र के अनुसार बेनीपट्टी बाजार को जल-जमाव की समस्या से राहत दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा अलग से प्राक्कलन स्वीकृत किया गया है। इस कार्य को 'डिपॉजिट बेसिस' पर पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार को हस्तांतरित किया गया है ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बेनीपट्टी-उच्चैठ बाईपास निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा संबंधित सड़क खंड पर आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य भी कराया जा रहा है ताकि आवागमन सुचारु बना रहे।एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने इस पहल के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को सड़क और जल-जमाव जैसी मूलभूत समस्याओं से मुक्ति दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नाला निर्माण एवं बाईपास परियोजना पूर्ण होने के बाद बेनीपट्टी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा तथा लोगों को जल-जमाव की समस्या से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर वे लगातार नजर बनाए रखेंगे ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सके।

### फर्जी प्रमाण-पत्र मामले में ग्रामीण आवास सहायक की सेवा समाप्त, उप विकास आयुक्त ने जारी किया आदेश

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिला प्रशासन द्वारा सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं ईमानदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने के मामले में लदनियां प्रखंड के श्री अजय कुमार रमन, ग्रामीण आवास सहायक की सेवा समाप्त कर दी गई है।उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मधुबनी सुमन प्रसाद साह द्वारा विस्तृत जांच, विभिन्न स्तरों पर प्रमाण-पत्रों के सत्यापन, संबंधित संस्थानों से पत्राचार एवं संबंधित पक्ष को पर्याप्त अवसर प्रदान करने के उपरांत प्राप्त तथ्यों के आधार पर संबंधित ग्रामीण आवास सहायक की सेवा समाप्त करने का आदेश निर्गत किया गया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला प्रशासन सुशासन, पारदर्शिता एवं प्रशासनिक शुचिता के सिद्धांतों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा अनियमितता, फजीर्वाड़ा एवं भ्रष्टाचार के प्रति "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई गई है। "सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और जनविश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत जानकारी, फर्जी दस्तावेज अथवा अन्य अनियमित माध्यमों से सरकारी सेवा प्राप्त करने का प्रयास गंभीर अपराध है।

# जिले के 4 लाख 61 हजार 4 सौ 75 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी गयी सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि: जिलाधिकारी



कार्यक्रम में उपस्थित डीएम और लाभार्थी

**मधुबनी,(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री बिहार, सम्राट चौधरी जी के द्वारा बुधवार को राज्य के सभी छह प्रकार के सामाजिक सुरक्षा के कुल 94 लाख 29 हजार 6 सौ 98 पेंशनधारियों के खातों में मई 2026 माह की पेंशन राशि कुल 10 अरब 96 करोड़ 44 लाख 46 हजार रुपये का डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से हस्तांतरण किया गया।जिसमें मधुबनी जिले के 4 लाख 61 हजार 4 सौ 75 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भेजी गयी।

इस अवसर पर समाहरणालय स्थित एनआईसी वीसी कक्ष में जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव वेबकास्टिंग) किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने बताया कि मधुबनी जिले के कुल 4 लाख 61 हजार 4 सौ 75 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 53 करोड़ 63 लाख 14 हजार 5 सौ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। यह राशि राज्य के सभी जिलों में सर्वाधिक है, जो जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दशार्ती है।उन्होंने बताया कि बिहार राज्य निःशक्ता पेंशन योजना के 26 हजार 3 सौ 80 पेंशनधारियों को कुल लगभग 2 करोड़ 99 लाख 99 हजार रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्ता पेंशन योजना के 5 हजार 5 सौ 30 पेंशनधारियों को 60 लाख 83 हजार रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 1 लाख 34 हजार 8 सौ 38 पेंशनधारियों को 14 करोड़ 85 लाख 24 हजार रुपये तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 28 हजार 9 सौ 20 पेंशनधारियों को 3 करोड़ 24 लाख 85 हजार 6 सौ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।इसके अतिरिक्त लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 18 हजार 4 सौ 83 पेंशनधारियों को 2 करोड़ 12 लाख 90 हजार 1 सौ रुपये तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2 लाख 47 हजार 324 लाभार्थियों को 29 करोड़ 79 लाख 65 हजार 8 सौ रुपये की राशि का भुगतान किया गया।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं समाज के वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं असहाय महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद भी कर उनके अनुभवों को जाना। लाभार्थियों में गीता देवी, विमला देवी, रुकसाना खातून, अनिता देवी ने माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नीतीश कुमार पाठक एवं काफी संख्या में विभिन्न पेंशन योजना के दर्जनों लाभार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूरे होने पर बाबा कपिलेश्वर स्थान मंदिर में पूजा किया सांसद



पूजा अर्चना करते सांसद

**मधुबनी (एनएसबी)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूरे होने पर बाबा कपिलेश्वर स्थान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना। भारत लोकतंत्र के इतिहास में निार्वाचिात प्रधानमंत्री के रूप में सतत राष्ट्र सेवा के समर्पित सर्वाधिक लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जी के लिए आज बुधवार को बाबा कपिलेश्वर स्थान मंदिर में भगवान महादेव के शिवलिंग पर विधिवत रूप से मधुबनी सांसद डॉ अशोक कुमार यादव, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हरि भूषण ठाकुर बचौल ने पूजा अर्चना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य ,दीघार्यु जीवन और सुख समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद डॉ अशोक कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिली है।भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीभूषण ठाकुर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है । मौके पर पूजा अर्चना करने वालों में राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र कुमार यादव ,जिला महामंत्री सुबोध कुमार चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, राम सकल यादव, कार्यालय प्रभारी कन्हैया शाह ,आईटी सेल जिला संयोजक आदित्य झा ,संयोजक चंद्रवीर यादव, बिनो राम ,चंद्रजीत यादव, अमरदीप ठाकुर, सियाराम महतो, दिलीप ठाकुर ,सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर मधुबनी नगर के स्टेडियम रोड स्थित हनुमान मंदिर में भी सांसद डॉ अशोक कुमार यादव ने पूजा अर्चना ,दीप प्रज्वलन,हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता पूजा अर्चना ने शामिल थे।

# जयनगर कांग्रेस को मिला अनुभवी नेतृत्व, सुरेन्द्र कुमार महतो दूसरी बार बने प्रखंड अध्यक्ष



प्रमाण पत्र देते अध्यक्ष

**जयनगर(एनएसबी)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी को एक बार फिर अनुभवी नेतृत्व मिला है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेन्द्र कुमार महतो को दूसरी बार जयनगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन को सशक्त बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सुरेन्द्र कुमार महतो लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकताओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी है।मधुबनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष (पश्चिम) मीना देवी कुशवाहा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।नियुक्ति के बाद सुरेन्द्र कुमार महतो ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। कार्यकताओं को सम्मान देने के साथ-साथ संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सुरेन्द्र महतो ने कहा कि जनसेवा, सामाजिक सरोकार और संगठन विस्तार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। युवाओं, किसानों, मजदूरों और समाज के सभी वर्गों को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ताकि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पश्चिम मीना देवी कुशवाहा, विशम्भर पूर्वे, डॉ. मुकेश महासेठ, राजकमल कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा दास, नवेन्द्र झा, सुजीत यादव, घनश्याम राउत, भानू प्रताप मंडल, मो. चांद, अजय झा, अवधेश सिंह, अरुण प्रधान, धनुष लाल महतो, रविन्द्र पोद्दार, प्रदीप पंजियार, अनुरंजन सिंह, मो. आरिफ, अयोधी पासवान, राकेश झा एवं मो. खालिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ने अपना हर्ष व्यक्त किया। इन नेताओं ने विश्वास जताया कि सुरेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में जयनगर में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा।

# गंभीर बीमारी से जूझ रहे नवजात को आयुष्मान योजना ने दिया जीवनदान, हुआ सफल इलाज



पीड़ित परिवार

**मधुबनी,(एनएसबी)।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए वरदान साबित हुई। मधुबनी जिले की रहने वाली 23 वर्षीय चंदा कुमारी के नवजात शिशु को गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझना पड़ रहा था, लेकिन आयुष्मान योजना के तहत समय पर और निःशुल्क उपचार मिलने से बच्चे की जान बच गई। सफल इलाज के बाद नवजात पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आया है।जानकारी के अनुसार चंदा कुमारी का प्रसव निर्धारित समय से पहले हो गया था। जन्म के कुछ ही समय बाद नवजात की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। चिकित्सकों ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल विशेष चिकित्सा सुविधा और निगरानी की आवश्यकता बताई। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज का खर्च उठाना उनके लिए बेहद कठिन था। गर्भावस्था के दौरान जांच, दवाइयों और अन्य आवश्यक उपचारों पर पहले ही काफी खर्च हो चुका था, जिससे परिवार आर्थिक दबाव में था।नवजात की गंभीर हालत ने परिवार की चिंता और बढ़ा दी।* *परिजनों को समझ नहीं आ रहा था कि महंगे इलाज का खर्च कैसे वहन किया जाएगा। इसी बीच आयुष्मान भारत योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। योजना के तहत जिले के एक सूचीबद्ध निजी अस्पताल में बच्चे का उपचार शुरू कराया गया।आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लगभग एक लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा पूरी तरह कैशलेस उपलब्ध कराई गई, जिससे परिवार को किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा।अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में नवजात का इलाज किया गया। समय पर उपचार मिलने से बच्चे की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और कुछ दिनों बाद उसे स्वस्थ घोषित कर घर भेज दिया गया।चंदा कुमारी ने बताया कि यदि आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिलता तो बच्चे का इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं था। उन्होंने सरकार और योजना से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला आयुष्मान समन्वयक कुमार प्रियरंजन ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि धन के अभाव में किसी मरीज का उपचार प्रभावित न हो। यह योजना आज हजारों परिवारों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली सफलता, विष्णुदेव गुप्ता बने आत्मनिर्भरता की मिसाल



**मधुबनी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड स्थित बलीराजपुर गांव के निवासी विष्णुदेव गुप्ता ने अपनी मेहनत और लगन से सफल उद्यमी बनने का सपना साकार किया है। इंटरमीडिएट शिक्षित विष्णुदेव गुप्ता पूर्व से ही उद्योग क्षेत्र में कार्यरत थे, जिससे उन्हें डिटर्जेंट पाउडर एवं साबुन निर्माण इकाई स्थापित करने की प्रेरणा मिली।जिला उद्योग केंद्र, मधुबनी से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त होने के बाद उन्होंने आवेदन किया। आवेदन स्वीकृत होने पर उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण मिला, जिसमें 35 प्रतिशत अनुदान भी शामिल था। इस वित्तीय सहायता से उन्होंने आधुनिक मशीनों की स्थापना कर वर्ष 2022 में अपने उद्योग की शुरूआत की।शुरूआती दौर में कुशल कारीगरों की कमी एक बड़ी चुनौती थी। हालांकि उन्होंने स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर उत्पादन कार्य प्रारंभ किया और धीरे-धीरे अपने उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाई। वर्तमान में उनकी इकाई में डिटर्जेंट पाउडर एवं साबुन का उत्पादन किया जाता है, जिसकी मांग बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ नेपाल तक है।विष्णुदेव गुप्ता बताते हैं कि उनकी इकाई का वर्तमान वार्षिक टर्नओवर लगभग 1.20 करोड़ रुपये है। उद्योग के माध्यम से उन्होंने स्थानीय स्तर पर आठ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी अपने गांव में ही रोजगार का अवसर मिला है।भविष्य में वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर उद्योग का विस्तार करना चाहते हैं ताकि बढ़ती बाजार मांग को पूरा किया जा सके। युवा उद्यमियों को संदेश देते हुए विष्णुदेव गुप्ता कहते हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार शुरू करें और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ें।

# समस्तीपुर मंडल में सघन टिकट जांच अभियान, 6,770 यात्री पकड़े गए



जांच करते रेलवे अधिकारी

**जयनगर (एनएसबी)।** रेलवे राजस्व की सुरक्षा तथा बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से समस्तीपुर मंडल द्वारा मंगलवार को मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलखंडों और स्टेशनों पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले 6,770 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे जुमार्ना एवं अतिरिक्त किराये के रूप में कुल 55.50 लाख रुपये की वसूली की गई।रेलवे अधिकारियों के अनुसार अभियान मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, जयनगर, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा तथा पूर्णिया कोर्ट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्टेशनों एवं रेलखंडों में एक साथ चलाया गया। जांच अभियान में 254 टिकट जांच कर्मियों (टीटीई) के अलावा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) तथा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।रेल प्रशासन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से मई 2026 तक बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए नियमित टिकट जांच के अतिरिक्त कई विशेष अभियान भी चलाए गए। इस दौरान 81 किलाबंदी जांच, 44 स्पॉट चेक, 16 मेगा चेक, एक लाल गाड़ी चेक, पांच बस रेड तथा पांच मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान आयोजित किए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल और मई माह में कुल 1.86 लाख बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया तथा उनसे 13.89 करोड़ रुपये का जुमार्ना एवं अतिरिक्त किराया वसूला गया।रेलवे अधिकारियों ने कहा कि बिना टिकट यात्रा रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। रेलवे द्वारा प्राप्त राजस्व का उपयोग यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, ट्रेनों के सुचारु संचालन तथा आधारभूत संरचना के विकास में किया जाता है। ऐसे में बिना टिकट यात्रा से होने वाली राजस्व हानि विकास कार्यो को भी प्रभावित करती है।इसके अलावा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण नियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को भी भीड़भाड़, सीटों की कमी और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करें।समस्तीपुर मंडल ने स्पष्ट किया है कि राजस्व संरक्षण और यात्रियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

### छोटु मोटु के सरकार का 12साल देश हुआ बदहाल, और कंगाल.:हनुमान प्रसाद राउत

**मधुबनी (एनएसबी)।** छोटु मोटु के सरकार का 12साल देश हुआ बदहाल, तंगाहाल और कंगाल. जिसे गंड अंध भक्त बेमिसाल कहकर जशन मना रहा ये बेशर्मी का हद पार करगया. ये बात राजद के प्रदेश महाचिव हनुमान प्रसाद राउत एवं फैयाज आलम कमाल ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा है. उक्त दोनों नेता ने की इस निकिम्मी सरकार की उपलब्धि है पहला नोट बंदी करके छोटे उद्योग की बंदी. जी एस टी लगाकर छोटे ब्यपार की बंदी. देश को 55लाख करोड़ रुपए के कर्ज को दो हजार पांच सो लाख करोड़ तक पहुंचना. फूलगामा मे 40सी आर पी जवानो को आर डी एस बिस्फोट से शहीद करवाना. पहल गाँव के एयर फोर्स स्टेशन को पाकिस्तानी एजेंट को निरिक्षण करवाना. महगाई की भट्टी मे देश की जनता को जलने के लिए झोकना. 65रुपए बाली पेट्रोल को सो पार लेजाना. 500रुपए बाली गैस को हजार के पार पहुंचना.

सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को पेंशन उत्सव कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने भेजी मई माह की पेंशन राशि, लाभार्थियों ने जताया आभार

# 4.03 लाख लाभार्थियों के खाते में भेजे गए 46.46 करोड़

**मुजफ्फरपुर(दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर जिले के 4,03,995 पेंशनधारियों के खातों में मई माह के कुल 46 करोड़ 46 लाख 4 हजार 100 रुपये पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। वही राज्य सरकार द्वारा इस विशेष अवसर को ह्लपेंशन उत्सवह्व के रूप में मनाया गया। मुजफ्फरपुर समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम सहित कई वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का किए गए सीधा प्रसारण में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के जनकल्याणकारी कार्य का स्वागत करते हुए इसे गरीब, वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। पेंशन उत्सव कार्यक्रम के दौरान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,25,009 लाभार्थियों के खाते में 13 करोड़ 77 लाख 59 हजार 100 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 27,073 लाभार्थियों के खाते में 2 करोड़ 99 लाख 56 हजार 600 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 2,282 लाभार्थियों के खाते में 25 लाख 10 हजार 200 रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 25,482 लाभार्थियों के खाते में 2 करोड़ 85 लाख 79 हजार 600 रुपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 20,923 लाभार्थियों के खाते में 2 करोड़ 39 लाख 10 हजार 200 रुपये की राशि भेजी गई।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत सर्वाधिक 2,03,226 लाभार्थियों के खातों में 24 करोड़ 18 लाख 88 हजार 400 रुपये का अंतरण किया गया। इस प्रकार विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 46 करोड़ 46 लाख 4 हजार 100 रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री एवं बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ी हुई पेंशन राशि उनके लिए आर्थिक राहत का बड़ा माध्यम बनेगी। कई लाभार्थियों ने कहा कि महंगाई के इस दौर में 400 प्रतिमाह की राशि उनकी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी, जबकि 1100 रुपए प्रतिमाह मिलने से दवा, भोजन, कपड़े तथा अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में काफी सहायता मिलेगी।लाभार्थियों ने कहा कि सरकार का यह निर्णय समाज के कमजोर वर्गों के प्रति उसकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सभी पेंशनधारियों को बधाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र एवं वास्तविक लाभार्थियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे, इसी उद्देश्य से जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पेंशन राशि को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 1100 रुपए प्रतिमाह किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए यह अतिरिक्त राशि घरेलू आय में सहयोगी और जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो रहा है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का मूल उद्देश्य ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यूनतम वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है और यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने इसे राज्य सरकार की दूरदर्शी एवं मानवीय पहल बताते हुए कहा कि इससे लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिल रहा है और सामाजिक सुरक्षा का दायरा और अधिक मजबूत हो रहा है।



पेंशन उत्सव कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान समाहरणालय सभागार में पेंशनधारियों को संबोधित करते डीएम।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर विधायक मां बगलामुखी पीतांबरी मंदिर में की विशेष पूजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नरेंद्र मोदी के 4 हजार से अधिक दिनों तक देश के प्रधानमंत्री पद पर बने रहने के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर विधायक रंजन कुमार द्वारा मां बगलामुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ और समर्थको ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, सफल और दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों


मोदी सरकार के 12 वर्ष पुरे होने के उपलक्षय में नगर के बगलामुखी मंदिर में विधायक रंजन कुमार के नेतृत्व में हवन पूजन करते भाजपा के लोग।

में विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। विधायक ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी देश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें ताकि वे आगे भी देश की सेवा करते रहें। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के सफल एवं दीर्घ कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर रागिनी रानी, विजय पांडेय, विशेश्वर शंभू, धर्मेंद्र साहू, आशीष श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पूर्व प्राचार्य व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. श्यामा चरण प्रसाद के निधन से बिहार विवि और एलएस कॉलेज में शोक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरएबीयू के पूर्व विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं लंगट सिंह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ श्यामा चरण प्रसाद के आकस्मिक निधन से विवि प्रशासन, शिक्षा जगत और छात्र-छात्राओं में शोक की लहर दौड़ गई है। स्व डॉ श्यामा चरण प्रसाद भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विषय के मूर्धन्य विद्वान थे। वे बीआरएबीयू के पीजी भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर भी लंबे समय तक रहे। कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने डॉ श्यामा चरण प्रसाद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। कुलपति प्रो राय ने कहा कि डॉ श्यामा चरण प्रसाद जी का जाना शिक्षा जगत, विशेषकर विश्वविद्यालय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे एक असाधारण शिक्षाविद् और भौतिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स के इनसाइक्लोपीडिक ज्ञाता थे। उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा और शोध को समर्पित रहा। वही भौतिक शास्त्र तथा इलेक्ट्रॉनिक के मूर्धन्य विद्वान लंगट सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य एवं फिजिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक साइंस के स्नातकोत्तर विभाग के विभाग अध्यक्ष रहे प्रोफेसर श्यामा चरण प्रसाद के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विवि की भौतिक शास्त्र की पूर्व विभागध्यक्ष डॉ तारण राय ने कहा है कि शिक्षा जगत ने एक अमूल्य धरोहर को खो दिया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी स्व डॉ प्रसाद निरंतर इलेक्ट्रॉनिक को सरल बनाने के लिए लगातार हिंदी में कई किताबें लिखते रहे। वे हमेशा चाहते थे कि आम भाषा में बच्चों को विज्ञान के प्रति रूझान पैदा कर वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक दृष्टिकोण में सामंजस्य स्थापित करें। डॉ प्रसाद को श्रद्धांजलि देतें हुए डॉ तारण राय ने कहा कि उनका निधन एक धरोहर का अंत जैसा है, जो शिक्षा जगत को शायद हीं दोबारा प्राप्त हो सके। लंगट सिंह कॉलेज की प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने पूर्व प्राचार्य डॉ. श्यामा चरण प्रसाद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे कॉलेज परिवार के लिए एक अत्यंत दुखद क्षण बताया। उन्होंने कहा कि एल एस कॉलेज के विकास में और यहाँ अकादमिक स्तर को ऊंचाइयों पर ले जाने में डॉ श्यामा चरण प्रसाद का ऐतिहासिक योगदान रहा है, जिन्होंने पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रो टीके डे, बीएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो राजकिशोर प्रसाद, डॉ नवीन कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ स्वीटी सुप्रिया, डॉ विनीत कुमार, डॉ नीरज कुमार, जितेंद्र मोहन, अनिल ठाकुर आदि मुख्य थे।


डॉ श्यामा चरण प्रसाद की फाइल फोटो।

### पानापुर करियात पुलिस ने दो शातिर अपराधियों कोहथियार व लूट की राशि के साथ किया गिरफ्तार

**कांटी (एनएसबी)।** पानापुर करियात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फसीयरबा चौक से रौतीनिया जाने वाली सड़क पर 2 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान रवि रंजन कुमार, थाना पानापुर करियात क्षेत्र व राजन कुमार, थाना पूसा जिला समस्तीपुर निवासी के रूप में हुई है। पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस, एक बाईक और लूटी गई राशि में से 3950 रुपये व 2 मोबाइल बरामद की गई है। यह जानकारी एसडीपीओ पश्चमी वन सुचित्रा कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के उर्दू स्कूल के पास से लूटी गई करीब 62 हजार रुपये के मामले में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों अपराधियों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही पीड़ित ने भी पहचान परेड के माध्यम से दोनों की पहचान की है। उन्होंने बताया कि दोनों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# मुशहरी में बियाडा की 451 एकड़ अधिग्रहित भूमि का दस्तावेज नहीं मिलने से मचा बवाल, कागज ढूंढने में जुटा जिला प्रशासन

**बियाडा द्वारा अधिग्रहित जमीन का दाखिल खारिज नहीं कराये जाने तथा वास्तविक दखल कब्जा नहीं होने के बावजूद जमीन को रोक सूची में शामिल करा दिए जाने से रैयतों की बढ़ी मुश्किलें**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुशहरी अंचल के विभिन्न मौजा में वर्ष 1986 में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए अधिग्रहित की गई 451 एकड़ भूमि को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) द्वारा भूमि की खोजबीन शुरू किए जाने और उसे रोक सूची में दर्ज कराने के बाद सैकड़ों रैयतों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के विस्तारीकरण के उद्देश्य से बियाडा द्वारा 451 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन अधिग्रहण के बाद न तो बियाडा द्वारा अधिग्रहित भूमि का दाखिल-खारिज कराया गया और न ही रैयतों से उसका वास्तविक दखल-कब्जा लिया गया। इसी दौरान वर्षों तक जमीन की खरीद-बिक्री होती रही और अब उक्त क्षेत्र में बड़ी संख्या में मकान और अन्य निर्माण खड़े हो चुके हैं। हाल में बियाडा द्वारा पुराने अभिलेखों की जांच शुरू की गई और प्रारंभिक दस्तावेजों के आधार पर अधिग्रहित भूमि को रोक सूची में शामिल करा दिया गया, जिससे जमीन मालिकों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। इसके बाद रैयतों ने जिला प्रशासन से अधिग्रहण से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की है। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला भू-अर्जन



मुशहरी स्थित बियाडा द्वारा अधिग्रहित जमीन को लेकर मचा बवाल।

कार्यालय ने भी पुराने रिकॉर्ड की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, उस समय भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया रतवारा स्थित गंडक कॉलोनी के विशेष भू-अर्जन कार्यालय से संचालित हुई थी। कार्यालय के स्थानांतरण के दौरान उक्त जमीन से संबंधित कई दस्तावेज नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी शालीग्राम साह ने बताया कि कार्यालय में अधिग्रहण से संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध हैं, लेकिन शिफ्टिंग के दौरान संभावना है कि कुछ कागजात नष्ट हो गए हैं। इसी कारण बियाडा से भी अधिग्रहण संबंधी सभी अभिलेख मांगे गए हैं, ताकि उपलब्ध रिकॉर्ड का मिलान कर स्थिति स्पष्ट की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि भू-अर्जन कार्यालय में कुछ दस्तावेज नहीं मिलते हैं, तो बियाडा के पास अधिग्रहण से जुड़े सभी आवश्यक कागजात होने चाहिए। इसलिए बियाडा को रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

वहीं रैयतों का दावा है कि भूमि अधिग्रहण को लेकर अधिसूचना तो जारी की गई थी, लेकिन उन्हें कभी कोई नोटिस नहीं मिला और न ही मुआवजे का भुगतान किया गया। रैयतों का कहना है कि वे पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से उक्त भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं। रैयतों ने स्पष्ट किया है कि यदि अधिग्रहण से संबंधित दस्तावेज बियाडा द्वारा नहीं प्रस्तुत किया गया तो वे पूरी प्रक्रिया को कानूनी रूप से चुनौती देंगे।

# मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में अलग अंचल कार्यालय खोलने की मांग तेज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी ने नगर निगम क्षेत्र की बढ़ती आबादी एवं विस्तारित प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र के लिए अलग अंचल कार्यालय खोलने तथा स्थायी अंचल अधिकारी की नियुक्ति की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। विभागीय मंत्री को सौपे गए अपने पत्र में मेयर ने कहा है कि मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र का लगातार विस्तार हो रहा है, जिससे आबादी और वार्डों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक ही अंचल कार्यालय होने के कारण नागरिकों को भूमि दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), एलपीसी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के लिए अलग समर्पित अंचल कार्यालय की स्थापना होने से आम लोगों को बेहतर और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी तथा शहरी क्षेत्र की प्रशासनिक जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। मेयर निर्मला देवी ने सरकार से मांग की है कि नगर निगम क्षेत्र के हित में शीघ्र अलग अंचल कार्यालय की स्थापना की जाए और वहां स्थायी अंचल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को सुगम एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।


नगर निगम क्षेत्र के लिए अलग से अंचल कार्यालय खोलने तथा स्थाई रूप से अंचलाधिकारी की नियुक्ति के लिए मंत्री को ज्ञापन सौपती मेयर।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम किये स्थापित : केदार गुप्ता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के ऐतिहासिक 12 वर्ष पुरे होने पर राज्य के पर्यटन मंत्री व कुढ़नी के विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने बुधवार को क्षेत्र के रजला पंचायत स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। साथ हीं हवन कर समृद्ध, विकसित और शक्तिशाली भारत के निर्माण में जुटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर स्थानीय विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी मनोज तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप सहनी, प्रमोद चौधरी, बैजू राम, दीपक पासवान, आशुतोष पासवान, दीपक सिंह प्रेम कुशवाहा, शेखर सहनी, रंजन मिश्रा, अमित कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विनय पासवान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मनोज पासवान, छोटू दास, विनोद दास, अरविंद गुप्ता, सचिन सिंह, आदित्य विक्रम, विभीषण पासवान, अंकित सिंह, अमरनाथ सिंह, विपिन सिंह, शैलेश साह, संजीत सिंह, दशरथ सिंह, रामलाल पासवान, रामस्वार्थ पासवान, रंजीत साह, डॉ देव कुमार देव, मिंटू साह, नुनु साह, गौरी यादव, धर्मेंद्र चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।


शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

# मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर गरीबनाथ धाम में भाजपा नेताओं–कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक जलाभिषेक व हवन पूजन

**यह 12 साल केवल भौतिक विकास के नहीं, बल्कि भारत के 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में एक स्वर्णिम युग की शुरूआत का समय है : सुरेश कुमार शर्मा**

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के सफल और बेमिसाल 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को मुजफ्फरपुर भाजपा ने इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया। इस मौके पर ऐतिहासिक बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे भाजपा के नेताओ व कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से बाबा गरीबनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की तथा जश्न मनाया।

भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा गरीबनाथ के दरबार में पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक कर किया गया। इसके पश्चात, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और उनके दीघार्यु होने की कामना करते हुए विशेष हवन किया गया। मोदी सरकार के 12 वर्षों के सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलक्ष्य में भाजपा के वरिष्ठ नेताओ पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व एमएलसी नरेंद्र प्रसाद सिँह, प्रदेश भाजपा के नेता राजेश वर्मा सहित अन्य नेताओ ने मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकताओं और सभी श्रद्धालुओं के बीच हर्षोल्लास के साथ लड्डू बांटे और खुशी का इजहार किया। वही मौके पर

वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, नरेंद्र प्र सिंह, बिहार 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य राजेश वर्मा, विवेक कुमार, मुकेश शर्मा, मेयर निर्मला साहू आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की। नेताओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। वकताओं ने बाबा गरीबनाथ से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, ताकि उनके नेतृत्व में भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने का संकल्प निर्बाध रूप से आगे बढ़ता रहे। नेताओ ने कहा कि मोदी सरकार के 12 साल पूरी तरह से 'गरीब कल्याण' को समर्पित रहा हैं, जिनमें जन-धन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का जीवन संवारा है। बीते 12 वर्षों में भारत का बुनियादी ढांचा अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुआ है और आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होकर एक नई पहचान बना चुकी है। मोदी जी के इस बेमिसाल कार्यकाल में न सिर्फ देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, बल्कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर से लेकर काशी विश्वनाथ कॉरिडोर तक हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का भी पुनर्जागरण हुआ है। यह 12 साल केवल भौतिक विकास के नहीं, बल्कि भारत के 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में एक स्वर्णिम युग की शुरूआत हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान पुजारी विनय पाठक, उपाध्यक्ष अशोक झा, इंदिरा सिंह, अरविंद कुमार, महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, मंत्री पारितोष सिंह, जिला सह कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर, विधानसभा प्रभारी अमिताभ कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनालिसा, युवा मोर्चा महामंत्री सूरज मुखिया, प्रवक्ता मनीष कुमार, जिला संयोजक रोहन चौधरी, मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, नंदकिशोर ठाकुर, राजन भारद्वाज और उत्पल रंजन सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ इस अवसर को और भी खास बना दिया।


बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते भाजपा के नेतागण।


12 साल बेमिसाल के नारे के साथ जश्न मनाते भाजपा के लोग।

# मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारियों को भेजी मई माह की पेंशन

## जिले के कुल 3,03,728 पेंशनधारियों के खाते में 35 करोड़ 17 लाख 15 हजार 500 रु की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारियों की पेंशन को 400 से बढ़कर 1100 रुपए करने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही सरकार द्वारा पेंशनधारियों को जानकारी दी गई थी कि हर माह 10 तारीख को पेंशनधारी विगत माह का पेंशन 1100 प्रति माह की दर से प्राप्त कर सकेंगे। इस कड़ी में आज 10 जून 2026 को माह मई 2026 की पेंशन की राशि पेंशनधारियों के खाते में अंतरित की गई।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सीधे प्रसारण के माध्यम से पूरे राज्य भर से बड़ी संख्या में पेंशनधारी इस अवसर के साक्षी बने। सीतामढ़ी जिला में मुख्य कार्यक्रम समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में आयोजित किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा मुख्यमंत्री, बिहार के वृद्धजनों विधवाओं एवं दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान की आकांक्षा के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। उनके द्वारा वृद्ध, विधवाओं एवं निशक्त जिला वासियों के अधिकारों के संरक्षण तथा उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृद्धजन, विधवाओं एवं दिव्यांग जनों की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।उन्होंने आज आश्वस्त किया कि प्रशासन इन वर्गों के अधिकारों के संरक्षण और कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।



पटना में आयोजित कार्यक्रम का सीधे प्रसारण में मुख्यमंत्री और पूरे राज्य भर से जुड़े पेंशनधारी व अन्य।


विमर्श सभा कक्ष में जिलास्तरीय कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय, पेंशनधारी व अन्य।

इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा श्री लाल कृष्ण राय द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 71858 वृद्ध जनों हेतु कुल 7,92,78,700 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के तहत 19908 पेंशनधारियों हेतु कुल 2,22,67,700 रुपए, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन के 2078 पेंशनधारियों हेतु 22,88,000, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 168967 पेंशनधारी हेतु कुल 20,17,99,900 रू, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 15570 पेंशनधारियों के लिए 1,77,48,900, बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना के 25347 पेंशन धारी के लिए 2,83,32,300 सहित कुल 3,03,728 पेंशनधारियों के लिए कुल 35 करोड़ 17 लाख 15 हजार 500 रुपए की राशि पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी पेंशनधारियों को माह मई 2026 का पेंशन प्राप्त करने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा लाल कृष्ण राय, डीपीओ आईसीडीएस निशिकांत एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी रिची पांडेय ने वृद्ध,विधवाओं एवं दिव्यांग जनों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान का दिया संदेश

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षकों की 10 सूत्री मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), मुजफ्फरपुर को 10 सूत्री मांगपत्र सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में नियमित, नियोजित, विशिष्ट, प्रधान शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापकों से जुड़ी प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इन मामलों के समाधान के लिए शिक्षकों को बार-बार शिक्षा विभाग के कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान शिक्षकों के लंबित एरियर, विशिष्ट शिक्षकों एवं विद्यालय अध्यापकों के डीए-एचआरए एरियर, उच्च न्यायालय के आदेशानुसार देय एरियर तथा जीओबी मद से वेतन प्राप्त करने वाले नियोजित शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। इसके अलावा सेवा निरंतरता के आधार पर प्रोन्नति एवं वेतन निर्धारण, बीपीएससी के माध्यम से नियुक्त पूर्व नियोजित शिक्षकों को वेतन संरक्षण (पे प्रोटेक्शन) का लाभ, विशिष्ट शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति में शामिल करने तथा एचआरए निर्धारण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की मांग भी रखी गई। लंबित अवकाश आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन एवं ग्रेड पे निर्धारण संबंधी मामलों के समाधान की भी मांग की गई। अभिषेक झा ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। वहीं डीईओ एवं डीपीओ (स्थापना) ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए एक सप्ताह के भीतर समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दीपा रानी, पूजा कुमारी, नेहा गर्ग, आचार्य रवि, संतोष शर्मा, कन्हैया झा, रोहित कुमार, अरुण निराला, सुमन झा, संजय कुमार, शशांक शेखर, मृत्युंजय कुमार, हिमांशु शेखर, प्रकाश दीक्षित, राकेश कुमार समेत अन्य शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### मुजफ्फरपुर व पटना तक चल रही ट्रेनों के सीतामढ़ी तक विस्तार की माँग

#### सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने रेल मन्त्री को पत्र लिखा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने रेल मन्त्री, भारत सरकार को पत्र लिखकर मुजफ्फरपुर और पटना तक चल रही ट्रेनों के सीतामढ़ी तक विस्तार की माँग की। सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने कहा कि माता सीता की पावन जन्मभूमि सीतामढ़ी में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की सुविधा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 13419/13420 भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस, 15215/15216 मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस, 75213/75214 रक्सौल-मेहसी डेमू, 63309 मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज मेमू, 63311/63312 मुजफ्फरपुर-रक्सौल मेमू, 63313/63314 मुजफ्फरपुर-सिकटा मेमू, 63338 नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर मेमू, 63341/63342 मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज मेमू, 63268 पाटलिपुत्रा-मुजफ्फरपुर, 15053/15054 छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस, 15083/15084 उत्सर्ग (छपरा-फरुर्खाबाद) एक्सप्रेस ट्रेनों का सीतामढ़ी तक विस्तार किया जाना चाहिए।

पिछले दिनों जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका के नेतृत्व में केन्द्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट), सीतामढ़ी ने सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर से मुलाकात कर मुजफ्फरपुर की ट्रेनों का सीतामढ़ी तक विस्तार एवं सीतामढ़ी से गया जी के बीच नमो भारत रैपिड वातानुकूलित आधुनिक ट्रेन चलाने हेतु ज्ञापन सौंपा था। वहीं सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर ने रेल मन्त्री को लिखे दूसरे पत्र में माता सीता के प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी से मोक्ष नगरी गया जी की कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु सीतामढ़ी से गया जी के लिए भाया मुजफ्फरपुर - हाजीपुर - पटना नमो भारत रैपिड वातानुकूलित आधुनिक ट्रेन का प्रतिदिन परिचालन का अनुरोध किया है। गया जी आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को सीतामढ़ी भी आने का मौका मिलेगा।

# मस्तिष्क ज्वर से बचाव को लेकर शिवमोहम्मदपुर में संध्या चौपाल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मस्तिष्क ज्वर (एईएस) एवं जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नानपुर प्रखंड के शिवमोहम्मदपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एचडब्ल्यूसी) पर संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, आशा कार्यकताओं एवं पंचायती राज प्रतिनिधियों ने भाग लेकर रोग की रोकथाम एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने मस्तिष्क ज्वर एवं जापानी इंसेफ्लाइटिस के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को कभी भी खाली पेट नहीं सोने देना चाहिए। यदि बच्चे सो गए हों तो उन्हें जगाकर भोजन अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि बच्चों में बुखार, सुस्ती, ऐंठन या चमकी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें तथा एम्बुलेंस 102 या अन्य उपलब्ध वाहन से नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने ओझा-भक्ता के चक्कर में पड़कर समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी।

इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा भेजे गए प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से मस्तिष्क ज्वर एवं जापानी इंसेफ्लाइटिस से बचाव संबंधी जागरूकता फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे ग्रामीणों ने गंभीरता से देखा।


नानपुर प्रखंड के शिवमोहम्मदपुर में संध्या चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. यादव ने वर्ष 2022 में मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित रहे एक बच्चे की स्वास्थ्य जांच भी की तथा उसके अभिभावकों को नियमित रूप से चिकित्सकीय परामर्श लेते रहने की सलाह दी।

चौपाल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, बीडीसीओ प्रिंस कुमार, मो. आरिफ, पवन कुमार, वीबीडीएस दीपक कुमार, सीएचओ उत्पल कुमार, एएनएम हर्षिता कुमारी, पायल कुमारी, कमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एवं अन्य पेंशन योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के सौजन्य से परिषद सभागार, जवाहरलाल रोड में बुधवार को पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एवं अन्य पेंशन योजनाओं पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली भारत सरकार की पेंशन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था।


दीप प्रज्वलित कर जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथिगण।

कार्यक्रम का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया प्रशांत कुमार मैनेजर पीएफआरडीए, एमएसएमई के भिमसेन, प्रकाश मिश्रा, तणवीर हसन, पुरुषोत्तम पोद्दार, गोपाल तुलस्यान, चार्टेड एकाउंटेंट प्रमोद जाजोदिया व बाबूलाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत संबोधन में परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति को अपने भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए योजनाबद्ध निवेश करना आवश्यक है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एक ऐसी महत्वपूर्ण योजना है जो नियमित निवेश के माध्यम से सेवानिवृत्ति के पश्चात सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने में सहायक सिद्ध होती है। कार्यशाला में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अटल पेंशन योजना सहित भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनपीएस एक स्वैच्छिक एवं दीर्घकालिक निवेश योजना है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने कार्यकाल के दौरान नियमित अंशदान कर सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्राप्त कर सकता है। साथ ही इस योजना में आयकर लाभ, पारदर्शिता एवं ऑनलाइन प्रबंधन जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधि नीरज कुमार ने योजनाओं के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी पात्र नागरिक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अपना एनपीएस खाता खुलवा सकता है। उन्होंने खाते के संचालन, निवेश विकल्पों, नामांकन प्रक्रिया तथा ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विस्तार से उत्तर भी दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित व्यवसायियों, उद्योगपतियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पेंशन योजनाओं के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा इसे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए पेंशन योजनाओं से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में परिषद की ओर से अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। परिषद ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर समाज को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में भरत अग्रवाल, महेंद्र तुलस्यान, मुकेश रुता, मुकेश तुलस्यान अनिल कुमार शाह, अशोक निमानी आदि उपस्थित थे।

# भगवान राम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नगर के छाता चौक स्थित चित्रगुप्त एसोसिएशन परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सत्य कालिंदी मैटरनिटी एण्ड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं चित्रगुप्त एसोसिएशन मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में चल रही इस कथा में पूज्य कथावाचक पंडित रविशंकर ठाकुर जी महाराज ने माता सती, माता पार्वती तथा भगवान शिव से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि माता सती संशय की प्रतीक थीं, जबकि माता पार्वती श्रद्धा का स्वरूप हैं। जब संशय को भगवान शिव जैसे अटूट विश्वास का साथ मिलता है, तब वह श्रद्धा में परिवर्तित हो जाता है। कथा के दौरान भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह, भगवान कार्तिकेय के जन्म तथा तारकासुर वध की कथा भी सुनाई गई। महाराज जी ने बताया कि भगवान कार्तिकेय ने धर्म की रक्षा के लिए तारकासुर का संहार किया था। कथा का प्रमुख आकर्षण वह प्रसंग रहा, जिसमें माता पार्वती भगवान शिव से श्रीराम अवतार का कारण पूछती हैं। भगवान शिव बताते हैं कि रावण के अत्याचारों से त्रस्त पृथ्वी एवं संतों की रक्षा तथा धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्रीराम ने अवतार लिया। श्रीराम जन्मोत्सव के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में संपन्न पुत्रकामेष्टि यज्ञ के फलस्वरूप राजा दशरथ को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई और चैत्र शुक्ल नवमी को माता कौशल्या के आंगन में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अजय नारायण सिन्हा, प्रो. अजय श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार पिंकू, संजय श्रीवास्तव, अनामिका, अमित प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अजय कुमार, उदय नारायण सिन्हा, राजेश राजू, विशम्बर सिन्हा, रजनीश अम्बष्ट, कोमल प्रकाश श्रीवास्तव, राजा तिवारी, संदीप कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहें।


कार्यक्रम में कथा वाचक पं. रविशंकर ठाकुर एवं आयोजन समिति से जुड़े श्रद्धालु।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक मौके पर विशेष आयोजन

# पुनौरा धाम में भाजपा नेताओं ने किया हवन-पूजन

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी, सीतामढ़ी जिला इकाई की ओर से बुधवार को पुनौरा धाम स्थित गायत्री मंदिर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष तक प्रधानमंत्री पद पर सेवा देने के ऐतिहासिक अवसर पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने की। हवन-पूजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा में निरंतर सफलता की कामना की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि एक गरीब परिवार से निकलकर देश का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास रचा है, जो पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।


हवन-पूजन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता व पार्टी के अन्य नेता।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में गरीब कल्याण को शासन की प्राथमिकता बनाया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों सहित आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विकास हुआ है। डिजिटल क्रांति ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा वंचित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव रखी गई है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री चुनचुन सिंह, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक प्रिंस तिवारी, विशाल कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशाल कुमार, अंशुल प्रकाश, गगनदेव यादव, नवीन कुशवाहा, श्रवण कुमार, सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार, विश्वनाथ सिंह, हरि किशोर साह तथा जिला मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना लोकतंत्र पर प्रहार : कांग्रेस

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यह निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। देश का संविधान प्रत्येक नागरिक को चुनाव लड़ने और जनता के बीच अपनी बात रखने का अधिकार देता है लेकिन जिस प्रकार विपक्ष की आवाज को प्रशासनिक और तकनीकी वहानों के माध्यम से दबाने का प्रयास किया जा रहा है वह चिंताजनक है। उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने यहां जारी वक्तव्य में कही।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्ठा पक्ष पर लगातार प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं विपक्ष के नेताओं और कार्यकताओं को निशाना बनाने की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है कांग्रेस पार्टी इस निर्णय का कर विरोध करती है और मांग करती है कि इस मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर न्याय सुनिश्चित किया जाए। जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना, जिला प्रभारी डॉ गौरव वर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ राजीव कुमार काजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र संविधान और जनता के अधिकार की रक्षा के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी तथा किसी प्रकार के अन्याय के मामले में झुकेगी नहीं।

# 11 माह से वेतन नहीं मिला, कॉलेज कर्मियों के परिजनों ने किया हंगामा

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय प्रिया रानी रॉय डिग्री कॉलेज में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के परिजनों ने बुधवार को कॉलेज परिसर पहुंचकर बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों को पिछले 11 माह से आंतरिक स्रोत से मिलने वाला मासिक वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट गहरा गया है। परिजनों ने कहा कि कई परिवार भुखमरी जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जबकि कई कर्मचारी और उनके परिजन बीमारी से ग्रसित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आर्थिक तंगी के कारण किसी परिवार में कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। मामले पर कॉलेज के प्रभारी प्रोफेसर देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा कई बार विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर बकाया 11 माह के वेतन भुगतान की अनुमति मांगी गई है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का बैंक खाता फिलहाल अवरुद्ध है, जिसके कारण भुगतान में परेशानी हो रही है। वहीं, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. संजय सिंह ने बताया कि कॉलेज की मूल संचिका कॉलेज निरीक्षक प्रो. राजीव कुमार के पास है और उनके पास आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में प्रक्रिया आगे बढ़ाने में कठिनाई आ रही है। घटना के बाद शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिजनों में गहरा आक्रोश देखा गया। दूसरी ओर, कॉलेज प्रशासन ने समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत होने का दावा किया है।

## सम्पादकीय

# बिहार के विकास में केंद्र की मोदी सरकार का है सहयोग

भारत के संघीय ढाँचे में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय विकास की आधारशिला माना जाता है। किसी भी राज्य की प्रगति तभी संभव है जब राज्य सरकार की योजनाओं को केंद्र सरकार का पर्याप्त सहयोग प्राप्त हो। बिहार, जो लंबे समय तक बुनियादी ढाँचे, औद्योगिक विकास और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझता रहा है, आज विकास के नए पथ पर अग्रसर दिखाई देता है। इस परिवर्तन में राज्य सरकार के प्रयासों के साथ-साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिछले कुछ वर्षो में बिहार को सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृषि, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगार सृजन जैसे अनेक क्षेत्रों में केंद्र सरकार से व्यापक सहायता प्राप्त हुई है, जिससे राज्य के विकास को नई गति मिली है।

बिहार के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान आधारभूत संरचना के क्षेत्र में देखने को मिलता है। केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण और विस्तार के लिए हजारों करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। पहले जहाँ बिहार के कई जिलों के बीच सड़क संपर्क कमजोर था, वहीं आज नए फोर-लेन और सिक्स-लेन राजमार्गो के निर्माण से यात्रा का समय कम हुआ है और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। गंगा नदी पर कई नए पुलों का निर्माण भी केंद्र सरकार के सहयोग से संभव हुआ है। इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क मजबूत हुआ है तथा परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम बनी है। सड़क संपर्क बेहतर होने से ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की पहुँच आसान हुई है।

रेलवे क्षेत्र में भी बिहार को विशेष महत्व दिया गया है। राज्य में अनेक रेलवे परियोजनाओं को स्वीति दी गई है तथा कई नई रेल लाइनों का निर्माण किया गया है। रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, नई ट्रेनों के संचालन और यात्री सुविधाओं के विस्तार से बिहार के लोगों को लाभ मिला है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के विस्तार तथा रेलवे नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण से राज्य की कनेक्टिविटी राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। बिहार के अनेक जिलों को रेल मार्गो से बेहतर तरीके से जोड़ने का कार्य केंद्र सरकार के सहयोग से तेजी से आगे बढ़ा है।

ऊर्जा क्षेत्र में भी केंद्र सरकार ने बिहार को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। एक समय था जब बिहार बिजली संकट के लिए जाना जाता था, लेकिन आज बिजली आपूर्ति की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं और योजनाओं के माध्यम से राज्य में उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने का कार्य किया गया है। ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतर्गत हजारों गाँवों तक बिजली पहुँचाई गई है। बिजली की उपलब्धता बढ़ने से उद्योग, व्यापार, शिक्षा और घरेलू जीवन सभी क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है।

कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बिहार के लाखों किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। इससे छोटे और सीमांत किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिली है। इसके अलावा सिंचाई, फसल बीमा और कृषि अवसंरचना से संबंधित योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुँचाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में तकनीकी सुधार और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को प्रोत्साहित करने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि की संभावना बनी है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में बिहार को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से विशेष लाभ मिला है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब और कमजोर वर्गो को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्य में नए चिकित्सा महाविद्यालयों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना के लिए भी केंद्र सरकार ने सहयोग दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा टीकों की आपूर्ति, स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता और वित्तीय सहायता ने बिहार को संकट से निपटने में महत्वपूर्ण मदद प्रदान की। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्राप्त होने लगी हैं।

औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी केंद्र सरकार बिहार को प्रोत्साहित कर रही है। निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनाएँ और प्रोत्साहन दिए गए हैं। खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, ऊर्जा और लघु उद्योगों के क्षेत्र में नई संभावनाएँ विकसित हुई हैं। औद्योगिक विकास से रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है और इससे राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। बिहार जैसे राज्य के लिए औद्योगिकीकरण अत्यंत आवश्यक है।

# मजबूत नेतृत्व, विकास और राष्ट्रीय गौरव का युग



उषा सिंह

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी दौर के रूप में देखा जा रहा है। मई 2014 में सत्ता संभालने के बाद से लेकर 2026 तक के लगभग 12 वर्षो में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, तकनीकी और कूटनीतिक क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं। मोदी सरकार ने स्वयं को विकास, सुशासन, राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता के एजेंडे के साथ प्रस्तुत किया। इस अवधि में कई ऐसी योजनाएँ और नीतियाँ लागू की गईं जिनका प्रभाव देश के करोड़ों नागरिकों पर पड़ा। साथ ही, कुछ निर्णयों को लेकर व्यापक बहस और आलोचना भी हुई। इसलिए मोदी सरकार के 12 वर्षो का मूल्यांकन केवल उपलब्धियों या केवल कमियों के आधार पर नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए।

मोदी सरकार की सबसे प्रमुख उपलब्धियों में से एक आर्थिक सुधारों और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना रहा है। सरकार ने बैंकिंग सुविधाओं से वंचित लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए जनधन योजना प्रारम्भ की, जिसके माध्यम से करोड़ों नए बैंक खाते खोले गए। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए आधार, जनधन और मोबाइल तकनीक को एकीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप भारत आज डिजिटल लेन-देन के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने भुगतान व्यवस्था को सरल, सुरक्षित और तेज बनाया। इसके अतिरिक्त वस्तु एवं सेवा कर लागू कर देश की कर प्रणाली को एकीकृत करने का प्रयास किया गया। यद्यपि प्रारंभिक वर्षो में व्यापारियों और छोटे उद्योगों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, फिर भी इसे स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े कर सुधारों में गिना जाता है।

उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र में सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों को बढ़ावा दिया। इन अभियानों का उद्देश्य विदेशी निवेश आकर्षित करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाना और रोजगार के अवसर पैदा करना था। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रनिक्स और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के स्तर में वृद्धि हुई और देश वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक बाजार के रूप में उभरा। हालांकि, इसके बावजूद बेरोजगारी की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी और रोजगार सृजन की गति को लेकर सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।

सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में मोदी सरकार ने अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएँ लागू कीं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुँचा। स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों शौचालयों का निर्माण कराया गया और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई गई। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से आवास और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पहुँच बढ़ाने का प्रयास किया गया। इन योजनाओं ने सरकार की जनकल्याणकारी छवि को मजबूत किया और ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा।

कृषि क्षेत्र में सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने का लक्ष्य रखा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सिंचाई, कृषि तकनीक और कृषि अवसंरचना के विकास पर भी ध्यान दिया गया। हालांकि, वर्ष 2020 में लाए गए तीन कृषि कानूनों ने व्यापक विवाद को जन्म दिया। किसानों के बड़े आंदोलन और लंबे विरोध प्रदर्शन के बाद सरकार ने 2021 में इन कानूनों को वापस ले लिया। यह घटना मोदी सरकार के कार्यकाल की सबसे बड़ी राजनीतिक चुनौतियों में से एक मानी जाती है।

विदेश नीति के क्षेत्र में मोदी सरकार ने भारत की वैश्विक भूमिका को मजबूत करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक देशों की यात्राएँ कीं और भारत के रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ बनाया। अमेरिका, फ्रांस, जापान, अस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति अधिक




प्रभावी ढंग से दर्ज कराई। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी और वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में भारत की भूमिका ने देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं। विदेश नीति के क्षेत्र में मोदी सरकार की सक्रियता को व्यापक रूप से सराहा गया।

राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी मोदी सरकार ने कठोर और निर्णायक रुख अपनाने का प्रयास किया। उरी हमले के बाद की गई सर्जिकल स्ट्राइक तथा पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक को सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया गया। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कार्य किया। सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास तथा सैन्य आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। इन कदमों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर सरकार की मजबूत छवि स्थापित करने में योगदान दिया।

मोदी सरकार के कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण पहलू संवैधानिक और राजनीतिक निर्णय भी रहे हैं। वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उसके विशेष दर्जे को समाप्त किया गया। सरकार ने इसे राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया, जबकि आलोचकों ने इसे संघीय ढाँचे और नागरिक अधिकारों के दृष्टिकोण से विवादास्पद माना। इसी प्रकार नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर भी देशभर में व्यापक बहस और विरोध प्रदर्शन हुए। दूसरी ओर, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और उसकी प्राण प्रतिष्ठा ने भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा प्रभाव डाला तथा इसे करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ी ऐतिहासिक घटना माना गया।

कोविड-19 महामारी मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी। सरकार ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक संचालित किया और करोड़ों लोगों को मुफ्त टीके उपलब्ध कराए। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना भी चलाई गई, जिसने संकट के समय बड़ी आबादी को राहत प्रदान की। हालांकि, महामारी की दूसरी लहर के दौरान अक्सीजन, अस्पताल बेड और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर सरकार की आलोचना भी हुई। इसलिए कोविड प्रबंधन को उपलब्धियों और चुनौतियों दोनों के संदर्भ में देखा जाता है।

आधारभूत संरचना के क्षेत्र में मोदी सरकार का कार्यकाल अत्यंत सक्रिय रहा। सड़कों, एक्सप्रेसवे, रेलवे, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के विकास पर बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, नए एक्सप्रेसवे का निर्माण तथा डिजिटल अवसंरचना के विस्तार ने देश की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया। सरकार ने अवसंरचना को आर्थिक विकास का प्रमुख आधार माना और इस दिशा में लगातार निवेश बढ़ाया।

शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति 2020 लागू की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला, बहुविषयक और कौशल-आधारित बनाना था। स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया। भारत विश्व के प्रमुख स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों में शामिल हुआ और तकनीकी क्षेत्र में उसकी पहचान मजबूत हुई। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल सेवाओं और नवाचार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली।

हालांकि इन उपलब्धियों के बावजूद मोदी सरकार को कई मुद्दों पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। बेरोजगारी, महँगाई, आय असमानता और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे विषय लगातार राजनीतिक बहस का हिस्सा बने रहे। कुछ आलोचकों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता, मीडिया की स्वतंत्रता तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े प्रश्न भी उठाए। सरकार के समर्थकों ने इन आलोचनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया बताया, जबकि विरोधी दलों ने इन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय माना।

समग्र रूप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षो का कार्यकाल आधुनिक भारत के इतिहास का एक अत्यंत प्रभावशाली कालखंड रहा है। इस अवधि में भारत ने डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना विकास, वैश्विक प्रतिष्ठा, राष्ट्रीय सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। वहीं बेरोजगारी, महँगाई, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका जैसे विषय महत्वपूर्ण चुनौतियों के रूप में सामने आए। इसलिए मोदी युग को न तो केवल उपलब्धियों का काल कहा जा सकता है और न ही केवल विवादों का,बल्कि यह भारत के व्यापक परिवर्तन, तीव्र विकास, राजनीतिक केंद्रीकरण और राष्ट्रीय विमर्श के पुनर्निर्माण का दौर रहा है। वर्ष 2014 से 2026 तक का मोदी शासन भारतीय राजनीति और शासन व्यवस्था के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान रखता है।

# फीफा विश्व कप 2026 : विश्व फुटबल के नए युग की शुरुआत



आदर्श कुमार पांडेय

**फुटबॉल** को विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं, सपनों और जुनून का प्रतीक है। जब भी फीफा विश्व कप का आयोजन होता है, पूरी दुनिया एक साथ इस महोत्सव का हिस्सा बन जाती है। विभिन्न देशों के लोग अपनी-अपनी टीमों का समर्थन करते हैं, खिलाड़ी अपने देश का गौरव बढ़ाने के लिए मैदान में उतरते हैं और खेल प्रेमी कई महीनों तक फुटबॉल के रंग में रंगे रहते हैं।

वर्ष 2026 में आयोजित होने वाला फीफा विश्व कप कई दृष्टियों से ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होने जा रहा है। यह विश्व कप न केवल अपने विशाल स्वरूप के कारण चर्चा में है, बल्कि इसके आयोजन की नई व्यवस्था, भाग लेने वाली टीमों की बढ़ी हुई संख्या और आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के कारण भी विशेष महत्व रखता है।




फीफा विश्व कप 2026 का सबसे बड़ा आकर्षण यह है कि इसका आयोजन, पहली बार तीन देशों , संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इससे पहले विश्व कप की मेजबानी एक या दो देशों ने की थी, लेकिन तीन देशों का एक साथ मेजबानी करना फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी का भी एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करेगा। तीनों देशों की भौगोलिक विविधता, सांसतिक समृद्धि और आधुनिक खेल सुविधाएँ इस विश्व कप को और अधिक भव्य बनाने वाली हैं।

वर्ष 2026 का विश्व कप फीफा के इतिहास का सबसे बड़ा विश्व कप भी होगा। पहली बार टूर्नामेंट में 48 टीमें भाग लेंगी। इससे पहले 32 टीमें विश्व कप में हिस्सा लेती थीं। फीफा ने यह निर्णय इसलिए लिया ताकि अधिक देशों को विश्व मंच पर खेलने का अवसर मिल सके। बढ़ी हुई टीमों की संख्या का अर्थ है कि एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका और ओशिनिया जैसे क्षेत्रों को पहले की तुलना में अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। इससे फुटबल का विकास उन देशों तक भी पहुँचेगा जहाँ यह खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह निर्णय वैश्विक स्तर पर फुटबॉल को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नए प्रारूप के तहत विश्व कप में कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो अब तक के किसी भी विश्व कप से अधिक हैं। इससे दर्शकों को अधिक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए व्यापक मंच प्राप्त होगा। अधिक मैचों के कारण टूर्नामेंट की अवधि भी बढ़ेगी, जिससे विश्व कप का उत्साह लंबे समय तक बना रहेगा। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यह नया प्रारूप प्रतियोगिता को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाएगा तथा छोटे देशों को भी बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का अवसर देगा।

फुटबॉल केवल मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देशों की पहचान और राष्ट्रीय गौरव से भी जुड़ा हुआ है। विश्व कप में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अपने देश की उम्मीदों को लेकर मैदान में उतरती है। खिलाड़ियों के लिए यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अपने राष्ट्र के सम्मान का प्रश्न होता है। यही कारण है कि विश्व कप के दौरान पूरे देश अपनी टीमों के पीछे खड़े दिखाई देते हैं। स्टेडियमों में गूंजते नारे, रंग-बिरंगे झंडे और लाखों दर्शकों का उत्साह इस प्रतियोगिता को अद्वितीय बनाता है।

फीफा विश्व कप 2026 से विश्व फुटबॉल को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। बढ़ी हुई भागीदारी के कारण कई नए देशों के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इतिहास गवाह है कि विश्व कप ने कई महान खिलाड़ियों को जन्म दिया है। पेले, डिएगो माराडोना, जिनेदिन जिदान, रोनाल्डो, रोनाल्डिन्हो, आंद्रेस इनिएस्ता, लियोनेल मेसी और किलियन एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ियों ने विश्व कप के माध्यम से अपनी महानता को स्थापित किया। 2026 का विश्व कप भी नई प्रतिभाओं को दुनिया के सामने लाने का अवसर प्रदान करेगा।

इस विश्व कप का आर्थिक महत्व भी अत्यंत व्यापक है। लाखों पर्यटक मैचों को देखने के लिए मेजबान देशों की यात्रा करेंगे। इससे होटल उद्योग, परिवहन, पर्यटन, रेस्तरां और स्थानीय व्यापार को भारी लाभ होगा। विभिन्न शहरों में स्टेडियमों के निर्माण और आधुनिकीकरण पर अरबों डालर खर्च किए जा रहे हैं। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विश्व कप समाप्त होने के बाद भी इन बुनियादी ढाँचों का लाभ संबंधित देशों को लंबे समय तक मिलता रहेगा।

तकनीकी दृष्टि से भी फीफा विश्व कप 2026 अत्यंत आधुनिक होने की संभावना है। हाल के वर्षो में फुटबल में वीडियो असिस्टेंट रेफरी , गोल-लाइन तकनीक और डेटा विश्लेषण जैसी प्रणालियों ने खेल को अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया है। 2026 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत कैमरा तकनीक और डिजिटल प्रसारण के माध्यम से दर्शकों को पहले से कहीं बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। खेल विश्लेषण में आधुनिक तकनीक का उपयोग खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को रणनीति बनाने में भी सहायता करेगा। इससे फुटबल का स्तर और अधिक उन्नत होगा।

फीफा विश्व कप केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी माध्यम है। विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को करीब से जानने का अवसर प्राप्त करते हैं। खेल की भाषा सार्वभौमिक होती है और यह लोगों को जोड़ने का कार्य करती है।

# प्रत्येक शनिवार और रविवार को गंगा की लहरों का लुफ्त उठाएंगे पर्यटक

राजधानीवासियों को 'गंगा विहार क्रूज' की सौगात

प्रति व्यक्ति 899 रुपये का शुल्क

दो मंजिला इस क्रूज में एक साथ 65 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे

बिहार के डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप कंपनियों को मीटिंग के लिए निशुल्क दी जाएगी सुविधा

**गंगा** नदी पर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने 'गंगा विहार क्रूज' सेवा को नए स्वरूप में शुरू किया है। राजधानी के गांधी घाट से संचालित होने वाली इस सेवा की जिम्मेदारी अब लेनिन क्रूज कंपनी को सौपी गई है। क्रूज का शुभारंभ 7 जून (रविवार) की शाम से किया गया । पर्यटकों के लिए सोमवार से इसका संचालन शुरू किया गया है। नए प्रबंधन के तहत क्रूज को आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक इंटीरियर से सुसज्जित किया गया है, जिससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।



दो मंजिला इस क्रूज में एक साथ 65 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे। इसके निचले तल पर वातानुकूलित डाइनिंग एरिया बनाया गया है, जबकि उपरी ताल पर खुला स्काई डेक और डांस फ्लोर की व्यवस्था की गई है। गंगा के बीचो-बीच बहती ठंढी हवाओं के मध्य संगीत और मनोरंजन की सुविधाएं पर्यटकों को विशेष आकर्षण प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग को उम्मीद है कि यह सेवा पटना में नदी पर्यटन को नई पहचान देगी।

**हर शनिवार और रविवार को होगा परिचालन :** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में गंगा विहार क्रूज का संचालन प्रत्येक शनिवार और रविवार को किया जाएगा। प्रति व्यक्ति 899 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें हाइ टी और स्नैक्स शामिल रहेंगे। क्रूज का सफर गांधी घाट से शुरू होकर गाय घाट तक जायेगा फिर वापस गांधी घाट लौट आयेगा। क्रूज पर पर्यटकों के लिए विशेष गाइड की व्यवस्था की गई है, जो उन्हें पटना की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से रु-ब-रु कराएंगे।

इस दौरान पर्यटकों को गंगा आरती, दर्शनीय स्थलों का दीदार, रिकर्डेड संगीत का लुफ्त समेत कई रोचक जानकारियां भी दी जाएगी। अभी गर्मी को देखते हुए क्रूज पर बोडिंग का समय शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है। यह यात्रा शाम 5 बजे से शुरू होगी और 6 : 30 बजे समाप्त होगी।

**विशेष पैकेज भी उपलब्ध :** निगम के मिली जानकारी के अनुसार, समूहों और निजी आयोजनों के लिए भी विशेष पैकेज उपलब्ध है। प्रति घंटे का पैकेज 22 हजार 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमे क्रूज किराया, सेफ्टी क्रू शुल्क और जीएसटी शामिल है। जबकि तीन घंटे के विशेष पैकेज में न्यूनतम 20, 40 और 60 पर्यटकों के समूह के लिए क्रमशः 3200, 2945 और 2550 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क रखा गया है। इन पैकेजों में नाश्ता, पानी, हाइ टी और भोजन की सुविधा भी शामिल है।

बिहार के डीपीआईआईटी (डिपार्टमेंटल फॉर प्रोमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड) से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप कंपनियों को मीटिंग के लिए क्रूज पर मुफ्त स्थान दिया जायेगा, जहां वे 6 लोगों के साथ साल में दो बार मीटिंग कर सकेंगे।

## प्रवचन

# पुरूषार्थ से जीवन को सार्थक बनाना चाहिए : जीयर स्वामी

मानव का परिचय आहार-विहार और निद्रा नहीं

अकारण किसी पर क्रोध और शाप उचित नहीं

मनुष्य का परिचय सिर्फ आहार-विहार, निद्रा, भय एवं मैथुन नहीं है। पुरूषार्थ से जन्म एवं मृत्यु को सार्थक बनाना चाहिए। सामान्य दिनचर्या के साथ जीवन का सकारात्मक लक्ष्य होना आवश्यक है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन को सार्थक करने के लिए सात सूत्र हैं। आसन, श्वांस, अक्रोध, इंद्रिय-निग्रह आहार, व्यवहार और संग। इन सातों को जीतना चाहिए। आसन को सुधारना चाहिए। सिर को हमेशा ऊँचा, छाती को आगे और मेरूदण्ड को सीधा तान कर आसन लगाना चाहिए। आसन साफ-सुथरी जगह और खुली हवा में होना चाहिए। गलत जगह आसन नहीं होना चाहिए। मन, वाणी और शरीर से किसी का अहित न करें। अकारण किसी पर क्रोध न करें और शाप न दें। अपनी इंद्रियों को जीतना चाहिए। चंचल इंद्रियों के कारण मनुष्य धोखे में पड़ जाता है। विषयों से आकर्षित होकर इन्द्रियाँ सदा बहिर्मुखी बनी रहती हैं। इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए। इन्द्रिय-निग्रह से मन पर विजय पाया जा सकता है। जिसने इन्द्रिय-निग्रह से मन को वश में कर लिया, वह सब कुछ जीत लिया।

प्रसंगवश वेदांत दर्शन की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि नारद जी एवं शुकदेव जी में होड़ लगी थी कि विशेष संयमित इन्द्रिय वाला कौन है ।दोनों परमात्मा के पास गए। उन्होंने इन दोनों को ब्यास जी के पास भेजा। व्यास जी गुरू और पुत्र के उलझन में फंस कर कोई निर्णय नहीं दे सके। इन्हें राजा जनक के पास भेज दिए। वे राजा जनक के पास सूचना के बावजूद तीन दिन द्वार पर और तीन दिन आँगन में प्रतीक्षा किए। राजा जनक नारद एवं शुकदेव जी को एक ही आसन पर बैठा दिए और उन दोनों के बीच पत्नी सुनैना को। शुकदेव जी पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन नारद जी बेचैन हो गए। जनक जी ने कहा कि शुकदेव जी आत्मज्ञानी और इन्द्रिय को जीतने वाले हैं। जब विषय के प्रभाव से चित्त अछूता हो जाय तो समझना चाहिए कि पूर्ण योग घटित हो गया।

श्री स्वामी ने आगे कहा कि आहार एवं व्यवहार शुद्ध होना चाहिए। गीता में श्री कृष्ण बताते हैं कि शुद्ध आहार-विहार-व्यवहार और यथा योग्य सोने और जगने वाले ही योग में सफलता पाते हैं। संगत का जीवन में बड़ा प्रभाव होता है। इसलिए दुष्टों का संग नहीं करना चाहिए। ये सात सूत्र जीवन को सुधारने एवं मृत्यु को मंगल बनाने वाले हैं।

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोनुविधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि।।

क्योंकि जैसे जल में चलनेवाली नाव को वायु हर लेती है, वैसे ही विषयों में विचरती हुई इन्द्रियों में से मन जिस इन्द्रिय के साथ रहता है, वह एक ही इन्द्रिय पुरुष की बुद्धि को हर लेती है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### जयसिंहपुर के मुकेश बने मध्य विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ का जिलाध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

**तुरकौलिया।** मध्य विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ का तुरकौलिया जयसिंहपुर के मुकेश कुमार को संघ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वही पताही के हरि किशोर सिंह को जिला उपाध्यक्ष व पहाड़पुर के विवेक गिरि को कोषाध्यक्ष चुना गया हैस इनके मनोनयन पर जितेंद्र राम, राजेश कुमार, परमेश्वर कुमार, राजकिशोर कुमार, वकील यादव, मुन्ना चौधरी, मेहताब आलम, राकेश साह, रौशन कुमार, लक्ष्मण कुमार व करण कुमार आदि रात्रि प्रहरियों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताया है कि ये लोग संघ को और आगे बढ़ाने का काम करेगें। वही नवमनोनित जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि रात्रि प्रहरियों के विश्वास पर वह खरा उतरने का काम करेगें। जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करेंगे। शिकायत का कभी मौका नहीं देंगे और संघ की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम करेगें।

### सामाजिक, राजनीति, आर्थिक विकास के लिएसंघर्ष करनी चाहिएं : अमरेश ठाकुर

**खगड़िया।** भारतीय नाई समाज की मथुरापुर में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेश कुमार ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष श्रवण ठाकुर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, जिला सचिव सह प्रांतीय मीडिया प्रभारी पांडव कुमार, जिला उपाध्यक्ष राम जी ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रितेश ठाकुर, जिला संगठन मंत्री रंजन ठाकुर, गोगरी अध्यक्ष नरेश ठाकुर, बैलदौर अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, जिला सदस्य अरविन्द कुमार, अजय कुमार, ड़ सर्वोदय कुमार, भदास अध्यक्ष रोहित कुमार के अलावे राजेश ठाकुर, नरेश ठाकुर, सुशील ठाकुर, दिलीप ठाकुर, राहुल कुमार, मिथुन कुमार, प्रेम कुमार, महेश ठाकुर आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रवण ठाकुर द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश ठाकुर के नेतृत्व में व जिला सचिव सह प्रांतीय मीडिया प्रभारी पाण्डव कुमार के संचालन में आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेश कुमार ठाकुर ने कहा हमारा नाई जाति समाज और जातियों की तुलना में काफी निन्न ,गरीब व अशिक्षित है। यदि हमलोगो को जाति का विकास चाहते है तो बच्चों में शिक्षा के लिए प्रेरित करना अनिवार्य है साथ ही संगठन का ज्ञान भी देनी है की जब तक हम संगठित होकर एक साथ संघर्ष नही करते है तब तक हमारी जाति का समाजजिक, राजनितिक या आर्थिक विकास सम्भव नही है।भारतीय नाई समाज बिहार ही नही पुरे भारत में कार्य कर रही है । संगठन से जुड़कर युवाओं व महिलाओं के लिए बार्वर प्रशिक्षण, सिलाई कटाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, शैक्षणिक प्रशिक्षण, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम व प्रशिक्षण केंद्र खोल उनके रोजगार के लिए व सामाजिक कार्य भी करनी चाहिए । प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश ठाकुर ने कहा संघर्ष के बिना अधिकार नही मिल सकती और संघर्ष के लिए संगठित होने की आवश्यकता है । पुरे भारत में संगठन गठन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरे मेहनत कर रहे है ,जरूरत है हम सभी को इनके साथ व दिशा निर्देश में कार्य करने की व अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने की। हमारा भारतीय नाई समाज दिन रात काम कर रही और आगे भी करती रहेगी। जिले व प्रदेश के नाई समाज से आग्रह है वे अपने जीवन के व्यस्त समय में से कम से कम एक दिन महीने में अपने समाज के लिए अवश्य देने कार्य करे। जिला अध्यक्ष श्रवण ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर आदि ने कहा संगठन से ही हमारा स्तित्व है यदि संगठन न रहे तो हमारी जाति को कोई नही देखेंगे। हमारा नाई जाति का यदि विकास सम्भव है तो वो है संगठन से जुड़कर - संगठन को मजबूत करने की और इसके लिए अभी नाई भाइयो को इसके लिए समय देने की आवश्यकता है। जिला कमिटी द्वारा जल्द सदस्यता अभियान चलाकर संगठन मजबूती के लिए सदस्यों को जोड़ा जाएगा।

# एएमयू प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-3 हासिल कर आलिशा फातिमा ने बढ़ाया पूर्वी चंपारण और बिहार का सम्मान

## लगन और मेहनत से मिली कामयाबी, आलिशा फातिमा बनी जिले के लिए प्रेरणा स्त्रोत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज प्रखंड अंतर्गत मुड़ा गांव की मेधावी छात्रा आलिशा फातिमा ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में अल इंडिया रैंक-3 प्राप्त कर जिले, अनुमंडल एवं पूरे बिहार का नाम रोशन किया है।

उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार, गांव और जिले में खुशी का माहौल है।आलिशा फातिमा बेतिया में पदस्थापित अभियोजन पदाधिकारी अफरोज अहमद की पुत्री हैं। वह एक शिक्षित एवं सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखती हैं। उनके दादा मोहम्मद आदर हुसैन बिहार पुलिस के सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक रहे हैं, जबकि उनके चाचा मोहसिन अहमद (सिबू जी) अपने गांव स्थित इंड ईंट उद्योग के स्वामी हैं। परिवार के शैक्षणिक वातावरण और संस्कारों ने आलिशा को बचपन से ही बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।






आलिशा फातिमा।

अपनी सफलता पर आलिशा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग तथा निरंतर कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है।

आलिशा का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयनित होकर देश और समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी सफलता दूर नहीं रहती।आलिशा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर, पुलिस अधीक्षक बेतिया, जिला अभियोजन पदाधिकारी बेतिया सहित विभिन्न थानों के थानाध्यक्षों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।क्षेत्र के लोगों ने कहा कि आलिशा की सफलता पूरे पूर्वी चंपारण के लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और यह संदेश देती है कि लगन, मेहनत और ढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्ष्ट सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का अंतरण, लाभुकों के खातों में पहुंची राशि

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय मोतिहारी में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इसमें जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अनेक लाभुकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने लाभुकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।इस अवसर पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांग लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में पेंशन राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इससे




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

लाभुकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम तरीके से योजना का लाभ मिल रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डीबीटी व्यवस्था से पेंशन राशि सीधे खाते में पहुंचने से उन्हें काफी सुविधा हो रही है।

# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनके अधिकारों की रक्षा जरूरी : नितिन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से नालसा जागृति योजना के तहत समाहरणालय परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण एवं गरिमा रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

उनके अधिकारों की रक्षा, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज तथा प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही वरिष्ठजनों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकता है।कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, भरण-पोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के तहत उन्हें कई महत्वपूर्ण कानूनी संरक्षण प्राप्त हैं।इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा अक्षय कुमार, एसडीसी एवं विधिक शाखा प्रभारी निधि कुमारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क विधिक सहायता, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

साथ ही जरूरत पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, आम नागरिक एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में वरिष्ठजनों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और उनके सम्मानपूर्ण जीवन को सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# मोदी जी का नेतृत्व देश निर्माण का आधार : राधा मोहन

## मोहन मंदिर में प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन हेतु हवन-पूजन व प्रार्थना सभा आयोजित, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की रही बड़ी उपस्थिति, उपलब्धियों की चर्चा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनकल्याण का मजबूत आधार है। वे मंगलवार को मोतिहारी स्थित मोहन मंदिर में भाजपा द्वारा आयोजित हवन, पूजन एवं प्रार्थना सभा कार्यक्रम में शामिल हुए।

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना को लेकर किया गया।इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि एक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 9 जून तक 4398 दिनों का कार्यकाल पूरा कर लिया है, जो पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल की बराबरी करता है। उन्होंने कहा कि 10 जून को यह ऐतिहासिक उपलब्धि और आगे बढ़ गई है, जो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महत्वपूर्ण



हवन करते सांसद व अन्य।

क्षण है।
उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षो में मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ शासन को आगे बढ़ाया है। आज भारत नई अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और वैश्विक विश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।श्री सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं को केवल घोषणा तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर अंतिम व्यक्ति तक शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। इसी लक्ष्य के साथ सैचुरेशन मडल पर काम किया जा रहा है।

कार्यक्रम में बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डव (श्रीमती) हेना चंद्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, प्रवक्ता संजीव सिंह, संयोजक सोशल मीडिया पंकज सिन्हा, आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी बने सबसे लंबे समय तक देश के प्रधानमंत्री

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलक्ष्य में बुधवार को स्थानीय शिव मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्रहित में उनके निरंतर नेतृत्व की कामना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य किशन तिवारी ने विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे देश के राजनीतिक इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण



खुशियां मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और विकास यात्रा पर भी चर्चा की। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहना जनता के अटूट विश्वास, उनकी कार्यशैली और विकास के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। विधायक ने आगे कहा कि गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश को नई दिशा दी है। उन्होंने जोर दिया कि यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के विश्वास और लोकतंत्र की ताकत का प्रतीक है। प्रमोद कुमार ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। इस मौके पर उपेंद्र चौधरी, कामेश्वर चौरसिया, रविंद्र सहनी, गौरीशंकर साह, उमाशंकर शर्मा, गुंजन जायसवाल, राजू सिंह पटेल, संजय गिरी, रंजन गुप्ता, राजेश कुमार, रवि शर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल दुकान पर छापेमारी, दवाएं जब्त

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित दवा दुकान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं जब्त की हैं। यह कार्रवाई सिविल सर्जन, पूर्वी चंपारण द्वारा अग्रसारित परिवाद पत्र के



जाँच करते औषधि निरीक्षकों की टीम ।

निष्पादन के क्रम में स्थानीय डुमरियाघाट थाना पुलिस के सहयोग से की गई।जानकारी के अनुसार केसरिया प्रखंड के धनगढ़ा यादव नगर स्थित राजेश्वर प्रसाद यादव द्वारा संचालित अभिजीत हेल्थ क्लिनिक परिसर में चल रही राजेश्वर मेडिकल की जांच की गई। जांच के दौरान दवा दुकान बिना वैध लाइसेंस (अनुज्ञप्ति) के संचालित पाई गई।औषधि निरीक्षकों की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान में रखी सभी एलोपैथिक दवाएं, जिनमें टैबलेट, कैप्सूल, सिरप, इंजेक्शन समेत अन्य औषधियां शामिल हैं, जब्त कर लीं। साथ ही दो संदिग्ध औषधियों के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजा जाएगा।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध शीघ्र ही सक्षम न्यायालय में अभियोजन दायर किया जाएगा।यह संयुक्त जांच अभियान औषधि निरीक्षक दयानंद प्रसाद, सुशील कुमार, राकेश सिंह एवं सागर मल सोनी द्वारा स्थानीय पुलिस के सहयोग से संचालित किया गया।स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से केवल लाइसेंस प्राप्त मेडिकल दुकानों से ही दवा खरीदने की अपील की है तथा अवैध रूप से संचालित दवा दुकानों की सूचना प्रशासन को देने का आग्रह किया है।

### जन सुरक्षा सर्वोपरि, अग्नि सुरक्षा मानकों से नहीं होगा कोई समझौता : अंबिका

#### मोतिहारी में अस्पतालों व होटलों पर अगिशमन विभाग की सघन जांच अभियान

#### निरीक्षण में सामने आई लापरवाही, कई प्रतिष्ठानों को सुधार का दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी सुश्री अंबिका कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को मोतिहारी शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं होटलों में अगि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई तथा कमियां पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान रानी हस्पिटल, जे जे हस्पिटल, मदन राज नर्सिंग होम, रैमसन प्लाजा एवं वाई एस होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म, स्प्रिंकलर सिस्टम, पानी की टंकी, हाइड्रेंट व्यवस्था तथा आपातकालीन निकास द्वार की बारीकी से जांच की गई। उक्त जानकारी देते हुए




निरीक्षण करते अगिशमन विभाग की टीम।

अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अम्बिका कुमारी ने बताया कि कुछ संस्थानों में अगि सुरक्षा उपकरणों की कमी एवं तकनीकी खामियां पाई गईं, जिस पर अधिकारियों ने संबंधित संचालकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं सभी संस्थानों को फायर एनओसी अद्यतन रखने और कर्मचारियों को नियमित रूप से अगि सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए भी कहा गया। सुश्री अम्बिका ने स्पष्ट कहा कि जन सुरक्षा सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय में सुधार नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध बिहार अगि सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण टीम में अगिशमन विभाग के कर्मी पुनीत कुमार, सूरज कुमार एवं सुंदर कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि अस्पतालों और होटलों में अगि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि को रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट लगने से 28 वर्षीय रीना देवी की मौत हो गई, थानाध्यक्ष ने बताया संदिग्ध मौत है, स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के मोकना वार्ड 10 निवासी लालो कुमार यादव की 28 वर्षीय पत्नी रीना देवी को बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। उक्त घटना मंगलवार देर शाम की हैं। इस घटना के बाद बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर परिवार में सन्नाटा पसरा है मृतका की पहचान मोकना वार्ड 10 निवासी लालो कुमार यादव की 28 वर्षीय पत्नी रीना देवी के रूप में हुई है। रीना देवी के दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें 6 वर्षीय वृषभ और 4 वर्षीय रौनक शामिल हैं। मृतका के देवर सचिन कुमार ने बताया कि मंगलवार देर शाम वह बाजार गए हुए थे। उन्हें फोन पर सूचना मिली कि रीना देवी घर में बिजली बोर्ड पर मोबाइल चार्ज करने गई थीं। बोर्ड के ऊपर एक होल्डर लटका हुआ था, जिसके तार कटे हुए थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना बिहरा थाना पुलिस को दी गई। बिहरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने बताया कि यह एक संदिग्ध मौत है। मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### बड़गांव से 14 वर्षीय बालक लापता ठेकेदार पर लगा रहा आरोप

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र अन्तर्गत बडगांव से एक बालक बीते दस दिनों से लापता है जिससे परिजन परेशान है। जो वार्ड नंबर 9 निवासी सुभाष मुखिया का 14 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार बताया जा रहा है।



बालक को गांव के ही मजदुरों के ठेकेदार राजा मुखिया द्वारा बहला फुसलाकर मोतीहारी में बन रहे रेलवे पुल में काम करने के लिए चार माह पहले ले जाया गया था। शिवम के बीते 25 मई से लापता हो जाने से परिजनों की स्थिति नाजुक होती जा रही है। बुधवार को लापता बालक की माता किरण देवी द्वारा बसनहीं थाने में आवेदन देकर अपने लापता पुत्र के बरामदगी की गुहार लगाई गई है। किरण देवी ने बताया की ठेकेदार राजा से जब भी वो अपने पुत्र को ढुढने का आग्रह करती है तो वो टालमटोल करने लगता है। 25 मई को मोतिहारी से लापता होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा अबतक सम्बंधित थाने में आवेदन तक नहीं दिया गया है। घटना के बाबत बसनहीं थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा की मामले की छानबीन की जा रही है।

### काशनगर पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** कशनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोर्ट के निर्गत आदेश पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में काशनगर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोर्ट के द्वारा निर्गत आदेश पर वारंटी गिरो महतो, अरुण महतो एवं राजू महतो तीनों पिता धर्मलाल महतो साकिन मौरा को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया । उन्होंने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस का अभियान जारी है। तीनों वारंटी को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया है।



### सहसौल पंचायत के तीनधारा गांव में नशेड़ी ने मचाया उत्पात दो महिला एक बच्चे को किया घायल

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनहीं थाना क्षेत्र अन्तर्गत तीनधारा गांव में बुधवार को एक नशेड़ी ने जमकर किया उत्पात । इतना ही नहीं नशेड़ी ने दो महिला व एक बच्चे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लेकिन घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हड़कत में आई और 112 की टीम द्वारा नशेड़ी को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार सहशौल पंचायत के तीन धारा में बुधवार को नशे का सेवन कर दिनेश साह द्वारा मुकेश साह की पत्नी पुजा देवी के घर में घुस कर हंगामा किया जा रहा था। पुजा देवी द्वारा उसे रोके जाने पर उसने उसके गाल में दांत काट लिया तथा उसके पुत्र अभिषेक कुमार के पांव में लाठी से वार कर घायल कर दिया गया। इस दौरान बीचबचाव करने पहुंचे छोटू साह की पत्नी खुशबू देवी, तथा उर्मिला देवी पर भी लाठी से वार कर घायल कर दिया गया। इसी दौरान पिडितों द्वारा 112 को फोन कर दिया गया। सुचना मिलते ही 112 द्वारा घटनास्थल पर पहुंच नशेड़ी को हिरासत में ले लिया गया है। उक्त बाबत बसनहीं थाना के थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा की आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



### जिलाधिकारी ने सलखुआ में सक्षम आँगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण, कहा लाभार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बुधवार को जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा सलखुआ प्रखंड अंतर्गत चानन पंचायत के वार्ड संख्या-01 में अवस्थित सक्षम आँगनबाड़ी केंद्र का परम्परागत रूप से लाल फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने केंद्र का निरीक्षण करते हुए बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया,इसकी सराहना की एवं आशा व्यक्त की गई की सक्षम आँगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि केंद्र के माध्यम से संचालित सभी सेवाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण संबंधी व्यवस्थाओं तथा केंद्र के आधारभूत ढांचे का भी जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी ने आँगनबाड़ी सेवाओं के प्रभावी संचालन पर बल देते हुए कहा कि बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, डीपीओ सलखुआ सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### हर घर नल-जल योजना बदहाल, जर्जर टंकियां और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से बढ़ी परेशानी

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना की स्थिति बदहाल बनी हुई है। कई स्थानों पर जलमीनार और पानी टंकियां जर्जर अवस्था में हैं, जबकि पाइपलाइन व टोटियां क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बनमा-सुगमा मार्ग स्थित हथ मंडल के समीप स्थापित जलमीनार परिसर रखरखाव के अभाव में झाड़ियों से घिर गया है। जलमीनार और उसके आसपास का क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित नजर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार का निर्माण हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक नियमित रूप से घरों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई घरों में लगी टोटियां टूट चुकी हैं तथा पाइपलाइन भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है।



# महागठबंधन दलों द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर एडीएम व मंत्री पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, एडीएम ने कहा आरोप निराधार



प्रेस वार्ता में बोलते महागठबंधन के नेता

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहीद जयप्रकाश भवन गांधी पथ में महागठबंधन दलों का साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस बुधवार को आयोजित किया गया। जिसमें सहरसा के वर्तमान एडीएम कार्यालय के बिचैलिया अनु पटेल एवं दुसरे बिचैलिया गुंजन सिंह के बीच का बात चीत का ओडियो जारी किया गया। ओडियो में बिचैलिया अनु पटेल बोलता है कि निशांत कुमार एडीएम मेरा साढु है बिना मेरी इजाजत का एडीएम कार्यालय का पत्ता भी नहीं हिलता है। जबतक हम आदेश को स्वयं पढ़कर दस बार कांट-छांट नहीं करते तब तक साहब हस्ताक्षर नहीं करते हम अगर नहीं रहेंगे तो साहब का कलम फस जाएगा। आगे और ओडियों में कहते हैं एक आदमी अनु पटेल से बात करता है और कहता है जब इतना निकटतम है आपका हमारा काम कैसे गड़बड़ हो गया है। अनु पटेल कहते हैं आपके काम को मंत्री रत्नेश सादा ने गड़बड़ किया है। वो कहता है कि मंत्री जी आ गए हैं उनको भी लाख पचास हजार देकर आपका काम करवा देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नेताओं ने कहा कि बिहार में डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। जिरो टांलरेंस एक जुमला बन कर रह गया है। ओडियो के निष्पक्ष जांच कर एडीएम और ओडियो बोलने वाले सभी लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई कि जाय। एवं सभी का चल अचल संपत्ति की जांच मांग किया और जिले में भ्रष्टाचार के संरक्षक मंत्री रत्नेश सादा को तुरंत बर्खास्त कर चल अचल संपत्ति की जांच कर कानूनी कार्रवाई किया जाय। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओमप्रकाश नारायण, जिला सचिव प्रमानंद ठाकुर,राजद जिलाध्यक्ष मो ताहिर, सीपीएम नेता कुलानन्द कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा, माले कुन्दन यादव राजद जिला उपाध्यक्ष तेजनारायण यादव, कांग्रेस के सीताराम साह सीपीआई नेता विजय यादव,भवेश यादव, शंकर कुमार, प्रभुलाल दास मौजूद थें।इस संबंध में एडीएम निशांत ने कहा कि मुझ पर लगाये गए सभी आरोप असत्य व निराधार है।उन्होंने कहा कि इस शहर में मेरा कोई रिश्तेदार नही है।मै पटना जिले का रहने वाला हूं। उन्होंने कहा सरकारी अधिकारी होने के नाते सरकार के नियमानुसार काम मे संलग्न हूं। आज तक मेरे द्वारा दिए गए कोई भी आदेश गलत साबित नही हुआ है। मै यहां किसी को लाभ नुकसान नही पहुंचाकर सरकार द्वारा जारी आदेश का नियमानुकूल पालन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी सरकारी जमीन की बंदोबस्ती रद्द किया जा रहा है।अब तक सैकड़ो एकड बिहार सरकार की जमीन चिन्हित कर बंदोबस्त रद्द किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भू माफियाओं द्वारा साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।जिसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई व मानहानि जैसे कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल किए हैंः डा0 आलोक रंजन



हनुमान चालीसा का पाठ करते पूर्व मंत्री व अन्य

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को सहरसा स्थित महावीर चैक महावीर मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर देश की उन्नति, समृद्धि तथा प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु के लिए सामूहिक रूप से मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल को भारत के विकास, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं तथा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकत्रा एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री जी के दीघार्यु जीवन एवं राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित कार्यकत्राओं ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, भैरवानंद झा, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, राजीव रंजन साह, मिहीर झा, रिंकी देवी, विजय बसंत, सुबोध साह, सुगामनी देवी, नमिता पाठक, राम सुंदर साहा, महावीर यादव, मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, संतोष गुप्ता, नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह, आशिष गुप्ता, बिपिन कुमार कुशवाहा, राजेश बर्मा, महेश झा, सुमीत कुमार बिट्टू, हेम नारायण गुप्ता, अखिलेश पांडेय, संजय साह, प्रदीप झा उपस्थित थे।

## जीविका दीदियों के सपनों को मिला बाजार, जीविका दीदी का ग्रामीण हाट का हुआ शुभारंभ





जीविका ग्रामीण हाट उद्घाटन करते डीएम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत माखर पंचायत में मनरेगा के सौजन्य से निर्मित जीविका दीदी का ग्रामीण हाट का उद्घाटन जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार एवं उप विकास आयुक्त गौरव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि जीविका हाट ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगी। साथ ही स्थानीय लोगों को ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री अपने गांव के निकट ही उपलब्ध होगी। यह ग्रामीण हाट सप्ताह में दो दिन संचालित होगा, जहां जीविका दीदियां ताजी सब्जियां, फल, घरेलू उपयोग की वस्तुएं तथा अन्य स्थानीय उत्पादों का विक्रय करेंगी। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जीविका दीदियों से संवाद स्थापित कर उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डीआरडीए डायरेक्टर पुलक कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार, बीपीएम सिमरी बख्तियारपुर, स्थानीय मुखिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं 200 से अधिक जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल को ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## जिलाधिकारी द्वारा सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोशी तटबंध 117 किलोमीटर पर अवस्थित स्पर का निरीक्षण



स्पर की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते डीएम

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी नदी के संभावित दबाव एवं वषार्काल को दृष्टिगत रखते हुए शेष सभी सुरक्षात्मक एवं अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा सलखुआ प्रखंड अंतर्गत पूर्वी कोशी तटबंध के 117 किलोमीटर पर अवस्थित स्पर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पर की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से संरचना की सुरक्षा एवं मजबूती के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तटबंध एवं स्पर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण क्रम में कोशी नदी के संभावित दबाव एवं वषार्काल को दृष्टिगत रखते हुए शेष सभी सुरक्षात्मक एवं अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। ताकि तटबंध की सुरक्षा सुनिश्चित रहे।निरीक्षण के क्रम में संबंधित विभाग के अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा संरचनाओं की सतत मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध रखरखाव पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा सलखुआ प्रखंड अंतर्गत स्थित सुइस गेट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुइस गेट की वर्तमान स्थिति, जल निकासी व्यवस्था एवं संबंधित संरचनाओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने उक्त अवसर पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से सुइस गेट के संचालन, रखरखाव तथा क्षेत्र में जल प्रबंधन की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सुइस गेट का नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु के दौरान जल निकासी में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र के किसानों एवं आमजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने तथा संभावित जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, संबंधित तकनीकी पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा द्वारा 19 मंडलों में आयोजित होंगे योग कार्यक्रम, हजारों लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा शहर (एनएसबी)। योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान ष्करें योग, रहें निरोगष को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्वस्थ एवं सशक्त भारत के संकल्प को मजबूत करना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने बताया कि जिले के सभी मंडलों में योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकत्राओं के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों एवं आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।कहरा ग्रामीण मंडल के भगवती स्थान, अमरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मुख्य अतिथि तथा जिला महामंत्री भैरव झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सहरसा नगर पूर्वी मंडल के अभिनव विवाह भवन में जिलाध्यक्ष साजन शर्मा एवं जिला महामंत्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में योग कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं सहरसा नगर पश्चिमी मंडल के श्रीकृष्ण मंदिर, बनगांव रोड में पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन एवं जिला उपाध्यक्ष रिंकी देवी सहभागिता करेंगे। वही बनगांव नगर पंचायत के रामपुर बंगला में प्रदेश नेता शशिशेखर सम्राट एवं जिला उपाध्यक्ष मिहिर झा, सौर दक्षिणी के महावीर मंदिर प्रांगण, सौर बाजार में प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह एवं जिला महामंत्री अनमोल भगत तथा सौर उत्तरी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गम्हारिया में पूर्व जिलाध्यक्ष माधव चैधरी एवं जिला प्रवक्ता महावीर यादव उपस्थित रहेंगे। पतरघट मंडल के पैक्स गोदाम, धौबोली में प्रदेश नेता रितेश रंजन एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव, बनमा-ईटहरी के कात्यायनी मंदिर, महारस में जिला उपाध्यक्ष श्यामल पोद्दार एवं भाई वी.एस. तथा सोनवर्षा पूर्वी के मंगरवार मध्य विद्यालय में सिद्धार्थ सिंह ह्यसिद्धूह्ण एवं दिनेश यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि सोनवर्षा पश्चिमी के चंडी स्थान, विराटपुर में विजय बसंत एवं जिला मंत्री मुकेश मानस, महिषी उत्तरी के लहटन चैधरी महाविद्यालय परिसर में मेयर बैनप्रिया एवं विजय गुप्ता तथा सत्तरकटैया के मंडल कार्यालय, गंडौल में पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता एवं जिला प्रवक्ता अभिषेक पांडेय उपस्थित रहेंगे। नवहट्टा पूर्वी के दुर्गा स्थान परिसर में हीरा मिश्र एवं पंकज पाठक, नवहट्टा पश्चिमी में कोशी बांध समीप मंडल अध्यक्ष आवास पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र यादव एवं जिला उपाध्यक्ष बी.एन. सहनी तथा महिषी दक्षिणी के तारा स्थान विवाह भवन में पूर्व प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा एवं जिला मंत्री कुमार गौरव सिंह कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। सिमरी पूर्वी के मध्य विद्यालय, सढ़िया में प्रदेश नेता संजीव भगत एवं नीलम भगत, सिमरी पश्चिमी के भोटिया वार्ड संख्या-2 में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह एवं संजीव जायसवाल, सिमरी नगर के संजय कोल डिपो में दिलीप साह एवं जिला प्रवक्ता अमर यादव तथा सलखुआ के कबीरपुर ठाकुरबाड़ी में जिला मंत्री अरविंद भगत एवं ज्ञानेन्द्र यादव की उपस्थिति रहेगी। जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने सभी मंडल अध्यक्षों, कार्यक्रम प्रभारियों, मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों तथा भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक लोगों को योग दिवस कार्यक्रमों से जोड़कर योग को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा नेताओं ने की पूजा-अर्चना

**खगड़िया (डीएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, खगड़िया जिला इकाई द्वारा बुधवार को श्री बड़ी सरस्वती स्थान, में विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति, समृद्धि और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी कुमार राघवेंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षो में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो रहा है और देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं ने करोड़ों गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं वंचित वर्गो के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन का नया


पूजा अर्चना करते भाजपा नेतागण।

अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है तथा भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सूरज पांडे ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पारदर्शी कार्यशैली और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण देश की जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, जिला महामंत्री नंदू शाह, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद साह, जिला मंत्री कुंदन सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वंदना सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, नगर अध्यक्ष रितेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास पोद्दार, चुनाव से जिला संयोजक अक्षय सूरी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रुबी गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, नगर उपाध्यक्ष किरण देवी कार्यालय सहमंत्री देवानंद स्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न कराया गया तथा सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती में भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूरा वातावरण श्रद्धा, भक्ति और राष्ट्रसेवा के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

## खगड़िया जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ

**खगड़िया।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित जिला बैडमिंटन चौंपियनशिप-2026 का उद्घाटन इंडोर स्टेडियम, चित्रगुप्त नगर में वरीय उपसमाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, संघ के सचिव ड़ एच़ प्रसाद तथा संयुक्त सचिव अमन सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने खेल भावना के साथ उत्ष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। संघ के सचिव ड़ एच़ प्रसाद ने बताया कि जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में अंडर-13, अंडर-17, अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग के लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 19 से 21 जून 2026 तक गया में आयोजित होने वाली बिहार राज्य अंतर-जिला (टीम) बैडमिंटन चौंपियनशिप-2026 में खगड़िया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-13 बयज सिंगल्स में नवनीत ने भार्गव को 21-15 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-13 बयज डबल्स में भार्गव एवं ऋषभ की जोड़ी ने अंश एवं लक्ष्य की जोड़ी को 21-17 से हराया। अंडर-17 बयज सिंगल्स में उज्ज्वल ने आर्यन को 21-19 से पराजित किया। अंडर-17 बयज डबल्स मेंउज्ज्वल एवं आर्यन की जोड़ी ने शुभ एवं ओशो की जोड़ी को 21-16 से हराया। अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स में अदिति ने ेहा को 21-15 से पराजित किया। अंडर-17 गर्ल्स डबल्स में अदिति एवं खुशी की जोड़ी ने तान्या एवं आर्या की जोड़ी को 21-12 से हराया। अंडर-19 बयज सिंगल्स में शुभ ने रवि को 21-15 से पराजित किया। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स में प्रति ने प्राची को 21-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सीनियर पुरुष एकल में आर्य ने अनुराग को 21-19 से पराजित किया। सीनियर महिला एकल में मिलन रानी ने ेहा को 21-9 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संघ के पूर्व सचिव ड. जैनेंद्र नाहर ,सदानंद कुमार, कोच मिलन रानी, रणवीर कुमार, अभिषेक चौधरी, प्रेम कुमार सहित संघ के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन की सफलता के लिए खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने जिला बैडमिंटन एसोसिएशन को बधाई दी।



उद्घाटन करते खेल पदाधिकारी व अन्य।

## समाजसेवी संजय शर्मा का आमरन अनशन नौवें दिन समाप्त

**बेलदौर।** नगर पंचायत के गांधी इंटर विधालय बेलदौर के खेल मैदान में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य के विरोध में जारी आमरन अनशन नौवें दिन समाप्त हो गया। मांगों को पूरा करने को लेकर आगे की रणनीति तैयार कर कानुनी एवं विभागीय लड़ाई अब शुरू किए जाने का अनशनकारी ने भरोसा दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को अनशनकारी सह समाजसेवी संजय शर्मा ने अपने बिगड़ते स्थिति पर समर्थकों के दबाव एवं अनुरोध पर नौवें दिन वयोवृद्ध खेल प्रेमी शिवाकांत चौधरी, श्यामदेव साह, उपमुख्य पार्षद सुरज कुमार एवं दिलीप भगत के हाथ से जल पीकर अनशन समाप्त कर दिया। इसके बाद स्विमिंग पूल निर्माण कार्य के विरोध में आंदोलन जारी रहने की बात बताते अनशनकारी संजय शर्मा एवं इनके समर्थन में डटे लोगों ने बताया कि अनशन से जनमानस की आवाज विभाग एवं सरकार तक पहुंचाना उद्देश्य था। वही आमलोगों से मिले भारी जनसमर्थन के कारण हमलोग सफल रहे अब कानूनी एवं विभागीय स्तर पर लड़ाई शुरू कर उक्त खेल मैदान के अस्तित्व को बचाने को लेकर जान लगा देंगे। मौके पर मौजूद बीडीओ सतीश कुमार,सीओ अमित कुमार एवं थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने भी अनशनकारी को पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। विदित हो कि गांधी इंटर विधालय के खेल मैदान में आउटडोर स्टेडियम के बदले इंडोर स्टेडियम एवं स्वीमिंगपूल के प्रस्तावित योजना से नाराज समाजसेवी संजय शर्मा ने गत 2 जून से उक्त मैदान परिसर में ही आमरन अनशन शुरू कर दिया था। वहीं मैदान के अस्तित्व पर मंडराते बदलते तस्वीर के खतरे से गुस्साये लोगों के समर्थन धीरे धीरे अनशन को सशक्त बनाते चले गए एवं जब अनशन के सात दिन बाद भी जब पदाधिकारियों ने अनशनकारी की सुधि नहीं ली तो लोगों का गुस्सा फुट पड़ा एवं उनके समर्थन में गोलबंद हुए खेल प्रेमी, राजनीतिक दल के लोग एवं समाजसेवी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन शुरू कर दिए, तो प्रशासन भी अलर्ट जारी कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी एवं आखिरकार अनशन को नवरात्र का अनुष्ठान मानकर उनकी बिगड़ रही स्वास्थ्य को देख समर्थन में डटे लोगों ने अनशन तुड़वाकर मांगों को पूरा करने को लेकर अब कानुनी एवं विभागीय लड़ाई शुरू करने की तैयारी में जुट गए।


अनशन तुड़बाते अधिकारी।

## प्रखंडो में जनसहयोग शिविर का होगा आयोजन

**खगड़िया।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, केवाईसी, शिकायत निवारण एवं लाभ वितरण जैसी सेवाओं का लाभ प्राप्त करें। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूह से संबंधित योजनाएं, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की जनोपयोगी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अनुरोध किया गया है कि शिविर में भाग लेने के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर तथा संबंधित योजनाओं से जुड़े आवश्यक दस्तावेज अपने साथ अवश्य लाएं, ताकि उनके आवेदनों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस जनहितकारी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है।



डीएम व अन्य अधिकारीगण।

### संक्षिप्त खबरें

#### घर से हजारों की समान की चोरी

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के चोढ़ली पंचायत के वार्ड नंबर पांच हल्का बासा निवासी नजीर अली के पुत्र मोहम्मद हैदर ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर घर में अज्ञात चोरों के द्वारा घुसकर नगदी, जेवरात, कपड़ा एवं एक एन्ड्रायड मोबाइल चोरी कर लेने की शिकायत की है। घटना मंगलवार के देर रात की बताई जा रही है। आवेदक को इसकी जानकारी बुधवार के सबेरे में मिली जब वह घर में रखे बक्सा का ताला टूटा हुआ देखा। आवेदक के मुताबिक अज्ञात चोरों ने बक्सा में रखे 41 हजार रुपये नगद, 16 भर के चांदी एवं दो आना भर के सोने की जेवरात, चार जोड़ा महंगे किस्म का साड़ी एवं एक एन्ड्रायड मोबाइल चोरी कर ली। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

#### महिला के साथ पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**बेलदौर।** एक बच्चे की मां को पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। जानकारी के मुताबिक बेलदौर नगर पंचायत निवासी राजेश कुमार भगत की पत्नी रिमझिम कुमारी ने बताई की मेरी शादी 2022 में हिंदू रीति रिवाज के साथ राजेश कुमार भगत के साथ हुआ था। कुछ दिन पति-पत्नी के बीच एक साथ रहे, जब 3 वर्ष बीत गया तो एक लड़का हुआ। रिमझिम कुमारी ने कहा कि हम पति के मारपीट के डर से दो वर्षो तक अपने मायके में रह रही हूं। जब अपने मायके से अपने ससुराल बेलदौर आए तो झूठा आरोप लगाकर मेरे साथ हर रोज मारपीट करते रहता है। वही बुधवार को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले को छानबीन कर दोषियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

#### दो दिवसीय शिविर का आयोजन

**बेलदौर**। प्रखंड कार्यालय परिसर में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सहयोग एवं समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। इससे आमलोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उक्त जानकारी देते बीडीओ सतीश कुमार ने बताया कि आगामी 17 एवं 18 जुन को आयोजित होनेवाली षिविर को लेकर व्यापक रूप से पंचायतों में प्रचार प्रसार शुरू करवा दी गई है। इन्होंने बताया कि उक्त शिविर में विभागवार 17 स्टल लगाए जाएंगे एवं संबंधित कर्मी सभी टेबल पर प्रतिनियुक्त रहेंगे। शिविर में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन किए जाने का हरसंभव प्रयास किया जाऐगा।

## बिहार पेंशनर एसोसिएशन का किया गया गठन

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिले के सदर अस्पताल रोड स्थित सीपीआईएम जिला कार्यालय के सभागार में अवकाश प्राप्त विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों के द्वारा बिहार पेंशनर एसोसिएशन का विधिवत गठन किया गया। इस बैठक के सफलता हेतु मुख्य पहल संगठन के राज्य संयुक सचिव विजय कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक मुरलीधर गुप्ता ने किया।

बैठक में संगठन को आज मूर्त रूप देते हुए कमिटी का गठन किया गया। जिसके जिलाध्यक्ष मुरलीधर गुप्ता एवं जिला सचिव अवकाश प्राप्त शिक्षक रणजीत साहू चुने गए,जबकि उपाध्यक्ष पद हेतु अवकाश प्राप्त शिक्षक संजय कुमार गुप्ता,अवकाश प्राप्त प्रधान सहायक जल संसाधन विभाग विजय कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त शिक्षक मो0 मोहिबुल्ला, अवकाश प्राप्त शिक्षक मो0 अब्बास कासमी,अवकाश प्राप्त शिक्षक राजकुमार यादव, अवकाश प्राप्त शिक्षक रामचरित्र शर्मा,संयुक्त सचिव पद हेतु अवकाश प्राप्त अपरेटर नल कूप विभाग उपेन्द्र प्रसाद सिंह,अवकाश प्राप्त शिक्षक भरत चौधरी, अवकाश प्राप्त फार्मासिस्ट स्वास्थ विभाग महेश्वर सिंह,अवकाश प्राप्त शिक्षक दुनियालाल साह चुने गए,कोषाध्यक्ष पद पर अवकाश प्राप्त शिक्षक मो0 अली असगर चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य पद पर अवकाश प्राप्त परिचारिका जल संसाधन विभाग गायत्री देवी,अवकाश प्राप्त चालक षि विभाग महेन्द्र शर्मा,अवकाश प्राप्त शिक्षक मोव इस्लाम,अवकाश प्राप्त सहायक स्वास्थ्य विभाग सुरेश पासवान, अवकाश प्राप्त सहायक जल संसाधन विभाग बनारसी प्रसाद सिंह चुने गए। बैठक में सर्व सम्मति से संगठन विस्तार की योजना बनाई गई,इसके तहत पूरे जिले का भ्रमण कर अवकाश प्राप्त कर्मचारियों और शिक्षकों से मिल कर उन्हें इस संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। एकमत से केन्द्र एवं बिहार सरकार के द्वारा पेंशन योजना समाप्त करने की निंदा की गई। कहा गया कि जीवन भर कर्मचारी अपना कठिन मेहनत सरकार के माध्यम से देश को देता है,जिसके बदले में सरकार परिश्रमिक भी देती है,लेकिन जब वह बुढ़ापे में पहुंचता है,तो सरकार उसे अपने भरोसे छोड़ देती है। बैठक में कहा गया कि जब हमारे जवानी के समय का इस्तेमाल सरकार ने किया तो बुढ़ापे के सहारे को छीनने का हक गलत है। बुढ़ापे के समय जब हमें मेडिकल की जरूरत आ पड़ी है,तब मेडिकल मद में महज 1000रुपए देना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है।बैंठक में सीनियर सिटीजन को पूर्व से मिल रहे रेलवे कंसेशन टिकट को पुनः चालू किया जाय। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1100रुपए प्रति माह को हास्यास्पद करार देते हुए,उसे वृद्धि करने और स-समय भुगतान करने का मांग रखा गया।पेंशन रूपांतरण में कटने वाली राशि का समय 15 वर्ष के बजाय 11 वर्ष कराने को लेकर संघर्ष की योजना अगली बैठक में बनाई जाएगी।


बैठक में मौजूद सेवानिवृत कर्मचारीगण।

### संक्षिप्त खबरें

#### रोहित कुमार ने रक्तदान कर बचाई युवक की जान

**खगड़िया।** जिले में मानवता और सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण सामने आया है। जब रोहित कुमार ने समय रहते रक्तदान कर बेला निवासी युवक उत्तम झा की जान बचाई। जानकारी के अनुसार उत्तम झा का ब्लड लेवल मात्र 3 पइंट रह गया था और हालत बेहद गंभीर हो गई थी। डक्टरों ने बताया कि यदि सही समय पर ब्लड नहीं मिलता तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। इसी बीच रोहित कुमार को कल आया कि तत्काल ब्लड की जरूरत है। उन्होंने बिना देर किए अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। समय पर मिले इस रक्तदान से उत्तम झा की जान बच गई। डक्टरों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि यह रक्तदान युवक के जीवन के लिए संजीवनी साबित हुआ। स्थानीय लोगों ने रोहित कुमार के इस कदम की जमकर सराहना की। उनका कहना है कि पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही जरूरी है। रोहित कुमार ने इस घटना से साबित कर दिया कि समाज का सच्चा प्रहरी होता है, जो जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद के लिए आगे आता है। इस घटना ने पूरे इलाके में सकारात्मक संदेश दिया है। लोग कह रहे हैं कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे किसी की जिी बच सकती है। रोहित कुमार का यह कदम न केवल एक युवक की जान बचाने में मदार रहा, बल्कि समाज को भी प्रेरित कर गया। डक्टरों ने भी अपील की है कि लोग रक्तदान के महत्व को समझें और जरूरत पड़ने पर आगे आएं। उन्होंने कहा कि समय पर रक्त उपलब्ध होना कई जिंदगियों को बचा सकता है।

#### अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार

**बेलदौर।** बेलदौर पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक टोल फ्री नंबर 112 के पदाधिकारी के द्वारा बेलदौर थाना क्षेत्र के बलैठा गांव निवासी अमरेंद्र सिंह के पुत्र रोशन कुमार को एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। वही पनसलवा गांव निवासी अनेश सिंह के पुत्र रोहित कुमार को 174 पीस कोरेक्स के साथ पनसलवा गांव से गिरफ्तार किया है। जबकि बेलदौर थाना क्षेत्र के बेला नवाद गांव निवासी देवनारायण शर्मा के पुत्र संजय कुमार को बैंक का ऋण नहीं चुकाने के मामले में गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सभी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बलैठा गांव निवासी रोशन कुमार को भाई ने ही देसी कट्टा के साथ पकड़ा था। उक्त मामले में टोल फ्री नंबर 112 के पदाधिकारी को सूचना दी थी, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

#### जन सहयोग शिविर के प्रचार प्रसार को लेकर बैठक

**चौथम।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ के कक्ष में पंचायत सचिव के साथ बीडीओ रंजीत कुमार के द्वारा एक बैठक की गई। इस मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य, आगामी 17एवं 18 जून को प्रखंड के सभी पंचायत में लगने वाले प्रखंड सह जन कल्याण शिविर को लेकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार पर चर्चा की गई। बीडीओ के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में माइक ई रिक्शा के माध्यम से समाधान शिविर से संबंधित जागरूकता एवं व्यापक स्तर पर जानकारी देने के निर्देश दिए गए। वही बीडीओ ने बताया कि आगामी दो दिवसीय जनकल्याण शिविर प्रखंड के सभी पंचायत में की जाएगी तथा षिविर में लोगों के उनके समस्याओं से समाधान मौके पर किए जाएंगे, इसको लेकर ऐसे लोगों को समस्या से संबंधित दस्तावेज एवं आधार कार्ड, पैन कार्ड तमाम समस्या से संबंधित दस्तावेज पहचान संबंधित दस्तावेज लेकर षिविर में आने होंगे, ताकि समस्या को मौके पर समाधान किया जा सके। वहीं बैठक में सभी पंचायत के पंचायत सचिव मौके पर उपस्थित रहे।

#### पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चौरसिया दिंगबर प्रसाद तिवारी का निधन

**परबत्ता।** परबत्ता विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सेल एवं टैक्स विभाग के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त चौरसिया दिंगबर प्रसाद तिवारी का निधन पटना के एक निजी अस्पताल में हो गया। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। चौरसिया दिंगबर प्रसाद तिवारी अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और विधानसभा चुनाव भी लड़ा। वे समाज के प्रति समर्पित और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले व्यक्तित्व थे। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक जगत के कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।परिवारजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को अगुवानी गंगा घाट पर किया जाएगा।विधायक बाबूलाल शौर्य, जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश यादव, चौयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह, सीपीआई अंचल मंत्री कैलाश पासवान, ड संजीव पोद्दार सहित खगड़िया जिले वासियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

#### नीरा उत्पादक समूह सह बिक्री केंद्र का शुभारंभ

**चौथम।** प्रखंड में बीपीएम राजेश कुमार की देखरेख में शीतल महिला नीरा उत्पादक समूह सह बिक्री केंद्र का शुभारंभ नारी शक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला आजीविका प्रबंधक शिवेंद्र कुमार, संचार प्रबंधक जूही कुमारी, युवा पेशेवर अभिनव कुमार, सोनिका साव, सामुदायिक समन्वयक पूनम कुमारी, आभा कुमारी सहित नारी शक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष दीदी और बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थित रहीं। बीपीएम ने बताया कि नीरा प्रातिक और पोषक तत्वों से भरपूर पेय है। इसके नियमित सेवन से शरीर को आवश्यक विटामिन, मिनरल और एंटीअक्सीडेंट मिलते हैं, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है, इम्यूनिटी बढ़ती है और थकान दूर होती है। नीरा अल्कोहल रहित, शुद्ध और ठंडा पेय है, जो गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखता है और डिटक्स में मदद करता है। इस केंद्र के खुलने से जीविका से जुड़ी दीदियों को रोजगार का स्थायी साधन मिलेगा। नीरा उत्पादन और बिक्री से उनकी आमदनी बढ़ेगी, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी।


उद्घाटन करते अतिथि।

# दुर्घटना मुक्त रेल परिचालन सुनिश्चित करने को लेकर शंटिंग मेला का आयोजन

## शंटिंग मेला में सुरक्षा जागरूकता और तकनीकी पर दिया गया जोर

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** पूर्व रेलवे मालदा मंडल के अपरेटिंग अर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में जमालपुर यार्ड में शंटिंग मेला का आयोजन किया गया। सुरक्षा जागरूकता के साथ तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए शंटिंग मेला का आयोजन स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार के नेतृत्व में किया गया।

शंटिंग मेला में उपस्थित कर्मचारियों को शंटिंग मेला से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों से अवगत करवाते हुए स्टेशन प्रबंधक ने कहा मालगाड़ियों या यात्री डिब्बों की शंटिंग के दौरान तकनीकी नियमों के पालन और सुरक्षा जागरूकता को सुनिश्चित करना था ताकि संभावित रेल दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

उन्होंने रनिंग डिपार्टमेंट से जुड़े फील्ड स्टाफ,शंटमैन, शंटर और पइंट्समैन को शंटिंग कार्य से जुड़ी तकनीकी जानकारियां एवं सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्टेशन प्रबंधक ने यह भी बताया कि रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ ही रेल परिचालन की असली ताकत हैं। शंटिंग के दौरान सबसे अधिक जिम्मेदारी इन्हीं कर्मचारियों पर होती है और रेलवे सुरक्षा की पूरी नींव उनकी सतर्कता पर टिकी रहती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना मुक्त रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि शंटिंग केवल डिब्बों को इंजन से जोड़ने या अलग करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक अत्यंत जिम्मेदारी भरा तकनीकी कार्य है। इसमें गति नियंत्रण, सही सिगल, आपसी तालमेल और त्रुटिहीन संचार व्यवस्था की अहम भूमिका होती है। यदि इनमें कहीं भी चूक हुई तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने शंटिंग कार्य के दौरान होने वाली मानवीय भूलों को समाप्त करने पर विशेष बल दिया।मौके पर मुख्य यार्ड प्रबंधक मनोरंजन, स्टेशन मास्टर संजीव कुमार,आशुतोष कुमार गोरव एवं रवि कुमार ,नीलू कुमार, मुकेश राय, अजित कुमार,आलोक इत्यादि लोग उपस्थित है।



शंटिंग मेला का आयोजन करते स्टेशन प्रबंधक।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार के 12 साल कार्यकाल विश्व रिकार्ड

**सोनपुर (एन एसबी)** देश का पहला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 09 जून 2024 को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाली और 4339 दिनों की ऐतिहासिक यात्रा के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पंडित नेहरू का रिकर्ड को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लम्बे समय तक जन --निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया है।आज श्मोदी सरकार के 12 साल बेमिसालश के ऐतिहासिक रिकर्ड कार्यकाल मोदीजी के नाम होने के उपलक्ष्य में, सुप्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर (सोनपुर) में भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु के नेतृत्व मे विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक मंदिर के गर्भगृह मे सुशील शास्त्री एवं पवन बाबा द्वारा कराया गया।इस पावन अवसर पर बाबा हरिहरनाथ से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन और भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए मंगल कामना की गई। विगत 12 वर्षो में देश ने विकास, सुरक्षा और सांसतिक पुनरुत्थान के नए आयामों को छुआ है। बाबा का आशीर्वाद इसी तरह पूरे देश और प्रदेश पर बना रहे, यही प्रार्थना है। मौके पर भाजयुमो प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी ड आशुतोष कुमार रितेश, समाजसेवी राजीव मुनमुन,मण्डल उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, महामंत्री महेश कुमार, ज्ञानसागर सिंह एवं अविनाश कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री दिव्यांशु गौतम, शशिशंकर सिंह,भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह टुनटुन एवं राजन कुमार दास, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार सिंह सहित सैकड़ो प्रधानमंत्री मोदीजी के समर्थक शामिल हुए।

### राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**सोनपुर (एनएसबी)**राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को सोनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैधनाथ महतो ने की। बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक ड़रामानुज प्रसाद ने किया।धरने को संबोधित करते हुए ड़रामानुज प्रसाद ने बढ़ती बेरोजगारी, लगातार बढ़ रही महंगाई,



बदहाल शिक्षा व्यवस्था, ध्वस्त कानून व्यवस्था और व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर चिंता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में संसाधनों की कमी और शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार गिरावट कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार। उन्होंने टोपों लैंड एवं भूमि अधिग्रहण पर भी सरकार के रवैया पर निशाना साधा। उन्होंने ने कहा कि जब मैं विधायक था।उस समय मैंने टोपों लैंड के बंद रजिस्ट्री को शुरू कराया था। अब मैं विधायक नहीं हूं,तो सरकार ने टोपों लैंड एवं सैटेलाइट सिटीध्ग्रीन सिटी के नाम पर अधिकांश सोनपुर का रजिस्ट्री बंद कर दिया हैं।उन्होंने कहा कि जहां-जहां विकास के नाम पर भूमि का अधिग्रहण किया गया है वहां का बड़े से बड़ा किसान मजदूर बनकर रह गए है,भूमि अधिग्रहण के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खाद्य पदार्थो, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बेरोजगारी की समस्या को भी गंभीरता से लिया युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि सरकार केवल बड़े-बड़े दावे कर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। सरकार जनहित के मुद्दों की अनदेखी कर रही है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजद जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और आगे भी आम लोगों की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा। उक्त धरना कार्यक्रम में मनोज कुमार यादव, साधु यादव, रमेश राय, शम्भू प्रसाद चौरसिया,शंकर राय, मोहन साह, लगनदेव राय, नन्द किशोर चौधरी, राजकुमार राय, अशोक शर्मा, अखिलेश राय, रविंद्र चौरसिया,आऱएऩ मालाकार, प्रो़वीरमणी राय, महेश प्रसाद राय,अनिल राय, गोविंद राय,पंकज राय, गजेंद्र राय, शिवनाथ राय, सतीश कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, मिठाई बांटकर जताई खुशी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को बाढ़ नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर उपलब्धियों का जश्न मनाया। स्टेशन रोड स्थित सुभाष रंजन रमन के मार्केट परिसर में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंह



के नेतृत्व में आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के चित्र पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।इस अवसर पर मुकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार जनादेश प्राप्त कर मोदी ने भारतीय राजनीति में नया इतिहास रचा है और उनके नेतृत्व में देश वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया। समारोह में अवधेश सिंह, कामेश्वर प्रसाद आर्य, आनंद गुप्ता, अनूप कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, ड़ रामनंदन प्रसाद, ड़ श्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### पूर्व उपमुखिया एवं उपसरपंच बच्चू बाबू का निधन, क्षेत्र में शोक

**दनियावां।** प्रखंड के सलारपुर पंचायत के पूर्व उपसरपंच एवं पूर्व उपमुखिया बच्चू बाबू उर्फ ईश्वर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। बच्चू बाबू अपने मिलनसार स्वभाव, सामाजिक सक्रियता एवं जनसेवा के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। पंचायत के विकास एवं जनहित के कार्यो में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उनके निधन से सलारपुर पंचायत ने एक अनुभवी एवं लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को खो दिया है। उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि बच्चू बाबू का योगदान हमेशा लोगों को याद रहेगा। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन की सख्ती, विशेष अभियान में 1़01 लाख जुर्माना वसूला

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी पटना ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए शहर के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में नियमित मल्टी-एजेंसी अतिक्रमण-उन्मूलन विशेष अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारी पटना के निर्देश पर मंगलवार को चलाए गए अभियान के दौरान सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के क्रम में अतिक्रमणकारियों से कुल ध्1,01,150 जुर्माना वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्रभावी ढंग से एंटी-इन्क्रोचमेंट ड्राइव चलाने तथा बार-बार अतिक्रमण करने वाले लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है, वहीं आम लोगों ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की पहल का स्वागत किया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**फतुहा।** गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए नदी थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात सम्मसपुर गांव में छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ धंधेबाज राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब 25 लीटर शराब बरामद की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** पचरुखिया थाने की पुलिस ने महीनों से फरार चल रहे आरोपित सुडीहा निवासी गुड्डू पासवान को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि वह काण्ड संख्या- 737ध्25 का आरोपित था और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। पूछताछ के बाद उसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर मंदिर में हुआ पूजा-अर्चना व हवन

## विधान परिषद पार्षद सरकार के उपलब्धियां को गिनाया

**जमालपुर (मुंगेर)।** भारतीय जनता पार्टी जमालपुर नगर पूर्वी मंडल ने की ओर से वारोवारी तल्ला जमालपुर में नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लम्बे कार्यकाल, स्वस्थ्य एवं दीर्घायु, राष्ट्र कल्याण के लिए पूजा, अर्चना कर आरती की गई।

पूजा अर्चना एवं हवण भाजपा परिवार के कुल पुरोहित महंत राजेश पाठक उर्फ राजू पाठक जी ने करवाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उपस्थित थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री उत्तम सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि मोदी, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रहलाद घोष, संतोष कुमार,बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मिलन तांती, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष रवि पासवान,राज कुमार तांती,पंकज कुमार,प्रमोद चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


मंदिर में पूजा अर्चना करते भाजपा नेता कार्यकर्ता।

## पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी हुई राशि का मुख्यमंत्री ने किया भुगतान

### खाते में बढ़ी हुई दर पर राशि अंतरण का सीधा प्रसारण किया गया

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में माह मई 2026 की पेंशन राशि के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संबाद कक्ष,समाहरणालय मुंगेर में जिला पदाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पणीकर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री अजीत कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, मुंगेर श्री राजीव रंजन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), मुंगेर श्रीमती गुंजन मौली एवं पेंशनधारी आदि उपस्थित थे। जिला अंतर्गत कुल छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं संचालित हैं। इसमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन के तहत 61,313 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के तहत 28,521 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 11,521 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के तहत 6,965 लाभार्थी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन के तहत 1,088 लाभार्थी तथा बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 12,288 लाभार्थी शामिल हैं। इस प्रकार, कुल 1,21,696 पेंशनधारियों को पेंशन राशि 1,100 रूपये प्रतिमाह की दर से माह मई, 2026 हेतु कुल रूपये 14,14,33,100 रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। माननीय मुख्यमंत्री का संदेश उपस्थित लाभुकों के बीच वर्चुअल मोड में लाइव दिखाया गया।



बैठक के माध्यम से जानकारी देते जिला अधिकारी।

## दिवंगत वार्ड पार्षद दिलीप मंडल को दी गई श्रद्धांजलि

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद के पूर्व सशक्त स्थाई सदस्य एवं वार्ड पार्षद दिलीप मंडल का दूसरी पुण्यतिथि जनता जनप्रतिनिधि की ओर से जमालपुर में मनाई गई। पुण्यतिथि के मौके पर उपस्थित सामाजिक एवं राजनीतिक सहित वार्ड पार्षद ने दिवंगत पार्षद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं तित्व की चर्चा किए। वार्ड पार्षद आलोक कुमार, कैलाश सिंह, सोनू मंडल, पूर्व पार्षद अमर शक्ति ने संयुक्त रूप से कहा दिवंगत पार्षद के बारे में कहा कि शांत स्वभाव के व्यक्ति थे जो हमेशा समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करते थे। उनके निधन होने से सामाजिक स्तर पर व्यापक छती हुई है जिसकी पूर्ति आने वाले समय में नहीं किया जा सकता है। दिवंगत पार्षद ने अपने जीवन में कई तरह के सामाजिक कार्य किए हैं जिसके कारण जनता जनप्रतिनिधि के साथ सामाजिक राजनीतिक नेता कार्यकर्ता हमेशा याद करते रहेंगे। मौके पर स्वामी मुक्ति यंत्र, अधिवक्ता सुबोध कल्याणी, वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद, हरे राम, आनंदी मंडल, दीपक कुमार, विक्की कुमार,बंटी, सत्यम कुमार, अर्पित कुमार, राकेशकुमार,अमित, रवि कुमार, ष्ण मुरारी रजक सहित कई मौजूद थे।


श्रद्धांजलि देते जनप्रतिनिधि सहित अन्य।

## आटा चक्की के बेल्ट में फंसने से महिला की मौत

**दनियावां।**स्थानीय फरीदपुर बाजार में आटा चक्की के बेल्ट में साड़ी फंसने से मिल संचालक भूषण प्रसाद की पत्नी सोनी देवी(40)की दर्दनाक मौत हो गई।इस संबंध में बताया जाता है कि भूषण प्रसाद और उनकी पत्नी सोनी देवी फरीदपुर बाजार में आटा और धन मिल का संचालन करते थे।बुधवार की सुबह जब किसी ग्राहक का गेहूं की पिसाई हो रही थी।इसी क्रम में चक्की के बेल्ट में महिला का साड़ी फंस गई।जिससे वह उस बेल्ट में लिपटकर कई बार गिर पड़ी।सर में ज्यादा चोट लगने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में जूट गए।उन्हें तत्काल चिकित्सक के यहां ले जाया गया।लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बाइक सवार युवक को मारी गोली, बाइक लेकर बदमाश फरार

**फतुहा।** पचरुखिया थाना क्षेत्र के सदहपुरा गांव के पास बुधवार को एक बाइक सवार युवक को गोली मारकर बदमाश उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। गोली युवक के सीने में लगी है। घटना का कारण रुपए के लेनदेन का विवाद सामने आ रहा है। गोली से घायल युवक की पहचान पटना रामष्णानगर निवासी अजय कुमार के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गोली मारने वाला भी उसी घायल युवक के साथ उसकी बाइक पर बैठकर पटना से आया था। घायल युवक विकास के अनुसार गोली मारने वाला पटना खेमनीचक निवासी सोनू उर्फ विकास है। चर्चा के अनुसार गोली से घायल युवक ने आरोपित सोनू उर्फ विकास से कुछ रुपए ले रखे थे। इसी खुन्नस में युवक को झांसे में लेकर उसकी ही बाइक से सोनू उर्फ विकास पटना से फतुहा की ओर आ रहा था। रास्ते में ही दोनों में बहस हो गई इसके बाद सोनू उर्फ विकास ने सदहपुरा के पास उसके सीने में गोली मार दी और उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, घायल इलाजरत है, उसका बयान आने के बाद ही सब कुछ साफ हो सकेगा। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच में 11 स्टार जमालपुर हुए विजय

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट का चौथा मैच 11 स्टार जमालपुर एवं स्पोर्टिंग क्लब फुल्का के बीच खेला गया। खेले गए मैच का पहला गोल 11 स्टार की ओर से जर्सी नंबर 15 के श्याम कुमार ने 03 मिनट में तथा दूसरा गोल 27 में मिनट में जर्सी नंबर 10 के सुधीर कुमार ने किया। वही 11 स्तर के गोल का जवाब देने के लिए मैच के अंतिम क्षण में फुल्का की ओर से जर्सी नंबर 8 के श्याम कुमार ने मैच के 56 में मिनट में गोल कर अपनी टीम का खाता तो जरूर खिला पर मैच को जीत नहीं सका। इस तरह टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच में 11 स्टार ने फुल्का को 2 - 1 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।इधर मैच में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले फुल्का के श्याम कुमार को बेस्ट 22 का पुरस्कार अभिनव कुमार के द्वारा दिया गया।मैच में निर्णय की भूमिका में मोहम्मद सलाम, सुधांशु कुमार, रामरक्षा,ष्णानंद, प्रवीण शंकर ने अहम भूमिका निभाई। मैच के अतिथि पूर्व डीएसपी अनिल पासवान,पूर्व फुटबलर उमेश सिंह एवं अशोक सिंह चौहान ने मैच का शुभारंभ दोनों दिवंगत खिलाड़ी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। वहीं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। इधर मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक,अजीत कुमार,नंदकिशोर यादव, लटोरी मंडल,प्रवीण कुमार, मनोज कुमार, ष्णानंद,जैनुल आबेदीन सहित कई सदस्यों ने मिलकर अतिथि का स्वागत किया। मौके पर रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार,रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।


खिलाड़ी से हाथ मिलाते अतिथि।

## खबरें : एक नजर में

### सीनियर बिहार राज्य नेटबाल चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 15 जून को

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नेटबाल एसोसिएशन ऑफ बिहार की महासचिव मनाली कुमारी ने बताया कि सीनियर बिहार स्टेट नेटबल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन 14 से 15 जून 2026 को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, कंकड़बाग, पटना 800020, बिहार में किया जाएगा। जो 25 से 28 जून 2026 तक पुडुचेरी में आयोजित होने वाली 5 जी फास्ट 5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबल चौंपियनशिप (पुरुष एवं महिला वर्ग) में बिहार प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के पुरुष एवं महिला वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर संचालित गतिविधियों की निगरानी करना था। जिले में आंतरिक बैठकों का नियमित रूप से नहीं होना तथा समय पर रिकर्ड्स अपडेट नहीं किए जाने के कारण खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### भोजपुर में जीरो आफिस-डे के तहत स्वच्छता संरचनाओं का व्यापक निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार भोजपुर जिले में जीरो अफिस-डे (मैदानी कार्य दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत निर्मित विभिन्न स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन संरचनाओं का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, गोवर्धन इकाई, सोख्ता गड्ढा सहित अन्य स्वच्छता संबंधी संरचनाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही महादलित टोलों का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था एवं संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस विशेष अभियान में जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता कार्यों की प्रगति का आकलन किया। जिला स्तर से श्री मनोरंजन कुमार पांडेय, निदेशक, डीआरडीए, रंजय राजा, जिला समन्वयक, जिला स्वच्छता सलाहकार टीम के सदस्य, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), प्रखंड समन्वयक एवं पंचायत स्तरीय स्वच्छता पर्यवेक्षक इस निरीक्षण अभियान में शामिल रहे। अधिकारियों ने स्वच्छता संरचनाओं के नियमित संचालन, रख-रखाव एवं समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### आयना गांव में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के आयना गांव में नवयुवक कमिटी द्वारा आयोजित भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी, ग्रामीण, छात्र एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। भाई दिनेश सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार है। खेल से अनुशासन, संघर्ष, समर्पण, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है तथा युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगती है।

### स्व. संजय सिंह 'प्रीतम' के निधन पर शोक संवेदना

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो प्रखंड के पुरैनी कलां निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्व संजय सिंह 'प्रीतम' के निधन पर पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने स्व स 'प्रीतम' के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की तथा इस कठिन समय में उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान शेखर सिंह, बीरबल पासवान एवं रोहित कुमार भी उपस्थित रहे।

### अनु जाति एवं अनु जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनु जाति एवं अनु जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की कैलेण्डर वर्ष 2026 की द्वितीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान समिति द्वारा-190 मामलों में 282 पीड़ितों को कुल रू 182 लाख रू की राशि के भुगतान का अनुमोदन किया गया। हत्या के मामले में 01 आश्रित को परिचारी के पद नियुक्ति दी गई है। इस अधिनियम के तहत अबतक कुल-09 आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई है। वर्तमान में कुल 68 आश्रितों को हत्याकांड के मामले में प्रतिमाह पेंशन भुगतान किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2025 में कुल 604 पीड़ितों एवं आश्रितों को 5 करोड़ एकहत्तर लाख बाईस हजार नौ सौ पचास रू का मुआवजा भुगतान किया गया है। बैठक में विधायक राधाचरण साह, सदस्य अवधेश कुमार राम, प्रवीण कुमार, सुश्री हिना, वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, नवीन कुमार जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, भोजपुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय राजमार्ग, फोरलेन और स्टेट हाईवे पर दिन भर लगा रहा जाम

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। बक्सर-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-922), आरा-छपरा फोरलेन, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे तथा कोईलवर-चांदी मार्ग समेत लगभग सभी प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों के दबाव के कारण भीषण जाम की स्थिति बनी रही। सबसे गंभीर हालात कुल्हड़िया टोल प्लाजा से कायमनगर तक देखने को मिले, जहां वाहन कई किलोमीटर लंबी कतार में फंसे रहे। मंगलवार रात से कोईलवर-छपरा फोरलेन पर शुरू हुआ जाम बुधवार शाम तक भी पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका।


कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास भयावह स्थिति।

फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतार लगने से यात्रियों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई छोटे वाहन चालकों ने मुख्य सड़क छोड़कर ग्रामीण मार्गो का सहारा लिया, लेकिन वहां भी यातायात का दबाव बढ़ गया। बुधवार को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने जा रहे कई अभ्यर्थी भी जाम में फंस गए। परीक्षा केंद्र समय पर पहुंचने की चिंता को लेकर उनमें बेचैनी देखी गई। सकड्डी निवासी एवं सब्जी व्यवसायी रामा राय ने बताया कि उन्हें आरा से सकड्डी पहुंचने में सामान्य समय से कई गुना अधिक समय लगा और कायमनगर से सकड्डी तक की दूरी तय करने में तीन घंटे से अधिक का समय लग गया। वहीं, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे पर सकड्डी मोड़ से अखगांव बाजार तक बालू लदे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच घंटों जाम में फंसे रहने से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो की परेशानी और बढ़ गई। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक ऋतिक ओझा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर लगातार जाम की समस्या बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से सख्ती बरतते हुए स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि आम लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## मोदी के दीर्घ प्रधानमंत्री कार्यकाल पर भाजपा समर्थकों ने की पूजा-अर्चना

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहने के उपलक्ष्य में शाहपुर स्थित प्राचीन कुंडवा शिव मंदिर में भाजपा समर्थकों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभू शरण मिश्र ने किया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं एवं समर्थकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र तिवारी, अनिल गुप्ता, अशोक राय, कुलभूषण श्रीवास्तव, विश्वम्भर उपाध्याय, राजू मिश्रा, दिनेश मिश्रा, आशुतोष त्रिवेदी, बिप्लाव त्रिपाठी, विजय सिंह एवं अरुण तिवारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक के नेतृत्व में पूजा-अर्चना

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** केन्द्र मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे 12 वर्ष का काल पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम के तहत बड़हरा विधानसभा मे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकताओ ने पूजा-अर्चना की एवं देश को समृद्ध बनाने की कामना के साथ नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की प्रार्थना की गई। देश मे सबसे अधिक समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड नरेन्द्र मोदी का बन गया,जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बखोरापुर काली मंदिर मे विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद सभी ने देश को समृद्ध एवं विकसित बनाने की प्रार्थना की। विधायक श्री सिंह द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए कहा गया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बड़हरा बीस सूत्री अध्यक्ष सह बड़हरा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह संटु, रामाकांत सिंह, बबुरा मंडल अध्यक्ष टुनटुन महतो, शैलेश सिंह गुड्डू, उज्जवल सिंह, रामबाबू पांडेय सहित कार्यकर्ता एवं समर्थक थे।

# मद्यनिषेध विभाग ने स्कार्पियो से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की, एक तस्कर को किया गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलापदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से ट्रक द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर बामपाली पुल के पास, थाना मुफसिल, भोजपुर से एक महिंद्रा स्कार्पियो से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। स्कार्पियो पर निबंधन संख्या सीजी04डीजी-7600 अंकित पाया गया। वाहन के चालक शिवम ओझा, पिता तारकेश्वर ओझा, सा-धवरी, थाना-बिहियां, जिला-भोजपुर को गिरतार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रन्ग बीयर 500 उस का 432 पीस, 8 पीएम स्कच व्हिस्की का खास मिश्रण 180 उस का 960 पीस में 388800 लीटर अवैध विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 05 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से पटना की ओर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जमीन पर कब्जे के विवाद में गोलीबारी करने में दो गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना के रामपुर सनदिया गांव में जमीन पर कब्जा करने को लेकर उपजे विवाद में मारपीट और गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपित को गिरतार किया है। इनमें नगर थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर निवासी स्व. जवाहर यादव के पुत्र छोटू यादव और. ष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी हरेराम प्रसाद के पुत्र राजा साह उर्फ सुमित सागर है। दोनों नामजद आरोपित हैं। दोनों को मंगलवार की रात उनके घर से गिरतार किया गया।

# आरबीएस पब्लिक स्कूल का छात्र सौरव कुमार मिश्रा सम्मानित

### दीनदयाल स्पर्श योजना 2025-26 के अंतर्गत चयनित छात्र को किया गया पुरस्कृत

**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** डाक अधीक्षक कार्यालय में दीनदयाल स्पर्श योजना से सम्बंधित समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दीनदयाल स्पर्श योजना 2025-26 के अंतर्गत चयनित पवना स्थित आर.बी.एस. पब्लिक स्कूल के छात्र सौरव कुमार मिश्रा को डाक अधीक्षक नीरज कुमार ने सम्मानित किया। सफल विद्यार्थी को 6 हजार की छात्रवृति राशि का चेक सौंपते हुए डाक अधीक्षक ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस योजना के तहत पुरे बिहार में लिखित परीक्षा पिछले वर्ष 2025 में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में राज्य भर में हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मेधा सूची तैयार कर प्रतिभावान छात्र-छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डाक अधीक्षक ने बताया कि फिलैटेली (डाक टिकट संग्रह) को बढ़ावा एवं नई पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक करने के उदेश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा दीन दयाल स्पर्श छात्रवृति योजना का आयोजन किया जाता है। इस योजना में कक्षा 6 से 9 तक के बच्चे भाग ले सकते है और रुपये 500 प्रति माह की छात्रवृति प्राप्त करने का लाभ उठा सकते है। मौके पर श्री कुमार के अलावे श्रीवास्तव अभिषेक डाक निरीक्षक पूर्वी, मनोरंजन कुमार सिंह विकास पदाधिकारी, राहुल कुमार, डाक सहायक, कुंदन कुमार सिंह, डाक सहायक एवं डाक कर्मचारीगण उपस्थित थे।


डाक अधीक्षक ने 6 हजार रुपये का छात्रवृत्ति राशि का सौंपा चेक।

# ट्रक चालकों से अवैध वसूली में दारोगा सहित तीन पुलिस कर्मी निलंबित

### पीरो एसडीपीओ स्नेह सेतु की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर के सहार में ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने के मामले में एक दारोगा सहित तीन पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी है। एसपी राज की ओर से तीनों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें सहार थाने के दारोगा सुनील कुमार के अलावे दो होमगार्ड शामिल हैं। पीरो एसडीपीओ स्नेह सेतू की छापेमारी और जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक की ओर से यह कार्रवाई की गयी है। दारोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से इसकी पुष्टि भी की गयी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि सहार के खैरा चेक पोस्ट के समीप कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रक चालकों से वसूली की जा रही है। मामले में गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ स्नेह सेतू को जांच के लिए खैरा चेक पोस्ट भेजा गया। एसडीपीओ की जांच में शिकायत सही मिलने के बाद तीनों को सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस इस तरह के आचरण वाले पुलिस कर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह के मामले सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बताया जा रहा है कि खैरा चेक पोस्ट पर सहार थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा काफी समय से ट्रक चालकों से वसूली की जा रही थी। पैसे लेकर ट्रक चालकों को नो इंट्री में भी छोड़ दिया जा रहा था। उस कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा है।

# इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने युवतियों को किया प्रोत्साहित

**कोईलवर / उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** नई आशा के तहत इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने आज गिद्दा सामुदायिक भवन में संचालित 'अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र' की युवतियों को प्रोत्साहित किया। विदित हो कि राजीव भटनागर की पहल पर अलका हार्मोनी फाउंडेषन द्वारा संचालित इस सिलाई सह पढ़ाई केन्द्र पर दो दर्जन से अधिक वैसी युवतियां पढ़ाई सह सिलाई सिख रही हैं, जो कभी विद्यालय नहीं गई हैं। इनमें कई ऐसी किषोरी और युवतियां हैं, जिनका जन्म प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड भी नहीं है। इंटर्नषिप कर रही रुचि, शिवानी, श्रुति, शीतल, खुषबु, माज अनवर, मोहित, विजय आदि छात्र-छात्राएं आज षांम्भवी सिंह के नेतृत्व में वहां गए हुए थे। उन्होंने कहा कि आप लोग नियमित रूप से पढ़ाई के साथ हुनर के क्षेत्र में आगे बढ़िए। शिक्षित और हुनरमंद बनकर हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है। सामान्य षिक्षा भी व्यक्ति को अच्छे-बुरे की समझ पैदा करा देती है। उन्होंने कहा कि आप लोगों में भी वही मेधा, बुद्धि और शारीरिक क्षमता है, जो समाज के अन्य वर्ग के लोगों के बीच है। इसलिए आप कभी भी हीन भावना से ग्रसित नहीं हो, बल्कि मुख्य धारा में शामिल होने के लिए निरंतर प्रयास करें। आषा, अंजली, काजल, सोनी, काजल (पिता बौध मांझी), षिवानी सुनैना आदि युवतियों ने कहा कि वे हर हाल में मैट्रिक पास करने तथा सिलाई सिखने का मन बना चुकी हैं। उन्होंने इंटर्नषिप कर रहे विद्यार्थियों के प्रति आभार जताया कि आप लोगों के कारण हम सब का हौसला बढ़ा है। उदवंतनगर संवाद-दाता के अनुसार नई आषा के चौराई सेतु केन्द्र पर अनुभव, अंषु और संस्कार आदि विद्यार्थियों ने वहां के बच्चों को प्रोत्साहित किया।


नई आशा के तहत संचालित है सिलाई सह पढ़ाई केंद्र।

# अपराधिक घटनाओं पर त्वरित संज्ञान लें : पुलिस अधीक्षक



पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दिनांक 10 जून, 2026 को पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही थानावार अपराध विश्लेषण, लंबित वारंट एवं कुर्की-जब्ती के निष्पादन, हत्या, लूट, डकैती सहित विभिन्न कांडों में फरार अभियुक्तों की गिरतारी, अवैध आग्नेयास्त्र एवं अवैध शराब की बरामी, हटस्पट क्षेत्रों की निगरानी तथा सामुदायिक पुलिसिंग को सुढ़ करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि जिले में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। तत्पश्चात आयोजित पुलिस सभा में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके प्रभावी समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## खबरें खास-खास

### विधायक ने यूपी के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से की मुलाकात

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह उतर प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से लखनऊमे उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान बड़हरा विधायक द्वारा अंगवस्त्र, गुलदस्ता से स्वतंत्रदेव सिंह को सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत विधानसभा चुनाव मे भोजपुर जिला के प्रभारी के रुप मे उतरप्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने सभी सीटो पर अपनी रणनीति से एनडीए को जीत दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विधायक श्री सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए उनसे पुनः आरा आने का निमंत्रण दिया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह द्वारा श्री सिंह एवं उनकी टीम का स्वागत किया गया। उन्होने भी बड़हरा विधायक को अंगवस्त्र एवं भगवान श्रीष्ण की मोंमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ टीम के सभी सदस्यो को अंगवस्त्र से भी सम्मानित किया गया। बड़हरा विधायक के साथ भूपेन्द्र सिंह, संजय कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह, संजीव कुमार, अमन कुमार, रौंविश कुमार आदि लोग शामिल थे।


विधायक ने यूपी के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से की मुलाकात।

### राष्ट्रहित में कार्य व सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें बच्चे : सुषमा साहू

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पीएम नरेंद्र मोदी के 12 वर्षो के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डा पीसी निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में भव्य आरती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं सामूहिक आरती के साथ हुआ। संस्थान के सचिव सत्यप्रकाश एवं निदेशक डा. विकास कुमार ने भाजपा प्रदेश मंत्री सुषमा साहू, भाजपा जिलाशध्यक्ष दुर्गराज तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष विभू जैन को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। भाजपा प्रदेश मंत्री सुषमा साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षो के कार्यकाल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व एवं जन कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से भारत को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। विभू जैन ने युवाओं से प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक डा. विकास कुमार ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर देश एवं समाज के विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी। धन्यवाद ज्ञापन सचिव सत्यप्रकाश ने की। अवसर पर संस्थान के वैभव, दुर्गावती,अर्पिता, रोहित, अरिहंत, आशा, शांभवी, रुचि, रिचा, अंजलि, आकाश, राहुल एवं छात्र-छात्राओं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहें।


पीएम नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह का आयोजन।

### एनडीए कार्यकर्ताओं के सम्मान में कार्यक्रम लोक गीतों से गूंजा समारोह स्थल

#### नशामुक्ति और सामाजिक समरसता का आह्वान

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** एनडीए कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित भव्य सम्मान समारोह में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योजना एवं विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू ने मंत्री को वीर कुंवर सिंह का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। समारोह स्थल पूरी तरह से खचाखच भरा था। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एंबुलेंस और डक्टर की एक विशेष टीम मौके पर मौजूद रही। कार्यक्रम में आने वाले सुविधा के लिए भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने के लिए विशेष संस्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें लोक गायक बबीता सागर और कंचन सिंह ने शानदार सांस्तिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गायिका बबीता सागर द्वारा मंत्री के स्वागत में गाए विशेष गीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से नशामुक्ति को जीवन का संकल्प बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शराब और नशाखोरी से दूरी बनाना समाज के लिए अनिवार्य है। साथ ही, उन्होंने जातिवाद के जहर को मिटाने और भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया। मंत्री ने घोषणा की कि आगामी दो वर्ष चार महीने का समय संगठन को धरातल पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहेगा।


मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में पेंशन का डीबीटी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा विडियों कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान छः सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी सभागार, आरा में किया गया। इस अवसर पर भोजपुर जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से आच्छादित 2, 51, 047 लाभुकों के खातों में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। जिले के लाभुकों को प्रति लाभार्थी 1100 की दर से पेंशन राशि उपलब्ध कराई गई। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी भोजपुर ने उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित छह प्रमुख सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा लाभुकों से योजनाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पेंशन राशि में वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन लाभुकों के जीवनयापन में अधिक सहूलियत होगी तथा उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग), सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### मानिकपुर थाना में लंबित कांडों की समीक्षा, त्वरित निष्पादन का दिया गया निर्देश

**कुर्था (एसएनबी)।** कुर्था पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार के द्वारा मंगलवार को मानिकपुर थाना में लंबित कांडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय सहित सभी अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की प्रगति की विस्तार से जांच की गई तथा संबंधित अनुसंधानकताओं को कांडों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए। बैठक में अनुसंधानकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच करने तथा कांडों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।



बैठक करते पुलिस निरीक्षक।

### 14 महादलित परिवारों को जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर कुर्था अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

**कुर्था (एसएनबी)।** प्रखंड के चिरारी बिगहा गांव के 14 महादलित परिवारों ने वासगीत पर्चा की जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को कुर्था अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 में उन्हें भूमि बंदोबस्ती का परवाना (वासगीत पर्चा) मिल चुका है, लेकिन 13 वर्षों बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया है। महादलित परिवारों का कहना है कि उन्होंने कई बार अंचल कार्यालय में आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि अंचल प्रशासन द्वारा ऑनलाइन नापी कराने की सलाह दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर ऑनलाइन आवेदन भी कराया। इसके बावजूद नापी कार्य शुरू नहीं किया गया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार अंचल नाजिर मुकेश कुमार ने उन्हें दो माह बाद नापी कराने की बात कही है, जिससे वे खुद को लगातार उपेक्षित और परेशान महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर भाकपा-माले के जिला कमिटी सदस्य एवं पूर्व मुखिया अवधेश यादव ने कहा कि संघर्ष के बल पर ही गरीबों को जमीन का अधिकार मिला है और आगे भी संघर्ष जारी रखकर चिरारी बिगहा के महादलित परिवारों को उनकी जमीन पर दखल-कब्जा दिलाया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित एक स्मारपत्र कुर्था अंचलाधिकारी निलेश वर्मा को सौंपा तथा शीघ्र कार्रवाई की मांग की। महादलित परिवारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।



प्रदर्शन करते लोग।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किंजर सूर्य मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व हवन

**कुर्था (एनएसबी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किंजर स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में करपी उत्तरी मंडल अध्यक्ष भरत यादव के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अरवल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए ईश्वर से प्रार्थना की व प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



पूजा अर्चना में शामिल लोग।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी ऐपवा : मीना तिवारी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) द्वारा बुधवार को जहानाबाद के बैरागी बाग स्थित धनों देवी नर्सिंग मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मीना तिवारी तथा ऐपवा की राज्य सचिव अनीता सिन्हा ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज भी महिलाओं के खिलाफ विभिन्न प्रकार के अन्याय और भेदभाव जारी हैं तथा महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और संगठित होने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, महिला सुरक्षा, सामाजिक समानता तथा गरीब परिवारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए महिलाओं से गांव-गांव और शहर के मोहल्लों में संगठित होकर जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संगठन ही महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सम्मेलन में जहानाबाद की शिक्षाविद रेनू सिन्हा ने ऐपवा एवं भाकपा (माले) की सदस्यता ग्रहण की तथा महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाकपा (माले) के जिला सचिव विजय कुमार, राज्य कमेटी सदस्य रविन्द्र कुमार, रामाधार सिंह सहित पार्टी एवं ऐपवा के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन का संचालन ऐपवा की जिला संयोजिका रेणु देवी ने किया। सम्मेलन के अंत में महिलाओं को शिक्षित, संगठित एवं अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

# डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में भेजी गई 9 करोड़ से अधिक की राशि

**अरवल (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा दिनांक 10 जून, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत राज्य के सभी पेंशनधारियों के लिए माह मई, 2026 की पेंशन राशि का डीबीटी माध्यम से अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को आर्थिक सहायता एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है, ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवनयापन का अवसर प्राप्त हो सके। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अमृषा बैस की अध्यक्षता में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। साथ हीं सभी प्रखंड मुख्यालयों तथा सभी ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया एवं लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। अरवल जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के कुल 77.413 लाभार्थी आच्छादित हैं, जिनमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना रू 39,855 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना रू 19,046 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना रु 5,282 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना रू 3,696 लाभार्थी, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना रू 7,673 लाभार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना 1.861 लाभार्थी। माह मई, 2026 के लिए प्रति लाभार्थी 1,100 की दर से कुल 9,10,04,300 (नौ करोड दस लाख चार हजार तीन सौ रुपये) की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनधारी लाभार्थी उपस्थित रहे।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लेते पदाधिकारी।

## 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन पेयजल सेवा शिविर का हुआ समापन




शिविर में पेयजल पिलाते बच्चे।

**अरवल (एसएनबी)।** भीषण गर्मी और लू के बीच आम जनमानस को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारत स्काउट और गाइड, जिला अरवल द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में आयोजित 12 दिवसीय ह्यग्रीष्मकालीन पेयजल सेवा शिविरह्न का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह शिविर 30 मई से 10 जून 2026 तक लगातार संचालित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि भारत स्काउट और गाइड का मूल उद्देश्य सेवा है। उन्होंने कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच स्काउट एवं गाइड कैडेटों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ यात्रियों की प्यास बुझाने का कार्य किया। यह सेवा न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिविर के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बस स्टैंड से गुजरने वाले यात्रियों, राहगीरों एवं दुकानदारों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट्स एवं गाइड्स ने बारी-बारी से अपनी सेवाएं देकर अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अलावा शिविर में लोगों को भीषण गर्मी से बचाव एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने शिविर में सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्काउट्स एवं गाइड्स की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की। इस अवसर पर कैडेटों ने भविष्य में भी समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। समापन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्काउट-गाइड के वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्काउट कैडेट रोशन राज, प्रियांशु कुमार, आनंद कुमार, राज रतन, चंदन कुमार तथा गाइड कैडेट अनु कुमारी, शिंपू कुमारी, सलोनी कुमारी एवं मंसू कुमारी मौजूद थीं। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर का विधिवत समापन किया गया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जहानाबाद एवं मखदुमपुर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम

**जहानाबाद (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जहानाबाद एवं मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रार्थना कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु तथा विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई।

जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गौरक्षणी मंदिर ठाकुरबारी में नगर



कोर्ट मंडल अध्यक्ष अमृत वर्मा की अध्यक्षता में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। वहीं मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के काको दक्षिणी मंडल स्थित सूर्य मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में राष्ट्र की समृद्धि, जनकल्याण, सुशासन, सामाजिक समरसता तथा भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प की सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की गई। उपस्थित कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने विकसित भारत के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया। जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ जिला महामंत्री अनिल ठाकुर एवं अमरेंद्र कुमार, जहानाबाद विधानसभा प्रभारी कृष्णकांत कुमार, विधानसभा संयोजक ब्रजेश कुमार, सर्वेश वर्मा, महेंद्र कुमार, गणेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं आदित्य पांडेय, मंडल पदाधिकारी मुन्ना कुमार, राखी केसरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और अग्रणी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक आकांक्षा है। इसी भावना के साथ कार्यकताओं ने राष्ट्रहित, जनसेवा और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की उन्नति, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन तथा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सामूहिक संकल्प और प्रार्थना के साथ हुआ।

## डीएम ने की सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा

**अरवल (एनएसबी)** विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की प्रगति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में चल रहे सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में और अधिक तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के कुल 312 राजस्व ग्रामों में ग्राम सीमा सत्यापन एवं किस्तवार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इनमें से 303 राजस्व ग्रामों में खानापुरी कार्य पूर्ण हो चुका है। शिविरों के माध्यम से 253 राजस्व ग्रामों में प्रपत्र-06 लॉक किया गया है तथा 248 राजस्व ग्रामों में एलपीएम वितरित किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 205 राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र-12) किया गया है। वहीं 124 राजस्व ग्रामों में प्रपत्र-18 (क) के तहत लगान निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है तथा 97 राजस्व ग्रामों का अंतिम प्रकाशन संपन्न हो चुका है। अंचलवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वेक्षण कार्यों की गुणवत्ता, अभिलेखों के संधारण एवं आमजन से प्राप्त आपत्तियों के निष्पादन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है तथा भूमि अभिलेखों को अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में अपर समाहर्ता, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के साथ अमीन एवं अन्य उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का ल 12 वर्ष पूरा होने पर किया पूजा अर्चना

**अरवल (एनएसबी)।** पीएम नरेन्द्र मोदी के स्वर्णिम कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मधुश्रवा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अरवल विधानसभा क्षेत्र के मेहंदिया स्थित प्राचीन मंदिर मधुश्रवा में बाबा मधेश्वर नाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर अरवल विधायक मनोज कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने समस्त कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्र के निरंतर विकास की कामना की। मंदिर में विशेष पूजा के दौरान उन्होंने देश की समृद्धि और विकास के लिए भी प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज कुमार ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विशिष्ट नागरिकों से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन, विकास, विश्वास एवं जनकल्याण को समर्पित कार्यों की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 12 वर्षों में देश को नई दिशा और नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले ऐसे प्रधान सेवक हैं, जिन्होंने लगातार 12 वर्षों तक देशवासियों की सेवा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।ह्न प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। आज भारत की आवाज दुनिया भर में सुनी जा रही है और देश आर्थिक, सामरिक तथा तकनीकी क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहा है।ह्न उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, कृषि, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचा है, जिससे देश में विकास एवं विश्वास का नया वातावरण बना है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि ह्यपीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसानों के उत्थान, युवाओं के रोजगार और आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। हवन में देश की सुख-समृद्धि, प्रधानमंत्री की लंबी आयु तथा भारत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वैदिक परंपराओं के अनुसार ब्राह्मणों द्वारा विधिवत हवन-पूजन कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, जिला मंत्री नितिश पासवान, जय साहू, जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चून्नू नंदन, धनंजय कुमार, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, बृजेन्द्र सिंह, विक्की दूबे पूर्व जिलाध्यक्ष अजय पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



पूजा अर्चना करते विधायक।

## सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन को लेकर जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ह्सबका सम्मान-जीवन आसानह्व अभियान के तहत आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा, राजस्व, कृषि, पशुपालन, परिवहन, श्रम संसाधन, आपूर्ति एवं नगर विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की गुणवत्ता का आकलन किया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदनों का निष्पादन केवल औपचारिकता न होकर स्थल सत्यापन एवं पात्रता जांच के आधार पर किया जाए, ताकि आवेदकों को वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा तकनीकी कारणों से प्रभावित आवेदनों में भी पात्रता जांच कर आवेदकों को जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन पर की गई कार्रवाई की सूचना अनिवार्य रूप से देने पर बल दिया। जिला पदाधिकारी ने नाला सफाई, जलजमाव एवं पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए तथा सहयोग पोर्टल एवं शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

